महानगर नई दिल्ली गुरुवार 8 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (18 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

सुषमा को नम आंखों से दी गई विदाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त

बुधवार को देश की पूर्व विदेश मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज का अंतिम संस्कार लोदी रोड स्थित शमशान घाट पर किया गया। मंगलवार देर रात अचानक दिल का दौरा पड़ने के बाद उनका निधन हो गया था। उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष अमित शाह, पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी समेत कई जानी मानी हस्तियां पहुंचीं। वहीं दिल्ली सरकार ने सुषमा स्वराज के निधन पर दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

67 वर्षीय सुषमा स्वराज का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। जहां उनकी बेटी बांसुरी स्वराज ने सुषमा स्वराज को मुखाग्नि दी। इस दौरान बांसुरी के पिता स्वराज कौशल भी मौजूद थे। सुषमा स्वराज को अंतिम विदाई देने वालों का तांता सुबह से ही उनके जंतर मंतर स्थित बाकी पेज 8 पर

यह क्षति मेरा व्यक्तिगत नुकसान है। सुषमा जी ने देश के लिए जो काम किया है, उन्हें उन कामों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार व समर्थकों के साथ है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सुषमा उस वक्त चली गईं, जब उन्हें अभी सार्वजनिक जीवन में रहकर देश के लिए और योगदान देना था। उन्होंने जो भी पद संभाला उस पर साहस, प्रतिबद्धता, समर्पण और योग्यता का परिचय दिया। वह बहुत ही मिलनसार थीं।
- सोनिया गांधी, कांग्रेस

वरिष्ठ पार्टी नेता सुषमा स्वराज का निधन भाजपा एवं भारतीय राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।
-अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष एवं गृह मंत्री

सुषमा स्वराज की बेटी को ढांढस बंधाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

भावुक हुए मोदी और आडवाणी

भाजपा नेता सुषमा स्वराज को अंतिम विदाई देने पहुंचे नेता अपने वरिष्ठ सहयोगी को खोकर भावुक दिखाई दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप राष्ट्रपति वैंकेया नायडू और लालकृष्ण आडवाणी खुद को नहीं रोक पाए और भावुक हो गए। लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि सुषमा स्वराज बीते सालों में कभी भी उनके जन्म दिवस पर चॉकलेट केक लाना नहीं भूली। उन्होंने कहा कि वे एक होनहार नेता थी जिन्हें उन्होंने अपनी टीम में शामिल किया था। पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि देने पहुंचे एमडीएच मसाले के मालिक महाशय धर्मपाल भी भावुक हो गए और काफी देर तक सुषमा स्वराज के पार्थिव शरीर के पास बैठे रहे।

सुप्रीम कोर्ट में राम लला विराजमान की ओर से पक्षकार के परासरन ने कहा

श्रद्धालुओं की अटूट आस्था राम जन्मभूमि होने का सबूत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार 'राम लला विराजमान' की ओर से बुधवार को दलील दी गई कि श्रद्धालुओं की अटूट आस्था ही अयोध्या में विवादित स्थल के राम की जन्म भूमि होने का सबूत है।

प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष 'राम लला विराजमान' की ओर से पूर्व अटार्नी जनरल के परासरन ने कहा कि राम जन्मभूमि खुद ही मूर्ति का आदर्श बन चुकी है और यह हिंदुओं की उपासना का प्रयोजन है। इससे पहले अदालत ने इस विवाद में सुनवाई के दौरान निर्मोही अखाड़े से जानना चाहा कि विवादित स्थल पर अपना कब्जा साबित करने के लिए क्या उसके पास कोई राजस्व रिकार्ड और मौखिक साक्ष्य है।

अदालत ने इस विवाद में सुनवाई के दौरान निर्मोही अखाड़े से जानना चाहा कि विवादित स्थल पर अपना कब्जा साबित करने के लिए क्या उसके पास कोई राजस्व रिकार्ड और मौखिक साक्ष्य है।

परासरन ने संविधान पीठ से सवाल किया कि इतनी सदियों बाद भगवान राम के जन्म स्थल का सबूत कैसे पेश किया जा सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर सुनवाई कर रहे संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एसए बोबडे, न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

परासरन ने पीठ से कहा- वाल्मीकि रामायण में तीन स्थानों पर इस बात का जिक्र है कि अयोध्या में भगवान राम का जन्म हुआ था। उन्होंने कहा, इतनी सदियों के बाद हम यह कैसे साबित कर सकते हैं कि इसी स्थान पर भगवान राम का जन्म हुआ था। इस पर पीठ ने उनसे सवाल किया कि क्या इस तरह के किसी धार्मिक व्यक्तित्व के जन्म के बारे में पहले कभी किसी अदालत में इस बाकी पेज 8 पर

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म

राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की घोषणा की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने की घोषणा की है। संसद के दोनों सदन में इससे संबंधित संकल्प पारित होने के बाद राष्ट्रपति ने यह घोषणा की।

आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया, 'भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के खंड 1 के साथ पठित अनुच्छेद 370 के खंड 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राष्ट्रपति संसद की सिफारिश पर यह घोषणा करते हैं कि छह अगस्त 2019 से उक्त अनुच्छेद के सभी खंड लागू नहीं होंगे...सिवाय खंड 1 के।' आधिकारिक अधिसूचना के साथ ही जम्मू कश्मीर में केंद्रीय कानून लागू हो गया। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि संविधान के बाकी पेज 8 पर

जम्मू-कश्मीर में अब नया केंद्रीय कानून

राज्य में 500 से ज्यादा हिरासत में

जनसत्ता ब्यूरो
श्रीनगर, 7 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने के केंद्र के फैसले के बाद से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत 500 से ज्यादा राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है।

इधर, रजौरी जिले में पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन भी गोलाबारी की। बुधवार को देर रात 10:15 पर पाकिस्तान ने रजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में मोर्टार और छोटे हथियारों से बाकी पेज 8 पर

डोभाल ने कश्मीर का दौरा किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने आतंकवाद प्रभावित दक्षिण कश्मीर का बुधवार को तूफानी दौरा किया और स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद कश्मीर पहुंचे डोभाल विश्वास बहाली कदम के तहत घाटी में स्थानीय लोगों बाकी पेज 8 पर

बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ राजनयिक संबंध घटाए

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

अनुच्छेद 370 खत्म करने के भारत सरकार के फैसले से बौखलाए पाकिस्तान ने बुधवार को भारत के साथ राजनयिक संबंधों का दर्जा घटाने (डाउनग्रेड) का एलान किया। पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया है। इस्लामाबाद में भारत के उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने ट्वीट कर जानकारी दी कि पाकिस्तान विदेश विभाग ने उन्हें भारत लौटने के लिए कहा है। साथ ही, तकनीकी तौर पर भारत स्थित अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने का फैसला किया है। फिलहाल भारत में पाकिस्तान का कोई उच्चायुक्त नहीं है। वह इसी महीने नई दिल्ली में उच्चायुक्त को भेजने वाला था, लेकिन अब नहीं भेजेगा।

अजय बिसारिया

अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया, भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया को जाने को कहा

भारतीय विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के इस कदम पर कोई प्रतिक्रिया नहीं जताई है। बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) की बैठक बुलाई थी, जिसमें ये फैसले हुए। बैठक के बाद पाकिस्तान बाकी पेज 8 पर

नीतिगत दर 0.35 फीसद घटाई, मकान, वाहन कर्ज होगा सस्ता

मुंबई, 7 अगस्त (भाषा)।

रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था की धीमी पड़ती चाल को गति देने के लिए बुधवार को उम्मीद के अनुरूप कदम उठाते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.35 फीसद की कटौती कर दी। यह लगातार चौथा मौका है जब रेपो दर में कमी की गई है। इस कटौती के बाद रेपो दर 5.40 फीसद रह गई।

लगातार चौथी बार नीतिगत दर में कटौती से बैंक कर्ज सस्ता होने और आवास, वाहन कर्ज की मासिक किस्तें (ईएमआइ) कम होने के साथ साथ कंपनियों के लिए कर्ज सस्ता होने की उम्मीद है। इसी सप्ताह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक में बैंकों ने आरबीआइ द्वारा नीतिगत दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

रेपो दर वह दर होती है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकाल के लिए नकदी उपलब्ध कराता है। रेपो दर में इस कटौती के बाद रिजर्व बैंक की रिवर्स रेपो दर भी कम होकर 5.15 फीसद, सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) दर और बैंक दर घटकर 5.65 फीसद रह गई। रेपो दर में यह कटौती सामान्य तौर पर होने वाली कटौती से हटकर है। आम तौर पर आरबीआइ रेपो दर में 0.25 फीसद या 0.50 फीसद की कटौती करता रहा है, लेकिन इस बार उसने बाकी पेज 8 पर

आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रेपो दर में 0.35 फीसद की कटौती कोई अप्रत्याशित नहीं है, यह कटौती संतुलित है। 0.25 फीसद की कटौती अपर्याप्त मानी जा रही थी जबकि 0.50 फीसद की कटौती अधिक होती। इसीलिए एमपीसी ने संतुलित रुख अपनाते हुए 0.35 फीसद कटौती की है।

उन्नाव बलात्कार कांड : सीबीआइ ने कहा

आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप उन्नाव बलात्कार कांड मामले में रोजाना के आधार पर सुनवाई कर रही दिल्ली की अदालत में जांच एजंसी सीबीआइ ने बुधवार को कहा कि पीड़िता के आरोप बिलकुल सही हैं। उसके साथ बलात्कार हुआ और जांच में इसकी पुष्टि हुई है।

इस बीच एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती उन्नाव सामूहिक बलात्कार कांड पीड़िता की हालत बुधवार को भी नाजुक बनी रही। उसे जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। फिलहाल विभिन्न क्षेत्रों के डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। जिला न्यायाधीश धर्मेश शर्मा की अदालत में

अदालत में जांच एजंसी सीबीआइ ने बुधवार को कहा कि पीड़िता के आरोप बिलकुल सही हैं।

सीबीआइ ने जांच के आधार पर कहा कि 4 जून 2017 को उसके साथ विधायक कुलदीप सेंगर ने अपनी सहयोगी शशि सिंह के साथ साजिश कर सामूहिक बलात्कार किया था। बकौल सीबीआइ उन्होंने जांच में पाया कि पीड़िता के आरोप बिल्कुल सही हैं। मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। पीड़िता और उसकी मां ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 और 164 के तहत बयान दिया है। अपराध का दिन, समय, जगह की जानकारी सभी दस्तावेज में मौजूद है। नाबालिग पीड़िता के साथ रात 8 बजे बलात्कार हुआ था। इसकी जानकारी पीड़िता बाकी पेज 8 पर

राजधानी एक्सप्रेस में छात्रा से छेड़छाड़, टीटी निलंबित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

दिल्ली-रांची राजधानी एक्सप्रेस में एक छात्रा से कथित छेड़छाड़ की शिकायत के बाद बुधवार को एक टीटी को निलंबित कर दिया गया। वहीं एक वेटर को भी ड्यूटी से हटा दिया गया है। रेल कर्मचारियों पर छात्रा को नशीला पदार्थ देने का आरोप है।

पीड़ित छात्रा की एक परिचित ने मंगलवार देर रात ट्वीट करके मामले की जानकारी दी थी। उसने लिखा था, 'पैंट्री स्टाफ और टीटी ने मिलकर उसके (छात्र) साथ बदसलूकी करने की कोशिश की। उसे नशीली आइसक्रीम दी गई। क्या रेलवे बिना किसी प्राथमिकी के आरोपी स्टाफ के खिलाफ कोई कदम उठाएगा या फिर वे (दोषी) ऐसे ही आजाद घूमेंगे और अन्य यात्रियों को परेशान करेंगे।'

रेल कर्मचारियों पर छात्रा को नशीला पदार्थ देने का आरोप।

उसने आगे लिखा, 'पीड़िता एक छात्र है और उसे डर है कि कानूनी झंझट में फंसने के बाद वह सामान्य जीवन नहीं जी पाएगी।' उसने बाकी पेज 8 पर

पाकिस्तान ने माना, आतंक के वित्तपोषण का दोषी सईद

लाहौर, 7 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने बुधवार को अदालत में मुंबई आतंकवादी हमलों के सरगना और जमात-उद-दावा प्रमुख हाफिज सईद को आतंकवाद के वित्तपोषण का दोषी माना है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी सईद पर अमेरिका बाकी पेज 8 पर

दरअसल

सुषमा स्वराज ने बदल दी जिनकी जिंदगी — ममतामयी छवि — अमिट यादें हैं हामिद, जैनब, गीता, कंचन और सोनू की

अपनी 'मां' को यूं याद कर रहे हैं वे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

कद्दावर नेता और कुशल वक्ता होने के साथ ही सुषमा स्वराज को अपने सहज-सरल स्वभाव के लिए भी जाना जाता रहा। जब वे विदेश मंत्री थीं, उन्होंने देश-विदेश में फंसे लोगों की मदद करने के लिए प्रोटोकॉल की परवाह नहीं की। उनकी ममतामयी छवि बनी। अपने विदेश मंत्री के कार्यकाल में उन्होंने कई ऐसे काम किए, जिसने लोगों के दिलों को छू लिया। कभी पासपोर्ट में दिक्कत को हल करना तो तो कभी विदेशों में फंसे भारतीयों को छुड़ाना।

अक्सर ऐसे मामलों में सुषमा व्यक्तिगत तौर पर मदद के लिए आगे आ जाती थीं। पाकिस्तान की जेल से छूटकर आए हामिद अंसारी से लेकर सऊदी अरब में बंधक बना दी गईं

जैनब-बी तक आंखों में आंसू लिए याद कर रहे हैं अपनी 'दूसरी मां' को।

हामिद और जैनब अकेले नही है, जो पूर्व विदेश मंत्री के निधन को व्यक्तिगत नुकसान मान रहे हैं। पाकिस्तान से करीब चार साल पहले भारत लौटी मूक-बधिर गीता ने इशारों में बुधवार को कहा कि उसने अपनी अभिभावक को खो दिया है। गलती से सीमा लांघने के कारण गीता करीब 20 साल पहले पाकिस्तान पहुंच गई थी। गीता को करीब 20 साल पहले पाकिस्तान रेंजर्स ने लाहौर रेलवे स्टेशन पर समझौता एक्सप्रेस में अकेले बैठा हुआ पाया था। मूक-बधिर लड़की की उम्र उस समय कथित तौर पर सात या आठ साल की थी।

छह साल तक पाकिस्तान की जेल में बिता कर पिछले साल दिसंबर में ही भारत लौटे अंसारी नम आंखों से सुषमा स्वराज को याद करते हैं। वे कहते हैं कि अपनी 'दूसरी मां' से वंचित हो गए। ऑनलाइन दोस्त बनी एक लड़की से मिलने के लिए अफगानिस्तान के रास्ते पाकिस्तान गए हामिद निहाल अंसारी (36) को वहां जासूसी के आरोप में छह साल तक जेल में रहना पड़ा। उन्हें पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने सजा सुनाई थी। इस बीच मामला केंद्रीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के पास पहुंचा, जिन्होंने पाकिस्तान के सामने इस मुद्दे को उठाया।

तमाम कोशिशों के बाद दोनों ही मुल्कों के कई लोगों ने मिलकर कोर्ट के सामने यह साबित किया कि हामिद पाकिस्तान में अवैध तरीके से जरूर दाखिल हुआ है, लेकिन वह जासूस नहीं है। हामिद कहते हैं, 'सुषमाजी की कोशिशों से ही मैं घर लौट सका। जब मुझे वाघा-अटारी सीमा पर भारत को सौंपा गया और बाकी पेज 8 पर

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, Vivek Kumar Bairva S/o Ganga Ram R/o 9/65, Dakshin Puri, Dr. Ambedkar Nagar, Delhi-110062 have changed my name to Vivek Kumar. 0070668825-1

I, Vipan Kumar Chopra S/o Raj Pal Chopra R/o-122/4-H Gali.No.2, Shankar Nagar, Krishna Nagar, Delhi-110051,have changed my name to Vipan Chopra.,for all purposes. 0040506768-7

I, Vinita D/o Nanak Chand Mittal W/o Maheep Kumar Jindal R/o-A-3/203, 2nd-Floor, Chanderpriya-Aptt., Sector-8, Rohini, Delhi-110085.,have changed my name to Vinita Jindal. 0040506751-6

I, Vineet Kumar, S/o Viveka Nand Singh, R/o-B1-401, Orris Car Nation-Residency, Sikanderpur, Sector-85, Gurgaon (Haryana),have changed my name to Vineet Singh. 0040506768-9

I, Vijay S/o Prem Chand R/o-79/12, Near-Jain Sathank, Ganaur-Mandi, Ganaur, Sonipat, Haryana, have changed my name to Vijay Kumar Permanently. 0040506788-5

I, Vijay Gupta s/o Prem Chand R/o-79/12, Near-Jain Sathank, Ganaur-Mandi, Ganaur, Sonipat, Haryana,have changed my name to Vijay Kumar Permanently. 0040506788-6

I, Vashundhra Solanki D/o Chain Singh Solanki R/o.H.No.36,Vivanta Residences,Matiala Ext.,Delhi-110059 have changed my name to Vasundhra Solanki permanently. 0040506709-1

I, Tarun Kumar S/O, Raj Kumar Garg R/o 36-37, First Floor, Street No. 14, Indra Park, Chander Nagar, Som Bazaar, Dr. Chattwal Street Delhi-51, have changed my name to Tarun Garg for all purposes. 0040506728-1

I, Tarun Kumar Chhabra S/o Sh. Kishan Chand, R/o 1459-B, 2nd Floor, Rani Bagh, Shakurbasti, Delhi-110034, have changed my minor son's name from Anirudh Chhabra to Erish Chhabra for all future purposes. 0040506685-1

I, Subal Debnath S/O, Hari Dass R/o 866, Block B, Transit Camp, Govindpuri, Kalkaji, New Delhi -110019, have changed my name to Subodh Kumar for all purposes. 0040506759-1

I, Sonu S/o Satish Kumar R/o K-2/28, Krishan-Vihar, Delhi-110086, have changed my name to Sajan for all purposes. 0040506768-10

I, Shri Bhagwan @ Shri Bhagwan Yadav S/o Sh. kundan Lal Yadav R/o H.no.66, Village & Post Office Bhalswa, Delhi- 33 have changed to my name Shri Bhagwan Yadav for all Purposes 0040506824-2

I,Vimala Devi W/o Late Sh.Hari Kishan R/o-H.No.29-D,Pocket-J,Sheikh Sarai-II,New Delhi-17,have changed my name to Vimla Devi for all,future purposes. 0040506812-1

I, Shrey Jain S/o Jeneshwar Dass Jain R/o M-5, Shastri Nagar, Delhi-110052. Informs that in my Class 12th Certificate & Marksheet my father's name was wrongly mentioned as Jeneshwar Dass Jain instead of correct name Jaineshwar Dass Jain. 0040506712-1

I, Shongoi Wanbe D.O.B.-26.02.1984 W/o Asif Iqbal R/o C-19/1 2nd-Floor Hindon Vihar Sec-49 Noida changed my name to Sana Iqbal. 0040506851-9

I, Seema W/o Anil Kumar Sharma R/o-14-D Pocket-B, DDA-Flat, West-Gorakhpark, New-Jafrabad, Shahdara Delhi-32,have changed my name to Seema Kashyap for all purposes 0040506768-5

I, Sanju Bala D/o Basant Kumar, W/o Sudhanshu Mann, R/o D2 - 2601, Cleo County, Sector - 121, Noida, U.P - 201301 have changed my name to Sanju Mann. 0070668815-1

I, Sanjeev Kumar Goel S/o Sh. Dharam Pal Goel R/o G-187, Prashant Vihar, Delhi-85, have changed my name to Sanjeev Goel for all purposes. 0040506724-1

I Anil/Anil S. S/O Sidram Namdev Gaikwad R/O-23/38, Old-Rajinder-Nagar, Near-Gangaram Hospital, New Delhi-110060.Have Changed my Name to Anil Sidram Gaikwad. 0040506788-8

I Ajeet s/o Balwinder R/o-Rz-24/21 Gail no 11 vashishth park west sagar pur Delhi- 46 have to change my name Ajeet Singh for legal future purposes. 0040506751-7

I Adya W/O Himanshu Diwan R/O Flat.No-27, Park-View-Apts PlotNo-16 Sec-12 Dwarka New Delhi-110075 Have Changed My Name To Adya Angurala 0040506851-1

Harikanth Singh S/o Raghuveer Singh Gurjar R/o-I-1207 AVJ Height Zeta-1,Greater Noida,U.P., I have change my name Harikanth Singh Gurjar for all Purposes. 0040506709-5

व्यक्तिगत

I, Sada Brij Singh S/o Yamuna Patel R/o 65/A Gali No.16 Prem Vihar Nangli Dairy Najafgarh Delhi-110043. changed my name to Sada Brij Patel. 0040506851-6

I, Randip Randhawa S/o Surender Singh R/o-D-18-A, Street-05, Mahavir Enclave, Palam, New Delhi-45 have changed my name to Randeep Singh. 0040506751-3

I, Rakesh/Rakesh Kumar/ Rakesh Bansal S/O Panna Lal Bansal R/O-T-25/2, Galino.2, Shivaji-Nagar, Narela, Delhi-110040. Changed my Name to Rakesh Kumar Bansal. 0040506751-8

I, Preeti W/o Ajay Kumar R/o D-40, Defence Colony, Bhopura, Shahibabad, Ghaziabad, UP-201005, have changed my name to Preeti Verma for all future purposes. 0040506725-1

I, Pratima Ganguli W/o Amitabh Ganguli R/o A-19, Sector-39, Noida (U.P.) have changed my name to Pamela Ganguli for all future purposes. 0040506758-1

I, Partibha D/o Ramesh Chander R/o Rohna (23) Tehsil Kharkhoda District Sonipat Haryana-131402 have changed my name to Pratibha for all purposes 0070668822-1

I, Pankaj Kapoor D/o Kamal Kishore Kapoor W/o Deepak Mehra R/o-F-14/1-B, Krishna Nagar, Delhi-110051,have changed my name to Prerna Mehra, for all purposes 0040506768-6

I, Pabitra Kumar Halder S/O-Susen Haldar Addresh-G-12/402 Near-Suding Ranj Sangam Vihar New Delhi 110080, changed My Name To Pabitra Halder. 0040506851-3

I, No.14661844A Sep Thakor Ranjit Kumar Babuji,Serving at- 505 ABW, inform that in my service records,my Son & Daughter's names are wrongly mentioned as Nirbhay & Rachna Ben. Their correct Names are Thakor Nirbhay Kumar Ranjitji & Thakor Rachnaben Ranjitji which may be amended accordingly. 0040506736-1

I, No.14661844A SEP Thakor Ranjit Kumar Babuji, Serving at- 505 ABW, inform that in my service records, my Wife's Name/DOB is wrongly mentioned as Chandrika Ben/05.01.1987. Her correct Name/DOB is Thakor Chandrikaben Ranjitji/ 05.01.1985 which may be amended accordingly. 0040506733-1

I, Niranjan alias Niranjana alias B. Niranjan Naik S/o Shri Bhoja Subba Naik R/o E-117, GF, E-Block, Greater Kailash-I, New Delhi-110048, have changed my name to Niranjan Naik for all purposes. 0040506716-1

I, Nira Sahni W/o Satish Kumar Sahni R/o E-130, Sector-11, Faridabad, Haryana-121006. have changed my name to Neera Sahni. 0040506788-4

I, Neha D/O Mata Baksa Singh R/O Flat No.838, Pkt-6, Sector-2, Rohini, Delhi-110085. Changed My Name To Neha Singh. 0040506751-9

I, Monica Kumar W/o Nitin Kumar R/o-8079, B-11, VasantKunj, New Delhi-110070. have changed my name to Monica Agarwal. 0040506788-1

I, Mohammed Muzahid S/o Mohd Shahid R/o-1161,Rakab Ganj,Behind Delite Cinema, Delhi-110002 have changed my Name to Mohd Mujahid 0040506709-3

I, Mehak Bansal D/o Ravinder Bansal R/o-B-3/87, Paschim Vihar, New Delhi-110063 have changed my name to Mahak Bansal permanently. 0040506751-5

I, Lovenika Verma W/o Manish Khurana R/o-B3A-315, Janakpuri, Delhi-110058.have changed my name to Lovenika Khurana permanently. 0040506851-5

I, Loveleet Baigra S/o Mahesh Chander Baigra R/o-1/10101, A-6 Gali No-3L Shahdara Delhi-110032. Have Changed My Name To Loveneet Baigra. 0040506751-10

I, Lila Adhikari W/o Late Kali Das Acharya, R/o K-1/13, C.R. Park, New Delhi-110019, have changed my name from Lila Adhikari to Lila Acharya, for all purposes. 0040506723-1

I, Kushal Kumar Sayal S/o Suresh Kumar Sayal R/o-3/147, Subhash Nagar, New Delhi-110027 have changed my name to Kushal Kumar. 0040506751-2

I, Krishna Kumar Sangeetha W/o Chandra Shekaran Krishna Kumar R/o,K-34/C, F/F, Kailash Colony, N.Delhi-110048,have changed my name to Sangeeta Krishna Kumar. 0040506751-4

I, Bhavana Arora W/O Girish Lamba R/O-A-1, Khyala-Dda Colony, Delhi-18, Have Changed My Name To Bhawna Lamba. 0040506768-2

I Gireesh Sehgal S/O Madan Lal Sehgal R/O-Flat.No-163, Plot.No-65, Surya kiran Apartments IP.Extn Laxmi-Nagar Delhi-110092 changed my Name to Girish Sehgal. 0040506851-4

I Darshana D/O, Murti Devi R/o H-16/120 Tank Road Karol Bagh ND-5 have changed my name to Darshana Sharma for all purposes. 0040506818-2

मैं सतीश कुमार सुपुत्र श्री श्याम लाल जैन पता- 1239 A/86, शान्ति नगर, त्रि नगर, दिल्ली- 110035 ने अपना नाम सतीश कुमार से बदलकर सतीश कुमार जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I, Jamaluddeen S/o Basir Khan R/o C-96/1, Gali No.5, Shastri Park, Delhi-110053, have changed my name to Jamaluddin for all purposes. 0040506677-1

I, Indu Kholiya W/o Sh. Surender Singh Kholiya R/o 29, Sheesmahal Damuadunga, Devi Mandir Canal Road, Ward No.6, Haldwani, Nainital, Kathgodam, Uttarakhand-263126, have changed my name to Indra Devi My LIC Policy No 240468988. 0040506730-1

I, Hemant Kumar Maurya S/o Bhudev Maurya R/o G-5/35-36, Ground Floor, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Hemant Maurya. 0040506768-1

I, Gurucharan Singh S/o Late Makhan Singh R/o 28, Kirari Suleman Nagar, Indra Enclave, Phase-2, Nithari, North-West Delhi-110086, have changed my name from Guru Charan Singh Gill to Gurucharan Singh for all future purposes. 0040506679-1

I, Divya Jayaswal W/o Sh. Prashant Aggarwal R/o Flat No. 136, Samrat Ashoka CGHS Ltd, Plot No. 6, Sector-18A, Dwarka, New Delhi-110075, have changed my name from Divya Jayaswal to Divya Aggarwal for all future purposes. 0040506681-1

I, Dipak Kumar Jha S/o Mithilesh Jha R/o- D-75, Pandav Nagar, Mandawali-Fazalpur, Delhi-110092. changed my name to Deepak Kumar Jha. 0040506788-2

I, Deepak Kumar S/O, Ramvir Saraswat R/o M 138 Sector-12 Pratap Vihar, Ghaziabad-201009, have changed my name to Deepak Kumar Saraswat for all purposes. 0040506753-1

I, Chinu Singh D/o Baldev Singh, W/o Prateek Mann, R/o D2 - 2601, Cleo County, Sector - 121, Noida, U.P - 201301 have changed my name to Chinu Singh Mann. 0070668813-1

I, Bandana Devi W/O Ajay Singh Pathania R/O F-11-D, Mig-Flats, Hari-Nagar, New Delhi-110064. Changed My Name To Vandana Katoch Pathania. 0040506788-10

I, Ashwarya Sahni S/o Satish Kumar Sahni R/o-E-130, Sector-11, Faridabad, Haryana-121006.have changed my name to Aishwarya Sahni. 0040506788-3

I, Ashok Kumar S/o Harphool Sharma, R/o RZ-1123 A/1, Gali No.14/6, Sadh Nagar, Palam Colony, New Delhi-110045 have changed my name to Ashok Kumar Sharma for all purposes. 0040506708-1

I, Anjali Kapoor D/o Raj Kumar Kapoor R/o D2 - 2601, Cleo County, Sector - 121, Noida, U.P - 201301have changed my name to Anjali Mann. 0070668811-1

I, Anil Kumar S/o Gian Chand Vij Residence-22/4B Tilak Nagar New Delhi. have changed my name to Anil Kumar Vij. 0040506768-4

I, Anchal Jain S/o Alok Kumar Jain R/o E-50,Sector-21,Noida-201301, have changed my minor daughter's name from Daanyah Kaur Chhatwal to Daanyah Kaur Jain-Chhatwal. 0050152896-1

I, Anant Sharma S/o, Ashutosh Gautam R/o F-9 Brahma Apartments, Sector-7, Plot No.-7, Dwarka, ND-75 have changed my name to Anant Ashutosh Sharma for all purposes. 0040506818-1

I, Anand Kumar S/o Ram Singh R/o.H.No.562, P.P.Colony, Vill.-Baprola,Najafgarh, Delhi-43,have changed my name to Anand parmanently. 0040506709-2

I, Amarjit Kour Bahri S/O-Bhupinder Singh Bahri R/O-wz-134, Ram Nagar, Tilak-Nagar, Delhi-18 Have Changed My Name To Amar Jit Kaur. 0040506851-2

I, Amar Jeet S/o Gurdeep Singh R/o A-29, S/F, Block-A, Chandranagar, Ghaziabad, U.P.-201011 have changed my name to Amarjeet Singh. 0040506751-1

I, Alexander S/O Peshawari Afzal R/O-231/7, Chelmsford, PaharGanj, New Delhi-110055. Changed My Name To Alexander Afzal. 0040506788-11

I, Ajay Kumar S/O Sansar Chand Katoch. R/O-F-11-D, Mig Flats, Hari-Nagar, New Delhi-110064., Changed My Name To Ajay Kumar Katoch. 0040506788-9

I Yam Bahardur Rakas S/O Purna Bahadur R/O 30, Vasant-Marg, Vasant-Vihar-1, Delhi-110057, Have Changed my Name to Yam Bahadur Rakas. 0040506768-8

I Parmod s/o Bharat Singh R/o Flat no-E-603, BPTP-society, sector-37D, Gurgaon. have changed my name to Parmod Lohchab. 0040506768-3

I Apurv Yadav S/O Dharmender Yadav R/O RZ-44A/2A, Gali-No-5, Main Sagarpur, Delhi-110046 Have Changed my Name to Apurv. 0040506788-7

व्यक्तिगत

मैं अर्चना चावला पत्नी श्री संजीव चावला, निवासी- एमएमएस-2/271, सेक्टर-सी, सीतापुर रोड योजना, जानकीपुरम, लखनऊ बयान करती हूँ कि मैंने अपना नाम 'सचदेवा अर्चना देवेन्द्र नाथ' से बदलकर 'अर्चना चावला' रख लिया है। भविष्य में मुझे 'अर्चना चावला' के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

मैं रेनू रावत पत्नी जितेन्द्र सिंह रावत, निवासी-खसरा नं. 104ख, ग्राम बरखुरदारपुर, डिपो कुर्सी रोड, लखनऊ बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम 'रेनू बिष्ट' से बदलकर 'रेनू रावत' रख लिया है। भविष्य में मुझे 'रेनू रावत' के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद तिल्मीज़ आरिफ का नाम परिवर्तित कर अब तिल्मीज आरिफ सिद्दीकी रख दिया है। उसे अब इसी नाम से जाना पहचाना जायेगा। मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी पहिया आजमपुर काकोरी हरदोई रोड लखनऊ

It is for general information that I, Sanjeev Kumar Arora S/o Shri P. L. Arora residing at F-16, Old Double Storey, Nirmal Puri, Lajpat Nagar-IV, New Delhi - 110 024, declare that name of mine has been wrongly written as SANJEEV ARORA in my minor daughter, name Sonalika Arora, age 16 years in her educational documents (10th Mark Sheet & 10th Certificate) as well as school records. The actual name of mine is SANJEEV KUMAR ARORA respectively which may be amended accordingly.
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

खोया+पाया

I, Sanjana D/o Laxman R/o H.no-105 block-h sunder-nagar nagri Delhi-93 have lost my original certificate class-10th year-2007 Rollno-6319076 CBSE Delhi 0040506803-8

Lost My Original Marksheets & Certificates Of Class-10th Roll No-85008, Year-1979 and 12th Roll.No-333282, Year-1982, from CBSE, Delhi Finder May Contact-Nirjal Kaur:8448745755. 0040506803-10

My original CBSE qualifying secondary examination roll-no.8179767, year.2015, senior-secondary examination roll-no.2607500, year-2017, certificates/marksheet, Addhar card, have been lost. Gurusha Sharma D/o Kamal Sharma, A3/323, Paschim-Vihar New Delhi-63. 0040506803-9

I, Gian Kumar Singharia would like to inform the general public that I have misplaced my original Sale Deed & Agreement doc of Flat No.B-218, Ashiana-Gardens, Village-Khanpur, Tehsil-Tijara, Alwar,Rajasthan.If anyone finds it,kindly contact-9999220926 within 10-days from the date-of issue of this Ad. 0040506851-8

I, Aneesh Gupta S/o Amit Gupta R/o-D-4 Krishna Nagar Delhi-110051, lost my Class X-Pass Certificate Year-2018 Roll No.8254394 CBSE, Delhi. 0040506803-7

Lost my original 12th class Migration Certificate Roll.No.9198512, Year-2019,from CBSE.Finder pls contact: Kunal S/o Parmod Kumar H.No.8A, Dhobi Basti,Hari Nagar,Ashram,New Delhi-110014. 0040506812-3

LOST & FOUND

I, Sudeep Sengupta S/o Sailen Sengupta R/o U.D. 04-0406 Udita, 1050/1, Survey Park, Santoshpur, Kolkata, West Bengal-700075, have lost 6 payment receipts bearing Nos. (1) CG-2/CRB/00462/0311 Dt. 29/03/2011 for Rs 925039/- (2) CG-2/CRB/00051/0113 Dt. 14/01/2013 for Rs.925173/- (3) CG-2/CRB/ 00013/0513 Dt. 01/05/2013 for Rs.990000/- (4) CG-2/CRB/00162/0913 Dt. 30/09/2013 for Rs.120039/- (5) CG-2/CRB/00163/0913 Dt. 30/09/2013 for Rs.900000/- and (6) CG-2/CRB/00027/1213 Dt. 04/12/2013 for Rs.11760/- in respect of Flat No CGT-141, Phase II, DLF Capital Greens, 15, Shivaji Marg, New Delhi-110015

Lost Original Property Documents of Plot No.2, Sector-143A, Noida, Dist. Gautam Budh Nagar, belonging to Dhoomketu Builders and Developers Pvt. Ltd., New Delhi. Finder will be suitably rewarded. Contact: P.N. Joshi 9899756660

रिक्त स्थान

मर्चेन्ट कम्पनी में भर्ती
योग्यता-10वीं/12वीं/ग्रेजुएट छात्र
आयु-17-25 वर्ष वेतनमान-25000-45000 अन्य सुविधाएं
sanskaadmndpt@gmail.com
09783613311

PUBLIC NOTICE

Be it known to everyone that my clients Shri Naresh Bansal and Smt. Kanta Bansal both R/o. A-101, Lok Vihar, Pitampura, New Delhi -110034, have severed all their relations & ties with their son Manish Bansal and his wife Shivangi Bansal and disowned/ debarred and disentitled them from their all movable and immovable properties as they are out of their sayings and control. Anybody dealing with them shall be doing so at his/her own risk and my clients shall incur no liability for the same.
CHAKIT SINGHAL-ADVOCATE
1327, Lawyers Chamber Block, Rohini Court Complex, Delhi -110085

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरे मुवक्किला श्रीमति विमल पत्नी स्व. श्रीराम निवासी 5008, पन्नाला मार्किट, पोस्ट ऑफिस साउथ, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055 ने अपने पुत्र रघुनन्दन एवं इसकी पत्नी हिना, को अपनी हर चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने समस्त रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं क्योंकि ये मेरी मुवक्किला के आज्ञाकारी नहीं रहे हैं और उनका व्यवहार मेरी मुवक्किला एवं उनके परिवार के प्रति ठीक नहीं है। मेरी मुवक्किला को उनसे खतरा है। अतः भविष्य में ये अपने समस्त कार्यों व लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी मुवक्किला व उनके अन्य परिवारजनों का कोई लेना-देना नहीं होगा।
BIRENDRA KUMAR YADAV - ADVOCATE
24/18, St. 6, Jharoda Mazra, Part-III, Delhi -110084

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I Rajbeer Singh S/o Late Sh. Kehar Singh residing at 569/2, Balmiki Basti, Maidan Garhi, D.J.B Tubewell, New Delhi-110068 declare that name of mine/my father has been wrongly written as Buddha/Kehari in my Properties Paper and in other Documents. The Actual name of mine/my father are Rajbeer Singh/Kehar Singh respectively, which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that my clients Smt. Lata Goel W/o Sh. Vinod Goel And Sh. Vinod Goel S/o Late Sh. R.D. Goel, Both R/o WZ-41-A, Lane No.1, Lajwanti Garden, New Delhi-110046 hereby sever all their relations from their son namely Amit Goel and debarred him of their all movable & immovable properties forever. Any person dealing with deberred son shall be doing so at his/her own risk & responsibility, in future my clients will not be responsible for his any acts and deeds.
PRAVEEN RASTOGI (Adv.)
D-244/06
S/o R.C. RASTOGI
RZ-97, Khushi Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi-59. Mob. No. 9810988643

PUBLIC NOTICE

Public Notice is hereby given that my clients Smt. Kamlesh W/o Late Shri Ram Sawroop R/o House No. 1/39, Kunwar Singh Nagar, Ranhola, Delhi-110041. That my client disown his son namely Shri Neeraj S/o Late Shri Ram Sawroop R/o H.No. 1/39, Kunwar Singh Nagar Ranhola, Delhi-110041, aged 33 and daughter-in-law Smt. Chaman Dal Alias Sunita W/o Shri Neeraj 1/39, Kunwar Singh Nagar, Ranhola, Delhi-110041 aged about 31 years, from his all immovable and moveable properties because they are living separately at unknown place without consent of my client and out of control of my client and pick quarrel with my client on account on petty issues. That anybody will deal with son and daughter-in-law of my client is future own risks & consequently and my client shall not liable for any work and liability towards them. My client severed all relation with his son & daughter-in-law through this Public Notice.
JAI INDER-ADVOCATE
Ch. No. 426, Lawyer Chamber Block, District Court, Rohini, Delhi -

PUBLIC NOTICE

MY CLIENTS NIRMLA DEVI W/O LATE BHOOP SINGH SAINI, PINKY AND PRIYA DAUGHTER OF LATE BHOOP SINGH SAINI R/O H.NO.-D-88, LAXMI PARK, NANGLOI, DELHI-110041 HEREBY REMOVE THEIR RELATIONSHIP WITH HEMANT SAINI (AGED 28 YRS) S/O LATE BHOOP SINGH SAINI AND ALSO EXPEL HIM FROM HIS MOTHER'S MOVEABLE AND IMMOVEABLE PROPERTIES BECAUSE HE IS OUT OF THEIR CONTROL, IF ANYBODY DEALS WITH HIM, HE/SHE WILL DO SO ON HIS/HER OWN RISK.
Sd/-
VIJAY LAXMI (ADVOCATE)
OFFICE : 113, CLJ
LAWYER CHAMBERS
TIS-HAZARI, DELHI-54

PUBLIC NOTICE

General public is hereby cautioned, that property bearing address No. 12/62, Nehru Nagar, New Delhi-110062, (First Floor to Top Floor) is not for sale and any person dealing with any person entering into any transaction for sale, purchase etc, shall be doing so at his/her own cost and consequences.
Sh. Parvinder Pal Singh Balla
S/o Krishan Gopal Bhalla
Through Advocate
Mr. RISHI PAL
Ch. No.653, Saket Court, New Delhi-17

PUBLIC NOTICE

Be known that my client NARESH S/O OM PRAKASH & LAKSHMI W/O NARESH both R/o L-191, J.J. COLONY, WAZIRPUR, DELHI-52, have disowned and severed all their relations with their son AJAY S/O NARESH and debarred from their movable and immovable properties/ assets due to his misbehavior. If any person, organization, institution dealing with him in civil and criminal matter shall be doing at his/her/their own risk, cost and responsibility, for that my client shall not be responsible in any manner whatsoever
Sd/-
DINESH KUMAR (Advocate)
Office No. 5, G.F. DDA Market
RU Block, Pitampura Delhi-34

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I Rajkumar S/o Som Prakash R/o BH-136,East Shalimar Bagh, Delhi-88 Allottee/Purchaser of Plot No. BH-136, East Shalimar Bagh, Delhi-88 has applied for conversion of the aforesaid Plot from Lease hold to Freehold in DDA. The original documents DDA Demand Letter, Possession Letter D-Form issued by DDA of above said Plot has been Lost. An FIR on this effect has been lodged vide LR No.1186435/2019 dated 25/06/2019
Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/ contact with the above named person at above Address/ Phone No. 9810526262 within 15 days from the date of Publication of this Notice or Write to Dy. Director (LAB) Residential, C-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi-110023

PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mrs. Krishna Kumari acquired the property i.e Plot No. 629/13, Gali No. 17, Situated at Vaka Pratap Nagar Chhanni Gurgaon, Gurgaon, vide Sale Deed dated 27.04.1995 and Sale Deed dated 04.02.1960 executed by Mrs Shanti Devi and Mrs. Savitri Devi in favour of Mr. Somnath is lost and Mrs. Krishna Kumari is the undisputed owner of said property till date. OR Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
AJAY GIRI-ADVOCATES
H.No. 12, Basement, Vikram Vihar Extn., Lajpat Nagar-4, New Delhi-24

PUBLIC NOTICE

My client RAMESHWAR S/O GYANI RAM R/o A-182, Dr. Ambedkar Basti, Sec-1, R.K. Puram, New Delhi-110022, do hereby severe all his relations and debar his son DEEPAK KUMAR from all his movable & immovable properties due to his disobedience and cruel nature. My client shall not be responsible for any of his son's acts.
Sd/-
ASHOK KUMAR SHARMA (Advocate)
Reg. No. D193A/1981

PUBLIC NOTICE

The Public at large is hereby made aware and cautioned that my client Mr. S.S. Khosla S/o Late O.S. Khosla, C/o- 819 W.E.A., Karol Bagh, New Delhi- 110005 has a subsisting legal lien on 2/3rd Undivided share of built-up property bearing No. 11B/2, measuring 1000 Sq. Yds., situated at main Pusa Road, New Delhi (hereinafter the Said Property) by virtue of Various agreements since February 2017 and consequent physical Possession of Garage Block and Two Bedroom with attached bathrooms, kitchen and appurtenant passages located therein within the said property by virtue of Receipt cum Possession Letter dated 13/05/2017 as also the 24 hour unhindered right of ingress and egress, both so signed and executed by four (namely Mr. Devashish Roy Chaudhury, Smt. Nibedita Chatterjee, Ms. Tapti Ghosh and Mr. Partha Dhiraj Sinha Bose) out of six undivided Co-owners. Anybody dealing with the Said Property or any portion thereof shall do so at his own and sole risk in cost and consequences.
SANJAY K DEWAN-ADVOCATE
Ch. No. 886, Dwarka District Courts, Sector-10, Dwarka, New Delhi -75

सुषमा को सुनना पसंद करते थे लोग

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जब 90 के दशक में भाजपा को सत्ता में लाने की कवायद में जुटे थे तब अपनी अद्भुत वाकपटुता और आम लोगों से सहज घुलमिल जाने के कौशल की बदौलत सुषमा स्वराज पार्टी में सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक के रूप में उभर कर सामने आईं। 90 के दशक और 2000 के प्रारंभ में चुनाव प्रचार में उनकी सबसे अधिक मांग रहती थी। खासतौर पर हिंदी पट्टी के इलाके में पार्टी के शीर्ष नेताओं में सुषमा स्वराज को उनकी संतुलित, आक्रामक और बेहद सधी भाषा में विषयों को रखने तथा 'भारतीय नारी' के रूप में उनकी छवि के कारण लोग सबसे अधिक सुनना पसंद करते थे। आडवाणी के साथ खड़ी नजर आने वाली सुषमा लोगों के बीच अपने व्यापक प्रभाव के कारण राजनीति में आगे बढ़ती चली गईं। इसका ही परिणाम था कि वह चार बार लोकसभा के लिए चुनी गईं।

वह दक्षिण दिल्ली से दो बार लोकसभा के लिए चुनी गईं। साल 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 13 दिनों की सरकार और 1998 में दोबारा सरकार बनने पर वह सूचना व प्रसारण मंत्री बनीं। सुषमा स्वराज का सबसे प्रसिद्ध चुनावी मुकाबला 1999 में सामने आया जब वह बेल्लारी से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा की उम्मीदवार बनीं। कुछ महीनों के लिए वह दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रहीं और पार्टी ने उन्हें चुनाव में दिल्ली में भाजपा को दोबारा सत्ता में वापसी कराने का दायित्व सौंपा था। हालांकि, कम समय मिलने के कारण वह ऐसा चमत्कार नहीं कर सकीं।

साल 1999 में सोनिया गांधी के खिलाफ चुनावी मुकाबले में भाजपा ने सुषमा स्वराज को भारतीय नारी के प्रतीक और सोनिया गांधी को विदेशी बहू के रूप में पेश किया था। तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव जीतने में सफल रहीं लेकिन सुषमा स्वराज बेल्लारी सीट पर खासा प्रभाव छोड़ने में सफल रहीं। सुषमा स्वराज को 3.58 लाख वोट मिले जबकि सोनिया गांधी को 4.14 लाख वोट प्राप्त हुए थे। भाजपा के सत्ता में आने के बाद उनका कद बढ़ता गया। भाजपा के सत्ता से बाहर होने पर वाजपेयी ने सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया।

...जब सुषमा ने अचानक कहा था, मैंने अगला चुनाव नहीं लड़ने का मन बना लिया है

इंदौर, 7 अगस्त (भाषा)।

वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज ने करीब नौ महीने पहले ही यह घोषणा कर सियासी गहमागहमी बढ़ा दी थी कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। मध्यप्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रचार के लिये यहां पहुंचीं तत्कालीन विदेश मंत्री ने यह घोषणा शहर के एक होटल में 20 नवंबर 2018 को प्रेस कांफ्रेंस में की थी। इस दौरान उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा था, वैसे तो मेरी चुनावी उम्मीदवारी तय करने का अधिकार मेरी पार्टी के पास है, लेकिन स्वास्थ्य कारणों से मैंने अपना मन बना लिया है कि मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी।

सर्वजानिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्री ओमवीर सिंह पुत्र श्री तिलक राम व श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री ओमवीर सिंह निवासी:- मकान नं०:-30, गली नं०-1, एफ-ब्लॉक, दयालपुर, दिल्ली-94 ने अपनी पुत्री आंचल को उसके दुर्व्यवहार व गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके किसी भी गलत कार्य के लिये मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होगें।
Ashish Kumar Upadhyay (Advocate)
Off.: E-223, Main Road Khajuri Khas, Delhi-110094

PUBLIC NOTICE

My clients Sh. Keshav Pahadiya S/o Sh. Bandavan and Smt. Raj Kumari W/o Sh. Keshav Pahadiya both R/o A-165, Nihal Vihar, Nangloi, Delhi-110041 do hereby disowned/ Bedakhal their son Parvin and his wife Smt. Kirti as they are not under control of my clients and my clients have debarred and disowned them from all their moveable and immovable properties and my clients have also severed all their relations with them. Anybody transacting/dealing with them in respect of anything future in doing that on his/her own risk. My clients shall not be responsible for the same in any manner whatsoever.
A.R. Nasir (Advocate)

PUBLIC NOTICE

"It is to inform to the public at large that Mr. Mr. Ashok Chawla along with his parents Mr. Om Prakash Chawla and Mrs. Sushil Chawla acquired the property i.e Flat No. G-1, on Ground Floor, HIG, on Plot No. B-88, Kaushambi, Ghaziabad, vide Sale Deed dt. 22.01.2003. Further Mr. Om Prakash Chawla and Mrs. Sushil Chawla w/o Mr. Om Prakash Chawla died intestate Leaving their son Mr. Ashok Chawla as their sole survivors and now Mr. Ashok Chawla is the undisputed owner of said property till date. OR Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 15 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
AJAY GIRI-ADVOCATES
H.No. 12, Basement, Vikram Vihar Extn., Lajpat Nagar-4, New Delhi-24

PUBLIC NOTICE

It is for the general public information that my client Om Prakash Wadhwa S/o Late Sh Ram Ditta Ram Wadhwa and his wife Smt. Krishna Wadhwa both R/o B-20-A, Old DDA Flats, Paschimpuri, New Delhi-110063, have debarred, disowned and severed all their relationships with their son namely Vijay Kumar Wadhwa and his wife Renu Wadhwa and their legal heirs from all their movable and immovable properties either self-acquired or ancestral situated in India due to their misconduct, fraud, disobedience, violent, irresponsible misbehavior and attitude. If any person dealing with them in any manner, they shall do so at their own risk and responsibility and my client will not be responsible in future for their acts.
Arun Satija, Advocate
Ch. No. 361, Patiala House Courts, New Delhi-110001

PUBLIC NOTICE

TAKE NOTICE THAT Mr.Surendra Kumar and Mr Raj Kumar, both sons of Shri Nanak Chand and both residing at M-139, Shastri Nagar, Delhi, have agreed to mortgage to our client IDFC First Bank Ltd, having their Registered office at One Indiabulls Centre, Tower 2A & 2B, 10th Floor, Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West), Mumbai 400013 and Branch office at Bhagwan Sahai Palace, 2nd Floor, Main Road, Naya Bans, Sector 15, Noida (UP),the property more particularly described in the schedule mentioned hereunder written (hereinafter referred to as 'the said property') free from all charges or encumbrances.
All PERSONS claiming any share, interest or right in the said property or any part thereof by way of sale, transfer, assignment, mortgage, charge, lease, license, lien, tenancy, trust, gift, easement, possession, inheritance or otherwise however are hereby required to make the same known to the undersigned in writing, within(14)fourteen days from the date of publication of this notice, with all supporting documents, failing which mortgage over the said property shall be created without reference to all claims if any, and the same shall be deemed to waived/ and or abandoned and will not be binding on our clients.
The schedule above referred to (Detail description of the property) Property bearing No. M-139, area measuring 41.80 sq. mtrs. i.e. 50 sqyds, out of 100 Sq. yds., of portion of Plot No. 139, out of Khasra No. 509, Block M, situated at Village Chowkri Mubarakabad, Delhi State, Delhi, abadi known as Shastri Nagar, Delhi.
Sd/-
Mithlesh Kumar Sharma, Advocate
M/s Intellective Law Offices, A-74, Lower Ground Floor, Defence Colony, New Delhi-110024

संसद में स्वराज के प्रहार से विपक्षियों की बोलती बंद हो जाती थी : महाजन

इंदौर, 7 अगस्त (भाषा)।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने वरिष्ठ भाजपा नेता सुषमा स्वराज को नम आंखों से याद करते हुए बुधवार को कहा कि जब स्वराज संसद में अपने धारदार भाषण से प्रहार करती थीं, तो विपक्षियों की बोलती बंद हो जाती थी। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए महाजन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जब स्वराज संसद में बोलते वक्त विपक्षी दलों पर प्रहार करती थीं, तो ऐसा लगता था कि उन दलों के नेताओं की बोलती बंद हो गई है। उनकी याददाश्त बहुत तेज थी। वह घटनाओं के विवरण को तारीखों के साथ बयां कर मुझे अक्सर चौंका देती थीं। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री की भाषण कला की सराहना करते हुए कहा कि जब स्वराज विदेशों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करती थीं, तो वह भारत की आवाज बन जाती थीं। वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने पुरजोर तरीके से भारत का पक्ष रखती थीं।

स्वराज के साथ बिताए पलों को याद करते हुए महाजन का गला चंद पलों के लिए रुंध गया और उनकी आंखें नम हो गईं। फिर उन्होंने खुद को संभालते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने पर देश के लोग एक तरफ जश्न में डूबे हैं। वहीं दूसरी ओर, स्वराज के निधन से मुझे लग रहा है जैसे मेरे सिर पर पत्थर गिर गया हो। उन्होंने कहा कि स्वराज के निधन से भारत ने एक कर्मठ राजनेता खो दिया।

गंभीर रूप से बीमार होने के बावजूद वह देश और समाज के लिए सक्रिय रहती थीं। भाजपा की 76 वर्षीय नेता ने कहा कि स्वराज मेरी अच्छी सहेली थीं। वह हालांकि मुझसे उम्र में छोटी थीं। लेकिन कर्मठता के लिहाज से वह मुझसे कद में बहुत बड़ी थीं। मैंने राजनीति में उनसे बहुत कुछ सीखा है।

उत्तराखंड में कश्मीरी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा बढ़ाई गई

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 7 अगस्त।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने देहरादून समेत उत्तराखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे कश्मीरी छात्र-छात्राओं की समुचित सुरक्षा के निर्देश राज्य के आला अधिकारियों को दिए हैं। केंद्र सरकार के द्वारा कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने तथा जम्मू कश्मीर और लेह लद्दाख को अलग से केंद्र शासित राज्य बनाने के फैसले का मुख्यमंत्री ने स्वागत करते हुए कहा कि उत्तराखंड के शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत कश्मीरी छात्र-छात्राओं को समुचित सुरक्षा दी जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है।

उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अनिल रतूड़ी ने बताया कि राज्य के उन सभी शिक्षण संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है जिन शिक्षण संस्थानों में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ाई करती हैं। कश्मीरी छात्र-छात्राओं को पुलिस ने भरोसा दिलाया कि वे यहां सुरक्षित है और बिना किसी दबाव के अपनी शिक्षा जारी रखें। रतूड़ी के मुताबिक देहरादून में तीन-चार हजार से ज्यादा कश्मीरी छात्र-छात्राएं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। फिलहाल बकरा ईद के कारण काफी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं ईद मनाने के लिए कश्मीर गए हुए हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य में अलर्ट घोषित किया गया है। राज्य की अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय चेक पोस्टों पर पुलिस फोर्स बढ़ा दी गई है और सघन जांच अभियान चल रहा है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर खास नजर पुलिस रख रही है। देहरादून के विभिन्न सरकारी संस्थानों और केंद्रीय संस्थानों पर भी सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दी गई है। जिन शिक्षण संस्थानों में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं ,उनकी सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है स्थानीय नागरिकों और कश्मीरी छात्र छात्राओं को किसी भी तरह की अफवाहों से सचेत रहने के लिए कहा गया है। पुलिस अपनी पैनी निगाहें बनाए हुए है।

छत्तीसगढ़ : राज्यपाल और मुख्यमंत्री बघेल ने जताया शोक

रायपुर, 7 अगस्त (भाषा)।

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुईया उइके, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने पूर्व विदेश मंत्री और भाजपा की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज के निधन पर शोक जताया है। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल उइके ने पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर गहनशोक व्यक्त किया है। उइके ने कहा है कि सुषमा स्वराज महान नेता, योग्य नेतृत्वकर्ता और प्रखर वक्ता थीं।

राज्यपाल ने अपने संसदीय कार्यकाल को स्मरण करते हुए कहा कि वह मेरे लिए एक गुरु की भांति थी और जब मैं राज्यसभा में पहली बार गई तो उन्होंने बड़ी बहन के रूप में मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया।

दिल्ली के दिल में सर्वप्रिय सुषमा

मनोज मिश्र
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता रहने के बाद केंद्र की सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री से दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के समय सुषमा स्वराज की मीडिया वर्ग में ही छवि बनी थी कि वे मीडिया से सरोकार कम रखने लगी हैं। 12 अक्तूबर 1998 को वे साहिब सिंह वर्मा की जगह पर दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी थीं। उनका प्रेस क्लब में कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद गलियारे में ही यही सवाल उनसे करने पर सुषमा स्वराज ने इसे गलत बताया और दिल्ली के पत्रकारों से नियमित मिलने लगीं। वे महज तीन महीने दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं और दिसंबर के चुनाव में दोबारा भाजपा सरकार न बन पाने पर उन्होंने कुछ दिनों में विधानसभा की सदस्यता छोड़ दी लेकिन काफी समय बाद तक राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारी संभालते हुए जब उनसे आमना-सामना हुआ, उन्होंने नाम लेकर ही बातें कीं। वे दिल्ली की रहने वाली नहीं थीं लेकिन सुप्रीम कोर्ट के वकील के नाते और राजनेता के नाते उनके 67 साल के जीवन का अधिकांश हिस्सा दिल्ली में बीता। ओजस्वी वक्ता और पहनावा , आचरण में भारतीय नारी की प्रतिरूप सुषमा स्वराज सुहागन, मांग में सिंदूर, ललाट पर लाल टीका, गले में मंगलसूत्र और साड़ी पहने इस दुनिया को अलविदा कह गईं।

वे भाजपा की संकट मोचक थीं। हवाला मामले में जैन डायरी में नाम आने के बाद पार्टी के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी के इस्तीफा देने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने फरवरी 1996 में इस्तीफा दे दिया था। उनके स्थान पर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। कुछ ही महीनों में हवाला आरोप साबित न होने पर खुराना फिर से मुख्यमंत्री बनने में लग गए। उन्हें लगता था कि उन्हें

आडवाणी के जैसे ही पार्टी हाथों-हाथ लेगी लेकिन ऐसा न होने पर वे बगावती तेवर अपनाने लगे। साहिब सिंह आसानी से हटने को तैयार न थे। उनका कहना था कि उन्हें पार्टी ने शर्त के साथ मुख्यमंत्री नहीं बनाया था। विवाद इस कदर बढ़ गया कि पार्टी ने उस सरकार के मंत्री डॉ हर्षवर्धन को मुख्यमंत्री बनाने की तैयारी कर ली। हर्षवर्धन का नाम आते ही दोनों ने किसी तीसरे को मुख्यमंत्री बनवाने की सलाह पार्टी नेतृत्व को दी। दक्षिणी दिल्ली से लगातार दूसरी बार सांसद बनीं सुषमा स्वराज तब भारत सरकार की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं। उन्हें 12 अक्तूबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाया गया। साहिब सिंह को मनाने के लिए उनके एक रिश्तेदार को मंत्री बनाया गया, वे इससे भी संतुष्ट नहीं हुए।

10 रुपए किलो प्याज

सुषमा स्वराज के मुख्यमंत्री बनने तक दिल्ली का राजनीतिक माहौल भाजपा के प्रतिकूल हो चुका था। डेंगू महामारी के बाद प्याज की मंहगाई और खराब कानून व्यवस्था भाजपा के लिए सिरदर्द बन चुका था। सुषमा स्वराज नें महंगा प्याज खरीदकर दस रुपए किलो प्याज दिल्ली भर में बिकवाना शुरू किया था। प्याज के लिए दिल्ली में लाइनें लगने लगीं। लोगों का विश्वास कानून-व्यवस्था में कायम रहे इसके लिए वे हर रात खुद पुलिस के साथ गश्त करने लगीं। भाजपा को एकजूट करना और दूसरे मुद्दों पर नियंत्रण बनाए रखना कठिन हो रहा था। मदन लाल खुराना और साहिब सिंह वर्मा की नाराजगी वे आखिर तक दूर नहीं करवा पाई। उन्हें उन दोनों का सहयोग नहीं मिला। चुनाव में उनका मुकाबला दिल्ली में लोकसभा चुनाव हार कर प्रदेश अध्यक्ष बनी शीला दीक्षित से थे। भाजपा के नेता इसी ख्वाब में रहे कि कांग्रेस में तो भाजपा से ज्यादा गुटबाजी है। चुनाव में कांग्रेस को 70 में से 52 सीटें मिलीं। भाजपा की सीटें 15 ही रह गईं। बाद में सुषमा स्वराज ने भी अपनी सीट छोड़ दी, उस हौज खास सीट पर हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस को जीत मिली। सुषमा स्वराज फिर केंद्र की राजनीति में लौट गईं। उन्होंने उसके बाद भले ही दिल्ली से कभी चुनाव नहीं लड़ा लेकिन हर चुनाव में देश से ज्यादा वे दिल्ली में सक्रिय रहीं।

अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहते हुए वे सबसे सक्रिय मंत्रियों में शामिल थीं। नरेंद्र मोदी के अलावा जिन लोगों को भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री का उम्मीदवार माना जा रहा था, उनमें सुषणा स्वराज का नाम भी प्रमुख था। माना जा रहा था कि वाजपेयी के कमजोर रहने से सुषमा का दावा कम मजबूत था बावजूद इसके नरेंद्र मोदी सरकार में विदेश मंत्री रहते हुए उन्होंने अपनी एक अलग छवि बनाई। उनकी ख्याति दुनियाभर में पहुंची। उसी दौरान उनकी किडनी खराब हुई, उसे बदला गया। उन्होंने इस बार चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। फिर भी लोगों को लगता था कि वे दोबारा मोदी सरकार में बतौर मंत्री शामिल होंगी। वे मंगलवार की रात दिल का दौरा पड़ने से कुछ घंटे पहले तक पूरी तरह से सक्रिय थीं। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य का पुनर्गठन करने पर बधाई संदेश भी भेजा था। दिल्ली की न होते हुए भी वे किसी दिल्ली वाले से ज्यादा दिल्ली की थीं और महज तीन महीने दिल्ली की मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने दिल्ली पर एक अमिट छाप छोड़ी। यह भी एक अजीब संयोग बना कि सुषमा स्वराज से दिल्ली की सत्ता पाने वाली शीला दीक्षित का निधन 81 साल की उम्र में इसी 20 जुलाई को हुआ और सुषमा स्वराज 6 अगस्त को स्वर्गवासी हुईं।

फाइल फोटो

दिल्ली में दो दिन का राजकीय शोक

पूर्व विदेश मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज के सम्मान में दिल्ली सरकार ने दो दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन से देश ने एक महान नेता खोया है। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि सुषमा जी काफी जोशपूर्ण और विलक्षण इंसान थी। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। वहीं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया कि दिल्ली सरकार पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता आदरणीय सुषमा स्वराज जी के सम्मान में दो दिवसीय राजकीय शोक रखेगी। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भी स्वराज के निधन पर शोक जताया।

भारत की राजनीति में सूनापन आ गया है : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

प्रदेश के भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने भी दिवंगत पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर गहरा शोक जताया है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद विजय गोयल ने भी दिवंगत पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वराज का मंगलवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने अपने शोक संदेश में कहा कि सुषमा स्वराज अद्वितीय प्रतिभा, सरल व सौम्य स्वभाव की धनी थीं। उनके निधन से भारत की राजनीति में सूनापन आ गया है।

मनोज तिवारी ने कहा-विदेश मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की विदेष नीति को नई उड़ान दी। उनको सदैव एक कुशल वक्ता, मानवीय प्रशासक और धरती से जुड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद विजय गोयल ने अपने संदेश में कहा कि सुषमा स्वराज से उनको राजनीति में बहुत कुछ सीखने को मिला। उनका हृदय विराट था और उसमें जनता का व्यापक स्थान था।

सुषमा स्वराज का निधन राष्ट्र की अपूरणीय क्षति : एबीवीपी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भारत की पूर्व विदेश मंत्री, प्रखर राजनेता और वक्ता सुषमा स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सुषमा स्वराज छात्र जीवन में एबीवीपी की कार्यकर्ता रहीं और 70 के दशक में हुए जेपी आंदोलन में भी सहभागिता की। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने जो अनुभव पाए थे, उसे समय पर सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्त भी किया। बुधवार सुबह सुषमा स्वराज के आवास पर जाकर एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री श्रीनिवास ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

एक सच्चा जनसेवक खो दिया : कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत गोस्वामी और जितेंद्र कुमार कोचर ने भी सुषमा स्वराज के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। कांग्रेस की ओर से तीनों नेताओं ने लोदी रोड श्मशान घाट जाकर स्वराज को श्रद्धांजलि दी।

खास और आम के बीच की दूरी घटाने वालीं नेता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

आज सुषमा स्वराज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपने कामों से अमर हो चुकी हैं। वे एक ऐसी राजनेता थीं, जो किसी का नाम एक बार पूछने के बाद दोबारा उस व्यक्ति को उसके नाम से ही बुलाती थीं। दिल्ली उनके दिल में बसती थी क्योंकि यही वो रास्ता था जहां से सुषमा पहली बार लोकसभा पहुंची थीं। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें 1996 के लोकसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाया था। इस समय उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार कपिल सिब्बल को हराया था। उन्हें 13 दिनों की वाजपेयी सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया गया था। सुषमा के प्रखर व्यक्तित्व, वाकपटुता और लोगों से जुड़ने के उनके अंदाज की वजह से पार्टी ने उन्हें 1998 में एक बार फिर लोकसभा चुनाव में दक्षिणी दिल्ली सीट से उम्मीदवाद बनाया। इस बार उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन को हराया और दूसरी बार लोकसभा पहुंचीं। दूसरी बार भी उन्हें सूचना व प्रसारण मंत्री बनाया गया और इसके साथ ही उन्हें दूरसंचार विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया। यही वह समय था जब उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री भी बनाया गया था।

आम लोगों की शादी के कार्ड में सुषमा का नाम

दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने दिल्ली को प्राथमिकता दी। जितना प्यार वे दिल्ली से करती थीं उतना ही दिल्ली के लोग उनसे करते थे। यही वजह है कि दक्षिणी दिल्ली संसदीय सीट के पश्चिमी इलाके के लोग उनसे इतना प्यार करते थे कि अपने बच्चों की शादी के कार्ड में सुषमा स्वराज का नाम अभिभावक के रूप में लिखवाते थे। सुषमा भी लोगों को निराश नहीं करतीं और ऐसे हर समारोह में जातीं थीं। उनकी यही खूबियां थी जिसकी वजह से दिल्ली के लोग खुद को उनसे जुड़ा हुआ महसूस करते थे। दिल्ली के ऐसे कई इलाके हैं जिनसे सुषमा स्वराज का गहरा नाता रहा। नजफगढ़ स्थित दक्षिणी दिल्ली नगर निगम का जोनल कार्यालय, डाबड़ी फ्लाईओवर, द्वारका में निमार्णाधीन कन्वेंशन सेंटर आदि ऐसे इलाके हैं जिनकी सुषमा स्वराज ने या तो नींव रखी या उद्घाटन किया। उन्होंने किसी न किसी स्तर पर अपना अमूल्य योगदान दिया था।

नमक की अफवाह

सुषमा ने दिल्ली में अक्तूबर 1998 में बतौर मुख्यमंत्री पदभार संभाला था। इस समय राजधानी में एक ओर प्याज का संकट था तो दूसरी ओर नमक के संकट की अफवाह फैल गई। इस अफवाह पर सुषमा ने तुरंत कार्रवाई की और सरकरी मशीनरी को सचेत किया। अफसरों के साथ सरकारी स्टोरों पर दौरा किया और छापेमारी के आदेश दिए। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार के पास नमक पर्याप्त मात्रा में है। दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर भी सुषमा सचेत थीं। उन्होंने इस धारणा को भी तोड़ा कि महिलाएं कमजोर होती हैं। उन्होंने दक्षिणी दिल्ली के एक थाने में आधी रात औचक निरीक्षण कर सबको चौंका दिया। उन्होंने वहां के कर्मचारियों से एसएचओ के बारे में पूछा। कर्मचारियों ने कहा कि वे दौरे पर गए हैं। इस पर सुषमा ने एसएचओ को बुलाने के निर्देश दिए। असल में एसएचओ थाने में ही सो रहे थे। इस मामले में सुषमा ने एसएचओ को फटकार लगाई।

1998 में ही दिसंबर में विधानसभा चुनाव हुए। सुषमा ने हौजखास विधानसभा से चुनाव लड़ा और जीतीं भीं, लेकिन उनकी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इस वजह से कांग्रेस की सरकार बनी और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनाईं गईं। इसके बाद सुषमा ने इस्तीफा दे दिया और वापस केंद्र की राजनीति मे लौट गईं। सुषमा का जाना दिल्ली को बहुत खल रहा है। जिस तरह से सुषमा के दिल में दिल्ली थी उसी तरह दिल्ली के लोगों के दिल में सुषमा थीं।

IIM LUCKNOW
भारतीय प्रबन्ध संस्थान लखनऊ
प्रबन्धन विकास कार्यक्रम

कार्यक्रम का नाम	दिनांक	स्थान
सितंबर 2019		
ग्रामीण और कृषि परियोजनाओं का प्रभाव मूल्यांकन कार्यक्रम निदेशक: प्रो संजीव कपूर	2-6	लखनऊ
कम आय वाले उपभोक्ताओं को विपणन कार्यक्रम निदेशक : प्रो. राजेश के ऐथल	4-7	लखनऊ
कोचिंग और सलाह, प्रभावी नेतृत्व के लिए कार्यक्रम निदेशक : प्रो. पंकज कुमार एवं प्रो.पुष्पेन्द्र प्रियदर्शी	16-18	लखनऊ
निर्णय लेने के लिए वित्त (गैर वित्त अधिकारियों के लिए) कार्यक्रम निदेशक : प्रो. प्रकाश सिंह एवं प्रो. अजय के गर्ग	16-20	नोएडा
विपणन निर्णयों के लिए बिजनेस डेटा एनालिटिक्स कार्यक्रम निदेशक : प्रो. प्रदीप कुमार एवं प्रेम पी देवानी	16-20	लखनऊ
रणनीति सोच और नेतृत्व कार्यक्रम निदेशक : प्रो.नीरज द्विवेदी	18-21	लखनऊ
डिजाइन सोच के माध्यम से बिजनेश इनोवेशन कार्यक्रम निदेशक : प्रो. अनिर्बन चक्रबर्ती	19-21	नोएडा
प्रबंधकीय सफलता के लिए प्रभावी संचार कार्यक्रम निदेशक : प्रो. नौरजा पाण्डे	23-25	नोएडा
प्रभावी अनुबंध श्रम प्रबंधन कार्यक्रम निदेशक : प्रो. डी.एस. सैंगर	23-25	नोएडा
बिक्री नेतृत्व और बिक्री बल प्रेरणा कार्यक्रम निदेशक : प्रो. देवाशीष दास गुप्ता	23-26	लखनऊ
अक्टूबर 2019		
बातचीत और अनुनय कौशल कार्यक्रम निदेशक : प्रो. पुष्पेन्द्र प्रियदर्शनी	21-23	लखनऊ
कॉरपोरेट संचार और छवि निर्माण कार्यक्रम निदेशक : प्रो. नौरजा पाण्डे	21-23	नोएडा

कृपया विजिट करें : http://www.iiml.ac.in/admission/mdp/mdpCalendar
या वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (एमडीपी) को लिखें
भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ
प्रबंध नगर, आईआईएम रोड, लखनऊ - 226013. फोन : 0522-6696282 - 3/8
Email: mdpoffice@iiml.ac.in; mdp@iiml.ac.in

जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.
गृहे पोष्यम् विराजते
निगमित कार्यालय/मुख्यालय : जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि., नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, छठी मंजिल, 14, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई–400 020 टेली.: (022) 22851765/66/67 ई–मेल: corporate@gichf.com वेबसाइट: www.gichfindia. com
दिल्ली क्षेत्र कार्यालय : यूजीएफ– 10ए–ई, कंचनजुंगा बिल्डिंग 18, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001,
टेली: 011–23731669, 23327548, 41522024, ई–मेल: delhi@gichf.com

नीलामी बिक्री के लिए मुहरबंद निविदाओं द्वारा बोलियों को आमत्रंण

चूंकि वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में, जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (जीआईसीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी मौजूदा हस्ताक्षरी ने उक्त सूचनाओं में वर्णित देय राशि का भुगतान करने के लिए उन्हें बुलाने के लिए निम्नलिखित ऋणियों/गिरवीकर्ताओं को मांग सूचना जारी की थी। हालांकि ऋणी/गिरवीकर्ता देय राशि का भुगतान करने में असफल रहे, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और धारा 14 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक कब्जा ले लिया है।

क्र. सं.	फाइल नं.	ऋणी/सह-ऋणी/ गारंटर का नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	भौतिक कब्जा की तिथि	31.08.19 तक कुल बकाया (रुपए में)	आरक्षित मूल्य
1.	UP06606000000050 द्वारका शाखा	यशवीर सिंह चौहान	फ्लैट नं. एफ-5, पहली मंजिल, प्लॉट नं. एफ-18, खसरा नं. 156ए, साई उपवन गांव- यूसुफपुर चक्क्षाबेरी, जिला-जीबी नगर, उ.प्र.-201301	02.02.2018	15.03.2019	1195702/-	949378/-
2.	DL0110610002968 दिल्ली शाखा	अनुराधा चारी	फ्लैट नं. 405, तीसरी मंजिल, खसरा नं. 774/26, टॉवर-ए, रॉयल रेजीडेंसी, हाउस निकेतन डेरा मंडी छत्तरपूर महरौली नई दिल्ली-110047	08.09.2017	03.04.2019	4235344/-	34,88,000/-

उक्त परिसंपत्तियों/संपत्तियों (सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम व शर्तों और इसके अंतर्गत नियमों में) की नीलामी बिक्री के लिए इस सार्वजनिक सूचना के अतिरिक्त, ''जहां है जैसा है के आधार'' और ''जहां है जो है के आधार'' पर उक्त संपत्तियों की खरीद के लिए मुहरबंद कवर/रों में प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नीलामी बिक्री की नियम व शर्तें निम्नानुसार हैं:–

1. उपरोक्त संपत्तियों को उक्त वर्णित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जाएगा।
2. इच्छुक बोलीदाताओं को जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में नई दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा उपरोक्त संबंधित आरक्षित मूल्यों का जमा धरोहर राशि/यों /(ईएमडी) 10 प्रतिशत जमा कराने की आवश्यकता होगी।
3. उक्त जमा को सफल बोलीदाता/ओं के मामले में समायोजित किया जाएगा, अन्यथा वापस किया जाएगा। उक्त जमा धरोहर राशि/यों पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
4. उपरोक्त जमा धरोहर राशि (ईएमडी) के सहित प्रस्ताव(ओं) संपत्ति की खरीद (संपत्ति का विवरण) के लिए मुहरबंद कवर ऊपरलिखित प्रस्ताव/ओं में होने चाहिए और यह नीलामी तिथि अर्थात् 04.09.2019 की एक दिन पहले जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि., यूजीएफ–10 ए–ई, कंचनजुंगा बिल्डिंग 18, बाराखंभा रोड, मेट्रो स्टेशन के सामने, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 के कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए।
5. चूंकि, निविदाओं के खुलने के बाद, इच्छुक बोलीदाता जो आरक्षित मूल्य से कम में नहीं, अपनी बोलिया जमा करा चुका हैं, बोली राशि में वृद्धि करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के स्वयं के निर्णय पर अवसर दिया जाएगा।
6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राप्त प्रस्तावों/निविदाओं को जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि., यूजीएफ–10 ए–ई, कंचनजंग्गा बिल्डिंग 18, बाराखंभा रोड, मेट्रो स्टेशन के सामने, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 में स्थित स्थल पर उपस्थित बोलीदाताओं की उपस्थिति में 05.09.2019 को सुबह 11.00 बजे खोला जाएगा।
7. सफल बोलीदाताओं को बिक्री के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति पर तुरंत पहले से जमा ईएमडी के संयोजन पर बिक्री मूल्य की राशि का 25 प्रतिशत जमा कराना होगा, असफल होने पर जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा। बिक्री मूल्य का 75 प्रतिशत प्राधिकृत अधिकारी के निर्णय पर स्वयं बिक्री के सुनिश्चितीकरण की तिथि से 15 दिनों के भीतर देययोग्य होगा। निर्धारित अवधि के भीतर शेष राशि को जमा करने में असफल होने पर राशि को जब्त कर लिया जाएगा।
8. सफल बोलीदाता को सभी बकाया राशि अर्थात् म्यूनिस्पिल कर, रखरखाव/सोसाइटी शुल्क, बिजली प्रभार, पानी शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क, बिक्री कर (यदि लागू हो), यदि कोई है और बिक्री मूल्य के अतिरिक्त संबंधित संपत्तियों के संबंध में सभी बकाया सहित अन्य आकस्मिक शुल्क, लागत का वहन करना होगा।
9. ऊपर उक्त संपत्तियों की जांच प्राधिकृत अधिकारी की सुविधा अनुसार और अनुरोध पर की जा सकती है।
10. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम या किसी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और उसपर बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।
11. निविदा फॉर्म या अन्य सूचना रु. 100/– केवल के मूल्य पर किसी कार्यदिवस पर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से उपलब्ध कराए/प्राप्त किए जा सकते हैं।

जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
दिनांक: 04.08.2019 हस्ता./–
स्थान: नई दिल्ली (प्राधिकृत अधिकारी)

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	35.5 डि.से.	35.5 डि.से.	32.5 डि.से.	32.5 डि.से.
न्यूनतम	25.6 डि.से.	25.6 डि.से.	25.6 डि.से.	25.6 डि.से.

गायब हुए दो युवकों की शराब पिलाकर की हत्या

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 7 अगस्त।

- चार आरोपी गिरफ्तार, ट्रैक्टर चालक की नौकरी से हटाए जाने की रंजिश के चलते की गई हत्या
- रबूपुरा इलाके के मेहंदीपुर और चंडीगढ़ गांव के बीच जंगल में मिले शव
- दोनों मृतक 31 अगस्त को ट्रैक्टर ट्राली से भूसा बेचने बल्लभगढ़ गए थे

रबूपुरा इलाके से संदिग्ध परिस्थिति में गायब हुए दो युवकों की हत्या शराब पिलाने के बाद नशे की हालत में कर दी गई। दोनों का शव इलाके के मेहंदीपुर व चंडीगढ़ गांव के बीच स्थित जंगल से बरामद किया गया। हत्या के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, हत्या चालक की नौकरी से हटाए जाने की रंजिश के चलते की गई थी। मामले की जांच कर रही थाना रबूपुरा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से वारदात को लेकर अहम सुराग मिला थे।

रबूपुरा इलाके के खेड़ा गांव के रहने वाले नरेश पाल पुत्र रमेश चंद्र और असलम पुत्र जहांगीर निवासी ग्राम तिरथली गत 31 जुलाई को ट्रैक्टर ट्राली से भूसा बेचने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ गए थे। दो अगस्त को उनकी ट्रैक्टर- ट्राली लावारिस हालत में दनकौर इलाके में खड़ी मिली थी। इस मामले पर परिजनों ने तीन अगस्त को गुमशुदगी का मामला थाना रबूपुरा में दर्ज कराया था। युवकों को तलाश करने को लेकर ग्रामीणों ने यमुना एक्सप्रेस वे को जाम भी किया था। परिजनों ने अपहरण की आशंका भी जताई थी। एसएसपी वैभव कृष्ण के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की जांच में घटना के बाबत अहम सुराग मिला। जांच में शफीक निवासी ग्राम धनपुरा, कलुआ ग्राम तिरथली और मेहंदीपुर निवासी सलमान व मुज्जमल का नाम प्रकाश में आया। अहम सुराग मिलने के बाद पुलिस ने चारों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने हत्या की घटना को अंजाम देना मंजूर किया। आरोपियों की निशानदेही पर नरेश पाल और असलम का शव मेहंदीपुर और चंडीगढ़ गांव के बीच के जंगल से बरामद किए गए। साथ ही हत्या में इस्तेमाल हुआ हथियार भी बरामद कर लिया।

पूछताछ में पता चला कि आरोपी शफीक अपने मामा के ग्राम तिरथली में ट्रैक्टर चालक के रूप में नौकरी करता था। उसकी आपराधिक गतिविधियों में संलिपतता पाए जाने पर मामा ने उसे काम से हटा दिया था। उन्होंने शफीक के स्थान पर नरेश को काम पर रख लिया था। इसको लेकर शफीक नरेश से रंजिश रखता था।

शफीक ने अपने दोस्त मुज्जमल, कलुआ और सलमान के सात मिलकर नरेश की हत्या करने की योजना बनाई। योजना के तहत एक अगस्त को जब नरेश और असलम भूसा बेचकर लौट रहे थे, तो चारों उन्हें रास्ते में मिल गए। सभी बल्लभगढ़ के पास ट्रैक्टर ट्राली में सवार हो गए थे। रास्ते में सभी ने मिलकर शराब पी थी। योजना के तहत चारों ने मिलकर नरेश और असलम की हत्या कर दी और शव जंगल में फेंक दिया था।

आइपी में खाली सीटों पर होगी स्पॉट काउंसलिंग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आइपी) विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में बची सीटों के लिए स्पॉट काउंसलिंग के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार आइपी की वेबसाइट के माध्यम से नौ अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर पीके उपमन्यू की ओर से जारी सूचना के मुताबिक स्पॉट काउंसलिंग के दौरान दाखिला ले चुके सभी उम्मीदवार, उम्मीदवार जिन्हें कोई सीट आबंटित नहीं हुई, पहली या दूसरी काउंसलिंग के लिए पंजीकरण नहीं कराने वाले ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने आइपी की प्रवेश परीक्षा या राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा जैसे जेईई, कैट, क्लैट आदि पास की हैं, आवेदन कर सकते हैं।

स्पॉट काउंसलिंग के लिए आवेदन शुल्क के रूप में दो हजार रुपए अदा करने होंगे। इस काउंसलिंग में सीट पाने वाले उम्मीदवारों को 40 हजार रुपए शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा। विश्वविद्यालय जल्द ही स्पॉट काउंसलिंग की तिथियां घोषित करेगा।

जेवर हवाई अड्डे की जमीन नागरिक उड्डयन विभाग को मिली

- प्रशासन और यीडा ने रन्हेरा गांव की 80 हेक्टेअर भूमि पर कब्जा लेकर तारकशी की
- पर्यावरण मंत्रालय की सात आपत्तियां दो महीने के भीतर करना होगा दूर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 7 अगस्त।

जेवर में प्रस्तावित नोएडा ग्रीन फील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (नियाल) के बनने का रास्ता अब पूरी तरह से साफ हो गया है। जिला प्रशासन ने हवाई अड्डे के लिए चिन्हित रन्हेरा गांव की करीब 80 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा लेकर नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के नाम दर्ज करा दिया है। वहीं, हवाई अड्डे को लेकर पर्यावरण, वन और जलवायु पवित्तन मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईपीसी) की लगाई गई सात आपत्तियों को अगले दो महीने में दूर करना होगा।

हवाई अड्डे के लिए जिला प्रशासन को छह गांवों की कुल 1238 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करना है। अभी तक 718.9 हेक्टेयर भूमि के एवज में 1765.4 करोड़ रुपए का मुआवजा बांटा जा चुका है। कब्जा ली हुई जमीन पर खंबे लगाकर तारकशी का काम शुरू किया जा चुका है। हवाई अड्डे के ग्राही के चयन के लिए वैश्विक निविदा (ग्लोबल ई टेंडर) जारी हो चुका है। इसके लिए 30 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। तकनीकी निविदा छह नवंबर और निलामी 29 नवंबर को खोली जाएगी।

उधर, जेवर में बनने वाले हवाई अड्डे को लेकर पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति ने जो सात आपत्तियां लगाई है, उनमें छह हजार पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग से लेनी होगी। इसकी एवज में नियाल 18 हजार पौधे लगाएगी। समिति ने पक्षियों एवं जीवों के संरक्षण के बारे में भी जानकारी मांगी है। जिसके लिए प्राधिकरण अधिकारी नौ अगस्त को देहरादून स्थित भारतीय वन जीव संस्थान जाएंगे और वहां के अधिकारियों से इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। साथ ही नियाल 14 तालाबों को वहीं गांवों के आसपास स्थानांतरित करेगा।

खबरों में शहर

आइएमए ने टाली हड़ताल

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

भारतीय चिकित्सा संघ ने बुधवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) विधेयक के खिलाफ आठ अगस्त को प्रस्तावित अपनी हड़ताल को अगली तारीख तक के लिए टाल दिया है। संघ का कहना है कि उसने यह फैसला केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की ओर से मिले कुछ स्पष्टीकरण और आश्वासनों के बाद उठाया है। आइएमए ने एक बयान में कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर में हालात, पूर्वोत्तर, कर्नाटक, महाराष्ट्र और अन्य हिस्सों में भीषण बाढ़ और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन के मद्देनजर अपनी हड़ताल टाल दी है। डॉक्टरों के निकाय आइएमए ने राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से विधेयक को लेकर सभी आपत्तियां दूर हो जाने तक इसे मंजूरी नहीं देने की अपील की।

थरूर मानहानि मामले पर अदालत का फैसला सुरक्षित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

अदालत ने कांग्रेस नेता शशि थरूर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हवाला कथित तौर पर 'बिछू' कह देने वाली टिप्पणी पर मानहानि और अन्य आरोप तय करने का अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने थरूर के वकील और वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह अब 27 अगस्त को फैसला सुनाएंगे। बुधवार को दलीलों के दौरान थरूर के वकील ने कहा कि यह शिकायत विचार योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता राजीव बब्बर व्यथित पक्ष नहीं हैं क्योंकि यह टिप्पणी उनके खिलाफ नहीं है। अदालत ने सात जून को इस मामले में थरूर को 20,000 रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दी थी।

अब नहीं होगा ऑटो का रोड ट्राई टैस्ट : सरकार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

ऑटो मीटर अपग्रेड कराने के बाद अब चालकों को रोड ट्राई टैस्ट नहीं देना होगा। दिल्ली सरकार ने ऑटो चालकों को राहत देने के लिए यह फैसला लिया है। मामले में पर्यावरण मंत्री इमरान हुसैन ने बताया कि इन परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री ने मंत्रालय को नई व्यवस्था के आदेश दिए थे। उन्होंने बताया कि मीटर में नया किराया अपग्रेड करने के बाद चालकों के लिए यह टैस्ट जरूरी होता था। मीटर अपग्रेड कराने का शुल्क भी दिल्ली सरकार ने अधिकतम 400 रुपए तय किया है।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

हिंदी अकादमी, दिल्ली: कथा-संगोष्ठी, त्रिवेणी सभागार, तानसेन मार्ग, मंडी हाउस, शाम छह बजे।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : सूचना के अधिकार कानून पर चर्चा, सभागार-2, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (एनेक्स), 40-मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

प्रदर्शनी

आइफैक्स : सूरज घई की कला प्रदर्शनी, ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी गैलरी, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से 8 अगस्त तक।

विविध

इंडिया हैबिटाट सेंटर : फिल्म, स्टेन, इंडिया हैबिटाट सेंटर, लोदी रोड, शाम सात बजे।

वामदलों का प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने और राज्य के विभाजन के खिलाफ वामदलों ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) सहित अन्य वामदलों ने मंडी हाउस से संसद मार्ग तक पैदल मार्च किया। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, भाकपा के महासचिव डी राजा, भाकपा के राज्यसभा सदस्य बिनॉय विश्वम, माकपा की वरिष्ठ नेता बृंदा करात सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। राजा ने कहा कि संविधान से अनुच्छेद 370 हटाने और जम्मू कश्मीर का विभाजन कर केंद्रशासित क्षेत्र घोषित करने के सरकार के फैसले से संविधान, लोकतंत्र और संघीय ढांचा कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में वामदलों के आह्वान पर बुधवार को आयोजित किए गए देशव्यापी आंदोलन के तहत दिल्ली में शांति मार्च का आयोजन किया गया।

येचुरी ने कहा कि सरकार ने तीन साल पहले कश्मीर के मामले में कोई भी फैसला करने से पहले सभी पक्षकारों से पर्याप्त विचार-विमर्श करने का वादा किया था, लेकिन अब सरकार ने विचार विमर्श की प्रक्रिया में शामिल होने वाले पक्षकारों को जेल में डाल दिया और समूचे इलाके की संचार सेवाएं ठप कर इसे देश के अन्य इलाकों से अलग कर दिया। येचुरी ने कहा कि यह न सिर्फ संघीय व्यवस्था बल्कि भारत की एकता और अखंडता के लिए चेतावनी है।

आंगनबाड़ी में चलेंगे प्ले स्कूल : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

आंगनबाड़ी केंद्रों को दिल्ली सरकार प्ले स्कूल के तौर पर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को इस शिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके लिए सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्रों को ऑन लाइन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को टैब वितरित किए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया व मुख्य सचिव विजय देव भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक इन केंद्रों को खाना खाने का सेंटर के तौर पर ही जाना जाता था। अब दिल्ली सरकार इन्हें एक प्ले स्कूल की तरह विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि इससे बच्चों को शुरुआत में ही अच्छी शिक्षा मिल सकेगी और दिल्ली के शिक्षा स्तर को और बेहतर किया जा सकेगा। दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि समाज के हर वर्ग को समान शिक्षा मिले। इस दिशा में दिल्ली सरकार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल पहले दिल्ली सरकार ने इन केंद्रों की जांच की थी और कई खामियां पाई थी, जिन्हें दूर करके के लिए वह काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों में कर्मचारियों को वेतन की भी परेशानी थी।

हेरोइन के साथ दो अफगानी नागरिक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 80 लाख रुपए कीमत के छह सौ ग्राम हेरोइन के साथ अफगानिस्तान के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है जबकि मध्य जिला पुलिस ने 15.3 किलो गांजा के साथ आंध्र प्रदेश से लाने वाला एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है।

अपराध शाखा के अधिकारी राजीव रंजन के मुताबिक अफगानिस्तान के नागरिकों मस्जिदी फीरोज और जाबीउल्ला रहिमी को एक सूचना पर गीता कॉलोनी से पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि वे पहले च्यवनप्राश, हिंग मसाला और जड़ी-बूटी बेचते थे। दो साल पहले जबिउल्ला राहिमी से मिलकर अफगानिस्तान से हेरोइन लाकर यहां बेचने लगे। बीते दस सालों से वे इस धंधे में हैं। बरामद हेरोइन की कीमत 80 लाख रुपए आंकी जा रही है।

उधर मध्य जिला पुलिस ने 15.3 किलो गांजा के साथ मनीष ठाकुर नामक नशे के तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे आइपी एस्टेट के महावत खान रोड के पास दबोचा गया। पूछताछ में पता चला कि वह आंध्र प्रदेश से गांजा लाकर दिल्ली में सप्लाई करता था।

नंदनगरी में हुई हत्या में तीन गिरफ्तार

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंदनगरी में अपने 30 साल के पड़ोसी की कथित हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सुमित (29) और राज (22) नंदनगरी के रहने वाले हैं जबकि तीसरा आरोपी अजय त्यागी (31) मोदी नगर का रहने वाला है। पीड़ित की पहचान विकी के रूप में की गई है। ये तीनों सोमवार से फरार थे और उन्हें गाजियाबाद के लोनी से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, तीन से चार लोगों ने विकी को उसके घर के बाहर सोमवार रात को गोली मार दी। उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। विकी के खिलाफ लूट के चार मामले दर्ज थे। इनमें शाहदरा जिले में तीन और नंदनगरी का एक मामला शामिल है। पूछताछ में इन तीनों ने खुलासा किया है कि विकी का सुमित से दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। इससे गुस्साए सुमित ने उसे मार डालने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल चौथा व्यक्ति अभी फरार है।

पोक्सो एक्ट के आरोपी को पकड़ा

दक्षिणी जिला पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी शातिर बदमाश अमरीश को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पोक्सो एक्ट का आरोपी हापुड़ का रहने वाला है। उसके खिलाफ फतेहपुर बेरी थाना में पोक्सो एक्ट का माामला दर्ज है। उसने एक दूधिया को गोली मारकर आठ लाख रुपए लूट लिए थे।

जिला पुलिस उपायुक्त के मुताबिक अमरीश की तलाश के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही थी। एक सूचना पर डासना गाजियाबाद में उसके ठिकाने के बारे में पता चला। पुलिस ने टीम का गठन किया और उसकी तलाश के लिए मेरठ से लेकर गढ़ मुक्तेश्वर तक छापेमारी गई थी।

जाकिर नगर अग्निकांड : कश्मीरी महिला का शव श्रीनगर रवाना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

जाकिर नगर में आग लगने के दौरान चौथी मंजिल से छलांग लगाने वाली कश्मीरी महिला सोहा का शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया। सुबह परिवार शव लेकर फ्लाइट से श्रीनगर रवाना हो गया। दरअसल कश्मीर के मौजूदा हालात के कारण वहां फोन और इंटरनेट सेवा बंद है। ऐसे में सोहा के करीबी को मंगलवार फ्लाइट से श्रीनगर भेजा गया था। उसने ही परिवार को हादसे की सूचना दी। जिसके बाद परिवार दिल्ली पहुंचा और सोहा का शव लेकर रवाना हो गया। उधर हादसे में मृत हुए छठे युवक की बुधवार को पहचान हो गई। मृतक की शिनाख्त वसी-उर-रहमान के रूप में हुई है। पुलिस ने बुधवार के बाकी सभी के पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए।

> आग लगने के दौरान महिला ने चौथी मंजिल से छलांग लगाई थी

दक्षिण-पूर्वी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रहमान परिवार के साथ दूसरी मंजिल पर रहता था। इसके परिवार में पत्नी साइमा व अन्य लोग हैं। हादसे में साइमा भी घायल है। रहमान का शव तीसरी मंजिल की सीढ़ियों पर बुरी तरह जली हुई हालत में मिला था। मंगलवार को उसकी पहचान नहीं हो पा रही थी। बुधवार को रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की। वह कुछ दिनों पूर्व ही इमारत में किराए पर रहने आया था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता था। उधर होली फैमिली अस्पताल में भर्ती कुछ लोगों को बुधवार को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में अभी भी पांच लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। दूसरी ओर बुधवार तड़के एक बार फिर हादसे वाली इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई।

बदमाशों ने कारोबारी पर चलाई गोली, लूटपाट में रहे विफल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

- कारोबारी 35 लाख रुपए नगद लेकर जा रहा था घर
- पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज बदमाशों की तलाश में

केशवपुरम इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक कारोबारी को गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मंगलवार देर रात हुई इस घटना में गोली लगने के बाद घायल कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों का पता लगाया जा सके।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक कारोबारी सुधीर परिवार के साथ त्रिनगर में रहते हैं। उनका मोबाइल का कारोबार है। मंगलवार देर रात दुकान बंदकर वे कार से घर लौट रहे थे। उनके पास करीब 35 लाख रुपए थे। सुधीर जैसे ही केशवपुरम इलाके में पहुंचे तभी तीन मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने ओवर टेक कर मोटरसाइकिल कार के आगे खड़ी कर दी। इसके बाद बदमाश कारोबारी से लूटपाट की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर एक बदमाश ने पीड़ित के पैर में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जिससे डर कर बदमाशों को मौके से फरार होना पड़ा, जिससे वह लूटपाट को अंजाम नहीं दे पाए। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

आगजनी घटना की रिपोर्ट हो सार्वजनिक : तिवारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने दिल्ली के जाकिर नगर में हुई आगजनी की घटना की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है और 16 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक हुई आगजनी घटनाओं में जो भी लोग दोषी पाए गए हैं उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंन आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए वक्त पर कोई काम नहीं करती है। इसके बाद जब भी ऐसी घटनाएं होती है, तो उन पर घड़ियाली आंसू बहाने की कोशिश करती है। इस प्रकार की घटनाएं दिल्ली सरकार की असफलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में भाजपा आम जनता व संबंधित पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी हुई है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

नोएडा में स्तनपान की होगी मोबाइल ऐप से निगरानी

- स्तनपान शिशु की मृत्यु की दर को कम करता है
- जन्म से एक घंटे के भीतर स्तनपान है जरूरी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 7 अगस्त।

बेहतर सेहत के लिए बच्चे को स्तनपान कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने 'बेबी फ्रेंडली मोबाइल ऐप' शुरू किया है। जिले में तैनात आशा और महिला स्वास्थ्य कार्यकत्री (एएनएम) जिला अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव केंद्र में जाकर रोजाना स्तनपान का डाटा फीड करेंगी।

जिले में गर्भवती और उनके परिजनों को बच्चे की बेहतर सेहत के लिए जन्म से एक घंटे के भीतर ही स्तनपान कराने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मां के दूध से बच्चों को मिलने वाले फायदे बताने के लिए गोष्ठी, प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। सेक्टर- 30 स्थित जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना शर्मा ने बताया कि स्तनपान व्यवहार को बढ़ावा देता है और शिशु मृत्यु दर कम करता है। स्वास्थ्य विभाग ने एक नया पोर्टल बनाया है जिसका नाम बेबी फ्रेंडली ऐप रखा गया है। इसके जरिए जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान को बढ़ावा देना है। निगरानी की वजह से लोगों और स्वास्थ्य कर्मियों में भी जागरूकता आएगी।

इसमें नर्स प्रसव केंद्र से रोजाना किसी भी एक बच्चे के स्तनपान का ब्यौरा ऐप में दर्ज करेगी। इससे यह पता चल पाएगा कि कितने बच्चों को पहले एक घंटे में स्तनपान कराया जा रहा है। इस ब्यौरे का शासन का भेजी गई मासिक रिपोर्ट से मिलान किया जाएगा। ऐप के डाटा का मासिक रिपोर्ट से मिलान नहीं होने पर शासन स्तर से कार्यवाही की जाएगी।

केरल की नन को 'जीवन शैली' की वजह से धर्मसभा से निकाला गया

कोच्चि, 7 अगस्त (भाषा)।

● नियमों का उल्लंघन करने वाली जीवनशैली अपनाने का आरोप ।

केरल में एक नन को रोमन कैथोलिक चर्च के अंतर्गत आने वाले 'द फ्रांसिस्कन क्लारिस्ट धर्मसभा' (एफसीसी) से निष्कासित कर दिया गया है। यह कार्रवाई नन द्वारा कविता प्रकाशित करने, कार खरीदने और दुष्कर्म के आरोपी एक पूर्व बिशप के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लेने के कारण की गई है।

अलुवा आधारित धर्मसभा की प्रमुख एन जोसफ की ओर से पांच अगस्त को आरोपी नन लूसी कलाप्पुरा को पत्र जारी किया गया। इसके मुताबिक कलाप्पुरा 'फ्रांसिस्कन क्लारिस्ट धर्मसभा' के नियमों का उल्लंघन करने वाली जीवनशैली अपनाने के मामले में संतोषजनक जवाब देने में विफल रही हैं, इसलिए उन्हें धर्म सभा से बर्खास्त किया जाता है।

पत्र में लिखा गया कि उन्हें उचित समय पर चेताया गया था, लेकिन उन्होंने कोई पछतावा व्यक्त नहीं किया, इसलिए 11 मई को धर्मसभा की आम परिषद की बैठक में कलाप्पुरा को 'सर्वसम्मति' से बर्खास्त करने का फैसला किया गया है।

कलाप्पुरा को जनवरी में जारी नोटिस में एफसीसी ने ड्राइविंग लाइसेंस लेने, कार खरीदने, ऋण लेने, किताब प्रकाशित करने और वरिष्ठों की जानकारी के बिना धन व्यय करने को नियमों का उल्लंघन करार दिया था। प्रांतीय वरिष्ठ ने सिस्टर लूसी को कविता संग्रह का प्रकाशन करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था।

उल्लेखनीय है कि लूसी ने चर्च नेतृत्व को उस समय नाराज कर दिया था जब उन्होंने पिछले साल दुष्कर्म के आरोपी फ्रैंको मुल्लाकल के खिलाफ पांच नन की ओर से वायनाड में आयोजित विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया था।

अवैध शराब की 243 पेटियां बरामद, छह आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर (राजस्थान) 7 अगस्त (भाषा)।

पुलिस ने जिले के गजनेर थाना क्षेत्र में बीकानेर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक ट्रक से अवैध शराब की 243 पेटियां बरामद की। साथ ही ट्रक के पीछे चल रही एक कार से अवैध शराब की 11 पेटियां बरामद कीं।

थानाधिकारी अमर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर बीकानेर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक की जांच में सेब की पेटियों के नीचे रख कर ले जाई जा रही अवैध अंग्रेजी शराब की 243 पेटियां और उसके पीछे चल रही एक कार से अवैध अंग्रेजी शराब की 11 पेटियां बरामद कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बरामद की गई अवैध शराब की कीमत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। ट्रक में सवार संदीप कुमार (29), राजेंद्र कुमार (29) और कार में सवार मुकेश कुमार, महेंद्र कुमार जाट, अनिल कुमार और विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

S H KELKAR AND COMPANY LIMITED

CIN: L74999MH1955PLC009593
Registered Office: 36, Devkaran Mansion, Mangaldas Road, Mumbai, Maharashtra, 400002
Tel. No. 022-21649143/ 22069609. **Website:** www.keva.co.in; **Email:** investors@keva.co.in

POST BUY-BACK PUBLIC ADVERTISEMENT

FOR THE ATTENTION OF THE ELIGIBLE SHAREHOLDERS/BENEFICIAL OWNERS OF THE EQUITY SHARES OF S H KELKAR AND COMPANY LIMITED

This post buyback public advertisement ("Advertisement") is made pursuant to Regulation 24 (vi) of Securities and Exchange Board of India (Buyback of Securities) Regulations, 2018 ("Buyback Regulations"). This Advertisement should be read in conjunction with the Public Announcement published on Wednesday, June 12, 2019 ("PA"), and the Letter of Offer dated Tuesday, July 2, 2019 (the "Letter of Offer"/ "LOF") issued in connection with the Buyback of fully paid equity shares of ₹ 10/- each ("Equity Shares") of S H Kelkar and Company Limited (the "Company"), through the tender offer route using nationwide electronic trading terminal of BSE Limited ("BSE"). The terms used but not defined in this Post Buyback Public Announcement shall have the same meanings as assigned in the Public Announcement and the Letter of Offer.

1. THE BUYBACK

1.1. The Company had announced the Buyback of up to 33,00,000 (Thirty Three Lakhs Only) fully-paid-up Equity Shares of face value ₹10/- each from all the eligible shareholders/beneficial owners of Equity Shares as on record date (i.e. June 20, 2019), on a proportionate basis, through the "Tender Offer" route at price of ₹180/- (Rupees One Hundred and Eighty Only) per equity share payable in cash, for an aggregate maximum consideration not exceeding ₹ 59,40,00,000/- (Rupees Fifty Nine Crore Forty Lakhs Only) (**"Buyback Size"**). The Buyback size represents 9.96% & 7.17% of the fully paid up equity share capital & free reserves as per audited standalone and consolidated financial statements of the Company respectively for the financial year ended March 31, 2019 (the last audited financial statements available as on the date of the Board Meeting approving the Buyback).

1.2. The Company adopted the tender offer route for the purpose of the Buyback. The Buyback was implemented using the "Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange" notified by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI") vide circular CIR/CFD/ POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 read with SEBI circular CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016, including any amendments thereof, issued by SEBI.

1.3. The tendering Period for the Buyback Offer opened on Monday, July 15, 2019 and closed on Friday, July 26, 2019.

2. DETAILS OF BUY BACK

2.1. 33,00,000 (Thirty Three Lakhs) Equity Shares were bought back under the Buyback, at a price of ₹180/- (Rupees One Hundred and Eighty only) per Equity Share.

2.2. The total amount utilized in the Buyback was ₹ 59,40,00,000/- (Rupees Fifty Nine Crores Forty Lakhs Only) excluding transaction costs viz. brokerage, applicable taxes such as securities transaction tax, GST, stamp duty, filing fees, advisors fees, public announcement expenses, printing and dispatch expenses and other incidental and related expenses etc.

2.3. The Registrar to the Buyback i.e. Link Intime India Private Limited (**"Registrar"**), considered 8,033 applications for 3,42,09,195 Equity Shares in response to the Buyback resulting in the subscription of approximately 10.36 times the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. 55 bids representing 6,398 shares were rejected. The details of the valid applications considered by the Registrar, are as follows:

Category of Shareholders	No. of Equity Shares reserved in Buyback	No. of Valid Bids	No. of shares validly tendered	% Response
Reserved Category for Small Shareholders	5,10,280	7,729	14,64,461	286.99
General category of other shareholders	27,89,720	249	3,27,38,336	1173.53
Total	**33,00,000**	**7,978**	**3,42,02,797**	**1036.45**

2.4. All valid applications were considered for the purpose of Acceptance in accordance with the Buyback Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance/rejection has been emailed/dispatched by the Registrar to the Buyback to eligible Shareholders on Tuesday, August 06, 2019.

2.5. The settlement of all valid bids was completed by the Indian Clearing Corporation Limited / BSE Limited on Tuesday, August 06, 2019. Clearing Corporation has made direct funds payout to Eligible Shareholders whose shares have been accepted under the Buyback. If bank account details of any Eligible Shareholders were not available or if the funds transfer instruction were rejected by Reserve Bank of India or relevant bank, due to any reason, then the amounts payable to Eligible Shareholders were transferred to the concerned Seller Member for onward transfer to such Eligible Shareholder.

2.6. Equity Shares accepted under the Buyback were transferred to the Company's Demat Escrow Account on Tuesday, August 06, 2019. The unaccepted demat Equity Shares have been returned to the respective Eligible Shareholders/Concerned Seller Member by Clearing Corporations on Tuesday, August 06, 2019.

2.7. The extinguishment of 33,00,000 (Thirty Three Lakhs) Equity Shares accepted under the Buyback are currently under process and shall be completed on or before Tuesday, August 13, 2019.

2.8. The Company and its directors accept full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement and also accept responsibility for the obligations of the Company laid down under the Buyback Regulations.

3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN

3.1. The capital structure of the Company, pre and post the Buyback is as under:

(Equity Shares have a face value of ₹10/- each)

Category of Shareholders	Pre-Buyback		Post-Buyback	
	No. of Equity Shares	Amount (₹ in Lakhs)	No. of Equity Shares	Amount (₹ in Lakhs)
Authorised Share Capital				
- Equity	15,40,64,500	15,406.45	15,40,64,500	15,406.45
- Preference	1,19,35,500	1,193.55	1,19,35,500	1,193.55
Issued, Subscribed and Paid-up Capital	14,46,20,801	14,462.08	14,13,20,801	14,132.08

3.2. Details of the eligible shareholders/beneficial owners from whom Equity Shares exceeding 1% (of the total equity shares bought back) have been accepted under the Buyback are as mentioned below:

Sr. No.	Name of the Shareholder	No. of Equity Shares accepted under Buyback	Equity Shares Accepted as a % of total Equity Shares bought back	Equity Shares accepted % of Total Post buy as back Equity Shares
1	Ramesh Vinayak Vaze	5,12,000	15.52%	0.36%
2	Stichting Depositary APG Emerging Markets Equity Pool	4,18,424	12.68%	0.30%
3	Keva Constructions Pvt Ltd	3,22,618	9.78%	0.23%
4	Fidelity Investment Trust Fidelity Series Emerging Markets Fund	2,82,596	8.56%	0.20%
5	Kedar Ramesh Vaze	2,80,000	8.48%	0.20%
6	Fiam Group Trust For Employee Benefit Plans	1,33,734	4.05%	0.09%
7	Hdfc Trustee Company Ltd. A/C Hdfc Capital Builder Value Fund	1,24,933	3.79%	0.09%
8	Prabha Ramesh Vaze	99,025	3.00%	0.07%
9	KNP Industries Pte Limited	95,000	2.88%	0.07%
10	Wells Fargo Emerging Markets Equity Fund	70,143	2.13%	0.05%
11	Barclays Wealth Trustees India Private Limited	67,234	2.04%	0.05%
12	Fiam Emerging Markets All Cap Fund, LP	52,911	1.60%	0.04%
13	IDFC Multi Cap Fund	46,079	1.40%	0.03%
14	Morgan Stanley India Investment Fund, Inc.	42,902	1.30%	0.03%

3.3. The shareholding pattern of the Company pre-Buyback (as on Record date i.e. as on June 20, 2019) and post Buyback, is as under:

Particulars	Pre Buyback		Post Buyback#	
	No. of Equity Shares	% of the existing Equity Share Capital	No. of Equity Shares	% of the post Buyback Equity Share Capital
Promoters	8,23,03,421	56.91	8,09,53,112	57.28
Foreign Investors (including Non Resident Indians, FIIs, FPIs and Foreign Mutual Funds	4,31,36,543	29.83	6,03,67,689	42.72
Financial Institutions/ Banks/ Mutual Funds promoted by Banks/ Institutions	75,35,461	5.21		
Other (public, public bodies corporate etc.)	82,7,713	5.72		
Shares held by Employees Trust	33,73,663	2.33		
Total	**14,46,20,801**	**100.00**	**14,13,20,801**	**100.00**

#Subject to extinguishment of 33,00,000 Equity Shares

4. MANAGER TO THE BUYBACK OFFER

KEYNOTE

Keynote Financial Services Limited.
(Formerly known as Keynote Corporate Services Limited)
The Ruby, 9th Floor, Senapati Bapat Marg, Dadar (West), Mumbai – 400028.
Tel: +91-22- 68266000-3; **Fax:** +91-22- 6826 6088;
E-mail: mbd@keynoteindia.net; **Website:** www.keynoteindia.net;
Contact Person: Ms. Pooja Sanghvi;
SEBI Registration No.: INM 000003606

5. DIRECTORS RESPONSIBILITY

As per Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Board of Directors of the Company accepts full responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Advertisement or any other information advertisement, circular, brochure, publicity material which may be issued and confirm that such document contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

For and on behalf of Board of Directors of S H Kelkar and Company Limited

Sd/-	Sd/-	Sd/-
Ramesh Vaze	**Kedar Vaze**	**Deepti Chandratre**
Managing Director	Director	Company Secretary
(DIN: 00509751)	**(DIN: 00511325)**	

Date: August 7, 2019
Place: Mumbai

SAVITA OIL TECHNOLOGIES LIMITED

Registered Office: 66/67, Nariman Bhavan, Nariman Point, Mumbai - 400 021
Corporate Identity Number (CIN): L24100MH1961PLC012066
Tel. No.: +91 22 6624 6200; Fax: +91 22 2202 9364;
Email: legal@savita.com; Website: www.savita.com;
Contact Person: Uday Rege, Company Secretary & Compliance Officer

POST BUYBACK PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR THE ATTENTION OF EQUITY SHAREHOLDERS/BENEFICIAL OWNERS OF EQUITY SHARES OF SAVITA OIL TECHNOLOGIES LIMITED

This post buyback public announcement ("Post Buyback Public Announcement") is being made in compliance with Regulation 24(vi) and other applicable provisions of the Securities and Exchange Board of India (Buy Back of Securities) Regulations, 2018 and subsequent amendments thereof ("Buyback Regulations"). This Post Buyback Public Announcement should be read in conjunction with the public announcement dated May 30, 2019 published on May 31, 2019 ("Public Announcement") and letter of offer dated July 5, 2019 ("Letter of Offer"). The capitalised terms used but not defined in this Post Buyback Public Announcement shall have the same meanings as assigned in the Public Announcement and the Letter of Offer.

1. THE BUYBACK

1.1. Savita Oil Technologies Limited (**"Company"**) had announced the Buyback of upto 2,51,000 (Two Lakh Fifty One Thousand) fully paid-up equity shares of the Company of face value ₹ 10/- (Rupee Ten Only) each (**"Equity Shares"**), representing upto about 1.75% of the total number of Equity Shares of the Company, from all the equity shareholders/ beneficial owners of the Company holding Equity Shares as on the record date i.e. Wednesday, June 12, 2019 (**"Record Date"**), on a proportionate basis, through the tender offer using stock exchange mechanism (**"Tender Offer"**), at a price of ₹ 1605/- (Rupees One Thousand Six Hundred and Five Only) (including premium of ₹ 1595/-) per Equity Share (**"Buyback Price"**) for an aggregate maximum amount of upto ₹ 40,28,55,000/- (Rupees Forty Crores Twenty Eight Lakhs Fifty Five Thousand Only) (**"Buyback Size"**) excluding costs such as brokerage, securities transaction tax, goods and services tax, stamp duty, etc., **("Transaction Cost")** (**"Buyback"**), which represents 4.74% of the fully paid-up equity share capital and free reserves (including securities premium account) as per the latest audited standalone balance sheet of the Company as on March 31, 2019, is within the statutory limits of 10% (Ten Percent) of paid-up equity share capital and free reserves (including securities premium account) under the board of directors approval route as per the provisions of the Companies Act, 2013 and Buyback Regulations.

1.2. The Company had adopted the Tender Offer route for the purpose of the Buyback. The Buyback was implemented using the "Mechanism for acquisition of shares through Stock Exchange" notified by SEBI vide circular CIR/CFD/ POLICYCELL/1/2015 dated April 13, 2015 and CFD/DCR2/CIR/P/2016/131 dated December 9, 2016, BSE notice no. 20170202-34 dated February 2, 2017 and BSE notice no. 20170210-16 dated February 10, 2017 and such other circulars or notifications including amendments thereof as may be issued from time to time.

1.3. The Buyback opened on Tuesday, July 16, 2019 and closed on Monday, July 29, 2019.

2. DETAILS OF BUYBACK

2.1. The total number of Equity Shares bought back under the Buyback were 2,51,000 Equity Shares (Two Lakh Fifty One Thousand), at a price of ₹ 1605/- (Rupees One Thousand Six Hundred and Five Only) per Equity Share.

2.2. The total amount utilized in the Buyback was ₹ 40,28,55,000/- (Rupees Forty Crores Twenty Eight Lakhs Fifty Five Thousand Only) excluding Transaction Cost.

2.3. The Registrar to the Buyback i.e. Link Intime India Private Limited (**"Registrar"**), considered 8,561 valid bids for 1,06,23,850 Equity Shares in response to the Buyback resulting in the subscription of approximately 42.33 times of the maximum number of Equity Shares proposed to be bought back. The details of valid bids considered by the Registrar are as follows:

Category of Shareholders	No. of Equity Shares Reserved in the Buyback	No. of Valid Bids	Total Equity Shares Validly Tendered	% Response
a) Reserved category for Small Shareholders	37,650	8,051	1,24,060	329.51%
b) General category for eligible equity shareholder other than the Small Shareholders	2,13,350	510	1,04,99,790	4921.39%
Total	**2,51,000**	**8,561**	**1,06,23,850**	**4232.61%**

2.4. All valid bids were considered for the purpose of acceptance in accordance with the Buyback Regulations and the Letter of Offer. The communication of acceptance/rejection has been dispatched by the Registrar to the respective eligible equity shareholders, on Tuesday, August 6, 2019.

2.5. The settlement of all valid bids was completed by the Indian Clearing Corporation Ltd. ("ICCL") on Tuesday, August 6, 2019. The funds in respect of accepted Equity Shares were paid out directly to the Eligible Sellers by ICCL. If bank account details of any Eligible Sellers holding Equity Shares in dematerialized form were not available or if the funds transfer instructions were rejected by the Reserve Bank of India of any or relevant bank, due to any reason, then the amounts payable to the Eligible Sellers will be transferred to the concerned Seller Members for onward transfer to such Eligible Sellers holding Equity Shares in dematerialized form.

2.6. Demat Equity Shares accepted under the Buyback were transferred to the Company's demat escrow account on Tuesday, August 6, 2019. Excess demat Equity Shares or unaccepted demat Equity Shares were returned to respective Seller Members/custodians by the ICCL on Tuesday, August 6, 2019.

2.7. The extinguishment of 2,51,000 Equity Shares accepted under the Buyback in dematerialized form is currently under process and shall be completed on or before Wednesday, August 14, 2019.

3. CAPITAL STRUCTURE AND SHAREHOLDING PATTERN

3.1. The present capital structure of the Company, pre Buyback i.e. as on Record Date and post Buyback, is as follows:

Sr. No.	Particulars	Pre Buyback		Post Buyback	
		No. of Equity Shares	Amount in ₹ Lakhs	No. of Equity Shares	Amount in ₹ Lakhs
1.	Authorized Share Capital	3,00,00,000 Equity Shares of ₹ 10/- each	3,000.00	3,00,00,000 Equity Shares of ₹ 10/- each	3,000.00
2.	Issued, Subscribed and Paid-up Capital	1,43,22,083 Equity Shares of ₹ 10/- each	1,432.21	1,40,71,083* Equity Shares of ₹ 10/- each	1,407.11

**Subject to extinguishment of 2,51,000 Equity Shares.*

3.2. Details of eligible equity shareholders from whom Equity Shares exceeding 1% of the total Equity Shares bought back have been accepted under the Buyback are as under:

Sr. No.	Name of Shareholder	Number of Equity Shares accepted under the Buyback	Equity Shares accepted as a % of total Equity Shares bought back	Equity Shares accepted as a % of post buyback Equity Shares
1.	Gautam N. Mehra#	1,63,101	64.98%	1.16%
2.	HDFC Trustee Company Ltd. A/C HDFC Balanced Advantage Fund	19,918	7.94%	0.14%
3.	Pari Washington India Master Fund, Ltd.	11,080	4.41%	0.08%
4.	L&T Mutual Fund Trustee Limited	6,512	2.59%	0.05%

#On behalf of Mehra Syndicate (an AOP) and Lord Krishna (Trust).

3.3. The shareholding pattern of the Company, pre Buyback i.e. as on Record Date and post Buyback, is as under:

Category of Shareholder	Pre Buyback		Post Buyback*	
	Number of shares	% to the existing Equity Share capital	Number of shares	% to post Buyback Equity Share capital
Promoter and Persons in Control	1,02,59,134	71.63	1,00,96,033	71.75
Foreign Investors (including Non-Resident Indians, FPIs and Foreign Mutual Funds)	6,74,651	4.71	39,75,050	28.25
Financial Institutions/Banks & Mutual Funds promoted by Banks/Institutions	16,91,577	11.81		
Others (Public, Public Bodies Corporate, etc.)	16,96,721	11.85		
Total	**1,43,22,083**	**100.00**	**1,40,71,083**	**100.00**

**Subject to extinguishment of 2,51,000 Equity Shares.*

4. MANAGER TO THE BUYBACK

ITI CAPITAL LIMITED

ITI CAPITAL LIMITED
(Formerly known as Inga Capital Limited)
Naman Midtown, 21st Floor, 'A' Wing,
Senapati Bapat Marg, Elphinstone (West),
Mumbai - 400 013, Maharashtra;
Tel. No.: +91 22 4031 3489; **Fax No.:** +91 22 4031 3379;
Contact person: Mr. Mihir Pandhi/Ms. Nimisha Joshi;
Email: savita.buyback2019@iticapital.in;
Website: www.iticapital.in;
SEBI Registration No: INM000010924;
CIN: U74140MH1999PLC122493.

5. DIRECTOR'S RESPONSIBILITY

As per Regulation 24(i)(a) of the Buyback Regulations, the Board of Directors of the Company accepts responsibility for the information contained in this Post Buyback Public Announcement or any other information advertisement, circular, brochure, publicity material which may be issued and confirms that such document contains true, factual and material information and does not contain any misleading information.

For and on behalf of the Board of Directors of Savita Oil Technologies Limited

Sd/-	Sd/-	Sd/-
Gautam N. Mehra	**Suhas M. Dixit**	**Uday Rege**
Chairman and Managing Director	**Whole Time Director and CFO**	**Company Secretary and Compliance Officer**
DIN: 0000296615	**DIN: 0002359138**	

Date : August 07, 2019
Place : Mumbai

PRESSMAN

जनसत्ता

संकट और उम्मीदें

मौजूदा वित्त वर्ष में तीसरी बार नीतिगत दरों में कटौती कर रिजर्व बैंक ने इस बात का संकेत दिया है कि सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। इसीलिए एक बार फिर रेपो दर में 0.35 फीसद की कटौती की गई है। रिवर्स रेपो दर को भी संशोधित किया गया है। रिजर्व बैंक ने यह कदम इस उम्मीद में उठाया है कि अब तो वाणिज्यिक बैंक ब्याज दरें घटाएंगे। देखने की बात यह है कि अब बैंक कर्ज की दरें घटाते हैं या नहीं। इससे पहले भी दो बार जब केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दरों में कटौती की थी, तब भी बैंकों से जोर देकर कर्ज सस्ता करने को कहा गया था। लेकिन ज्यादातर बैंकों ने ऐसा नहीं किया। कुछ बैंकों ने ब्याज दरें घटाईं भी तो बहुत ही मामूली, जिनका ग्राहकों को लाभ नहीं के बराबर मिलता। ऐसे में घर, वाहन या अन्य जरूरतों के लिए कर्ज सस्ता नहीं हुआ और बाजार उठ नहीं पाया। अभी भी हालत यह है कि कर्ज महंगा है। जाहिर है, बैंकों की हालत संतोषजनक नहीं है, डूबते कर्ज की मार से बैंक अभी तक उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में सस्ता कर्ज देना बैंकों के लिए भी कम जोखिम भरा नहीं है। यही वजह है कि इस साल फरवरी से लेकर अब तक नीतिगत दरों में चार बार कमी किए जाने के बाद भी बैंकों ने अपनी तिजोरी नहीं खोली है।

देश की अर्थव्यवस्था को लेकर इन दिनों जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वे चिंताजनक हैं। अर्थव्यवस्था में मंदी के स्पष्ट संकेत हैं। सबसे बुरी हालत ऑटोमोबाइल और कलपुर्जा क्षेत्र की है। ज्यादातर वाहन निर्माता कंपनियों ने उत्पादन बहुत ही कम कर दिया है और बड़ी संख्या में कामगारों की छुट्टी कर दी है। रियल एस्टेट भी ठंडा पड़ा है और इसकी मार सीमेंट कारखानों पर पड़ी है। छोटे कारोबार और उद्योग भी ठप हैं। ज्यादातर उद्योगों की हालत तो यह है कि कर्ज लेने की स्थिति में भी नहीं हैं। अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्र मंदी की चपेट में हैं और नौकरियां जाने से लोग सड़कों पर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यह स्थिति और भयावह रूप लेगी। मौद्रिक नीति में इन चिंताओं की झलक साफ है। इसीलिए केंद्रीय बैंक ने जीडीपी वृद्धि दर का पूर्वानुमान घटा कर 6.9 फीसद कर दिया है। इस साल जून में केंद्रीय बैंक ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान सात प्रतिशत रखा था। केंद्रीय बैंक भी मान रहा है कि न तो बाजार में मांग है और न ही निवेश आया।

अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत को वैश्विक मंदी या बाहरी कारणों का हवाला देकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मांग बनाने और उद्योगों को संकट से निकालने के लिए पहल बैंकों को ही करनी होगी और कर्ज सस्ता करने की दिशा में बढ़ना होगा। केंद्रीय बैंक की कोशिश पिछले छह-सात महीनों में मौद्रिक नीति को उदार बनाने की रही है और जनवरी से लेकर अब तक चार बार नीतिगत दरों में कटौती करके उसने ऐसा किया भी है। अप्रैल 2010 के बाद यह पहला मौका है जब नीतिगत दरें अपने सबसे कम स्तर पर हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि हर दो महीने में नीतिगत दरों में कटौती के बावजूद बैंक कर्ज महंगा हो रहा है। इस साल जनवरी में बैंकों की औसत कर्ज दर 10.38 फीसद थी जो मई में बढ़ कर 10.41 फीसद हो गई। रिजर्व बैंक के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह व्यावसायिक बैंकों पर कर्ज सस्ता करने के लिए दबाव बनाए। तभी नीतिगत दरों में कटौती का लाभ लोगों तक पहुंच पाएगा।

सियासत की सुषमा

राजनीति की दुनिया में ऐसे कम लोग होते हैं, जिन्हें अपने पक्ष के साथ-साथ विपक्ष और इस तरह सबके दिल में जगह मिल पाती है। सुषमा स्वराज ऐसे ही लोगों में से एक थीं। मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन से पहले उनके जीवन के फलक का विस्तार कुछ इस तरह का हो चुका था कि एक छोर से दूसरे छोर तक के राजनीतिकों को अब उनकी कमी शायद हर मौके पर खलेगी। सही है कि उनकी पहचान भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ी रही, लेकिन राजनीति की दुनिया में शुरुआत से लेकर हाल तक उन्होंने अपनी राजनीतिक भूमिका से लेकर निजी व्यवहार तक के मामले में जैसी जमीन बनाई, उसने उन्हें एक तरह से सर्वस्वीकार्य व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया। यह बेवजह नहीं है कि अपनी पार्टी से जुड़े नेताओं, लोगों और समर्थकों के लिए फिलहाल वे एक खालीपन पैदा कर गई हैं, वहीं विपक्ष के तमाम नेताओं ने भी उनकी शख्सियत को सलाम किया है। अपने विपक्ष के खेमे में अगर वे इस तरह की स्वीकार्यता अर्जित कर सकी थीं तो इसका मुख्य कारण यह था कि विचारधारा के मोर्चे पर दिखने वाले मतभेदों को उन्होंने कभी मनभेद में तब्दील नहीं होने दिया। ऐसे तमाम मौके आए जब देश में व्यापक जनता के हक में कोई फैसला आया तो उनकी खुशी से झूमती तस्वीरें दूसरे विरोधी दलों के नेताओं के साथ भी दिखीं।

अपने व्यक्तित्व में इतना विस्तार उन्होंने कोई एक दिन में हासिल नहीं किया था। चौदह फरवरी, 1952 को हरियाणा के अंबाला कैंट में जन्मी सुषमा स्वराज जब उम्र के हिसाब से बालिग ही हुई थीं, तभी उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ अपने भावी राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर दी थी। सुषमा के भीतर राजनीतिक हौसले का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आपातकाल के दौरान उन्होंने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति आंदोलन में पूरे उत्साह और दम से हिस्सा लिया। इस दौर के बीतने के बाद उन्होंने जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। यानी मुख्यधारा की राजनीति में उन्होंने कदम रखा और 1977 में ही पहली बार हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। महज पच्चीस साल की उम्र में चौधरी देवीलाल सरकार में श्रम मंत्री बन कर सबसे युवा कैबिनेट मंत्री बनने का मुकाम हासिल करने वाली सुषमा स्वराज का सफर क्रमशः आगे बढ़ता गया। अस्सी के दशक में जब भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ तब वे इस पार्टी में शामिल हो गईं। विधायक से सांसद और फिर केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अगर उन्हें हर जगह सक्षम समझा गया तो यह उनकी अपनी अर्जित क्षमता ही थी। उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली, उसी में उन्होंने अपनी काबिलियत और बुद्धिमत्ता साबित की।

अपने राजनीतिक सफर के दौरान वे दिल्ली की पहली महिला मुख्यमंत्री और देश भर में किसी भी राजनीतिक दल की पहली महिला प्रवक्ता भी बनीं। 2014 में बनी भाजपा सरकार में जब उन्हें विदेश मंत्री बनाया गया था, तब भी वे अपने मानवीय सरोकारों के लिए ही ज्यादा जानी गईं। जब भी किसी ने कोई मदद मांगी, उन्होंने निराश नहीं किया। प्रखर और ओजस्वी वक्ता के रूप में भाषण देते हुए उन्हें सुनना और देखना भी एक विशेष अनुभव था। बेहद प्रभावी सांसद और कुशल प्रशासक के साथ-साथ उन्होंने अपनी छवि इस तरह सर्वस्वीकार्य बनाई थी कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद भी चुना गया था। इतने व्यापक फलक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने अपने नजदीक से लेकर दूरदराज तक में जैसी जगह बनाई थी, उसमें उनके जाने के बाद एक शून्य और मायूसी का अहसास स्वाभाविक है।

कल्पमेधा

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता। वह अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।
-महात्मा गांधी

शराबबंदी से कतराती सरकारें

स्वामी अग्निवेश

अफसोस की बात यह है कि देश में कोई भी सरकार शराबबंदी पर गंभीर नहीं रही। सांसद-विधायक-मंत्री जिस संविधान की शपथ लेते हैं, उसकी धारा-47 में बहुत साफ लिखा है कि नशीले पदार्थों की रोकथाम सरकार की जिम्मेदारी है। संविधान की धारा 51 (ए) में भी कहा गया है कि आजादी की लड़ाई के जो मूल्य हैं, उन्हें हमें संरक्षित करना है। हमारी आजादी की लड़ाई गांधीजी के नेतृत्व में लड़ी गई थी। गांधी के आंदोलन का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराबबंदी था।

आज पूरी दुनिया में हेपेटाइटिस-बी, सी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। भारत जैसे विकासशील देश ही नहीं अमेरिका और यूरोपीय देश भी इनकी चपेट में हैं। यह बात सही है कि किसी बीमारी का कोई एक कारण नहीं होता है, कई चीजों के एक होने से कोई बीमारी होती है। लेकिन कुछ मूल कारण होते हैं जो इन रोगों का कारण बनते हैं। कैंसर के मूल में जहां तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखे के सेवन जैसे कारण हैं, वहीं लीवर संबंधी बीमारियों का कारण मद्यपान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के आकड़ों के अनुसार अल्कोहल की बढ़ती खपत सिर्फ रोग नहीं बल्कि कई अन्य समस्याओं का भी कारण है। शराब की वजह से दो सौ प्रकार के रोग होते हैं तो शराब पीकर वाहन चलाने से वैश्विक स्तर पर दुर्घटनाओं में मौतों की बाढ़ आ गई है। शराब के नशे में धुत होकर हत्या, बलात्कार और लूट जैसे अपराधों की घटनाओं को हम दिन-प्रतिदिन देख-सुन रहे हैं। जाहिर है, लोगों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज में अपराधों का एक बड़ा कारण तो है ही।

शराब पीने वालों में हम भारतीय भी पीछे नहीं हैं। एक आंकड़े के मुताबिक आज भारत के कुल वयस्क लोगों का तीस प्रतिशत शराब पी रहा है जो 2030 तक पचास फीसद होने का अनुमान है। एक अन्य आंकड़े के अनुसार देश में प्रतिवर्ष लीवर के दस लाख नए मरीज आ रहे हैं। ऐसे में सिर्फ इलाज के दम पर लीवर को ठीक नहीं किया जा सकता है।

नशे को भारतीय समाज में कभी भी अच्छा नहीं माना गया। हमारे देश के महापुरुषों ने समय-समय पर शराब और नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। महर्षि दयानंद से लेकर अधिकांश समाज सुधारकों ने शराब और नशे को धर्म, जीवन और समाज के लिए अनुपयोगी बताया। यहां तक कि आजादी की लड़ाई में शराबबंदी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक महत्त्वपूर्ण काम था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शराब के बहुत ज्यादा खिलाफ थे। बापू कहते थे-'अंग्रेजों का देश से जाना जितना जरूरी है, उससे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण देश में पूर्ण शराबबंदी है। यदि मुझे अड़तालीस घंटे की भी हुकूमत दे दी जाए तो मैं एक साथ बिना मुआवजा दिए शराब की सारी दुकानें बंद करा दूंगा।' उनका कहना था कि शराब शरीर और आत्मा दोनों को मार देती है।

देश की आजादी के पहले कांग्रेस पार्टी का जो सदस्यता फॉर्म भरा जाता था, उसमें शराब का सेवन न करने का प्रण लेना पड़ता था। उस दौरान व्यक्तिगत तौर पर कोई कांग्रेस नेता भले ही शराब का सेवन करता रहा हो, लेकिन वह शराब के पक्ष में नहीं था। सन 1956 में संसद के दोनों सदनों में पूर्ण शराबबंदी पर बहस हुई। देश में शराबबंदी की मांग को लेकर जस्टिस टेकचंद के नेतृत्व में एक कमेटी बनी। लेकिन आज तक शराबबंदी नहीं हो सकी।

आजादी के बाद से ही सरकारें शराब से मिलने वाले राजस्व पर बहुत ज्यादा निर्भर रहने लगीं। सरकारों का लक्ष्य शराबबंदी नहीं, बल्कि शराब की ज्यादा से ज्यादा दुकानें खोलना हो गया। आज नगर-महानगर लेकर गांव और कस्बों तक में शराब की दुकानें धड़ल्ले से खुल और चल रही हैं। नकली शराब पीकर मरने की खबरें भी आती रहती हैं। यानी नकली शराब का कारोबार तो और भी बड़े पैमाने पर चल रहा है। कुछ महीने पहले उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, असम जैसे राज्यों में जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोग मारे गए थे। लेकिन हकीकत यह है कि फिर भी सरकारें चेती नहीं हैं।

अब शराबबंदी न करने के पीछे सरकारों का तर्क होता है कि इससे विकास प्रभावित होगा। लेकिन आजादी के तुरंत बाद गांधी और पटेल के राज्य गुजरात में पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की गई थी। गुजरात का विकास इतने वर्षों में नहीं प्रभावित हुआ। दरअसल, सरकारों में इतना नैतिक बल ही नहीं रहा कि वे शराबबंदी कर सकें। देश में चाहे किसी भी दल की सरकार रही, किसी ने शराबबंदी पर गंभीरता से विचार नहीं किया। सवाल तो यह है कि यदि शराब के राजस्व से ही विकास संभव था तो गुजरात पर इसका प्रभाव क्यों नहीं पड़ा?

एक आंकड़े के अनुसार हम भारतीय प्रतिवर्ष दो लाख करोड़ रुपए की शराब पी रहे हैं। यदि इस पैसे

को लोग घरेलू जरूरतों पर खर्च करें तो देश का काफी विकास हो सकता है और सामान खरीदने पर भी सरकार को भरपूर राजस्व मिलता है। विमहांस एक बड़ी संस्था है। उसने शराब से मिलने वाले राजस्व और उसके कारण होने वाले नुकसान के अध्ययन में पाया कि शराब से यदि सौ रुपए की आमदनी होती है तो शराबजन्य बीमारियों और अपराधों को रोकने पर सरकारों को एक सौ चौबीस रुपए खर्च करने पड़ते हैं। ऐसी परिस्थिति में शराबबंदी से राजस्व घाटे का तर्क बेहूदा है। जबकि सच्चाई यह है कि शराब पर पाबंदी से लोगों के स्वास्थ्य में सुधार और काम में तेजी होगी। बिहार में नीतीश कुमार ने शराबबंदी की है। अभी तक यह देखने में नहीं आया है कि शराबबंदी के कारण बिहार का विकास प्रभावित हो रहा हो।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि यदि इस व्यापार में सरकारों को घाटा है तो वे इसको बंद करने के पक्ष में क्यों नहीं हैं! दरअसल, शराबबंदी के पीछे सरकार का राजस्व कम होने का डर कम, सरकार में बैठी आबकारी लॉबी और उसके समर्थक विधायक-सांसदों का निजी घाटा है। यह देश की राजनीति का नैतिक पतन नहीं तो और क्या है! यह बात किसी से छिपी नहीं है कि हमारे तमाम नेता-जनप्रतिनिधि शराब व्यवसाय से जुड़े हैं और शराब माफियाओं से चंदा और मदद लेते हैं। राजनीतिक पार्टियों को भी शराब माफियाओं से चंदा मिलता है। शायद यही वजह है कि सरकारें शराबबंदी जैसा कदम उठाने का साहस नहीं कर पातीं।

अफसोस की बात यह है कि देश में कोई भी सरकार शराबबंदी पर गंभीर नहीं रही। सांसद-विधायक-मंत्री जिस संविधान की शपथ लेते हैं, उसकी धारा-47 में बहुत साफ लिखा है कि नशीले पदार्थों पर रोकथाम सरकार की जिम्मेदारी है। संविधान की धारा 51 (ए) में भी कहा गया है कि आजादी की लड़ाई के जो मूल्य हैं, उन्हें हमें संरक्षित करना है। हमारी आजादी की लड़ाई गांधीजी के नेतृत्व में लड़ी गई थी। गांधी के आंदोलन का एक बहुत बड़ा हिस्सा शराबबंदी थी। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब प्रधानमंत्री ने कहा था कि यदि देश का नौजवान शराब पीना नहीं छोड़ेगा तो देश बर्बाद हो जाएगा। 2014 में चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्होंने कहा था कि गुजरात का विकास इसलिए हुआ कि वहां पूर्ण शराबबंदी है। अभी देश के अन्य राज्यों में शराबबंदी नहीं है, इसलिए शराब तस्कर गुजरात में चोरी-छिपे शराब पहुंचा रहे हैं।

कुछ दिन पहले दिल्ली में हेपेटाईटिस-बी और लीवर संबंधी बीमारियों के कारण और निदान पर एक संगोष्ठी हुई थी। उसमें यह सामने आया कि अपने देश में लीवर संबंधी पचास फीसद रोगों का प्रमुख कारण शराब का सेवन है। देश में शराब की खपत दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जब तक हम शराब के उत्पादन और बिक्री पर रोक नहीं लगाएंगे लीवर की बीमारी और दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम नहीं कर सकते हैं। आज अगर देश के बच्चों-नौजवानों को नशे की लत से बचाना है तो सबसे पहला कदम देश में संपूर्ण शराबबंदी की घोषणा करने का उठाना होगा। शराबबंदी का कानून भी आतंकवाद निरोधी कानून जैसा सख्त होना चाहिए।

दुनिया मेरे आगे

यादों में जुगनू

हेमंत कुमार पारीक

हाल ही में टीवी पर किसी कार्यक्रम में झिलमिलाते जुगनू दिखे तो अचानक सजीव जुगनुओं की याद आ गई। फिर बरसात की रातें याद आने लगीं। बारिश के उन दिनों झींगुर, मेंढ़क और जुगनुओं की भरमार हुआ करती थी। मेढ़कों के टर्राते ही बारिश का आगाज होता था। तब आमतौर पर होता यही था कि जब मेंढ़क टर्राने लगते थे, तब हम अंदाजा लगा लेते थे कि अब बारिश होने वाली है। उस समय गांव क्या, शहर में भी इधर-उधर मंडराते हुए जुगनू दिख जाते थे। वे आंखों में ठहरते थे और 'पाकीजा' फिल्म के गाने का वह टुकड़ा बरबस होठों पर आ जाता था- 'जुगनू हैं जमीं पर बिखरे हुए हैं तारे...!' लेकिन टीवी में कृत्रिम तरीके से बनाए गए जुगनुओं को देख कर मन कड़वा हो गया था। कैसी बारिश है, जिसमें न तो काले-काले बादल दिखाई देते हैं और न कड़कती-चमकती बिजली दिखती है।

उस वक्त बारिश की पहली बौछार पड़ते ही मैदान में हरी-हरी घास दिखने लगती थी। मन में उमंग पैदा होती। नदियों की बाढ़ देखने को मन मचलने लगता था। सारा कुछ छोड़ कर और घरों से निकल कर सीधे मैदान की तरफ भागने का दिल करता था। हालांकि हमारा घर बाढ़ में डूबने से बच जाता था, लेकिन उसी में और बहुत सारे लोग थे, जिनकी जिंदगी मुश्किल में पड़ जाती थी। तब हम बच्चे शायद इन संवेदनाओं से अनजान थे, इसलिए गेड़ियां लिए बच्चे सड़क पर आ जाते थे। कंचे और गुफनी निकल आती थीं। ग्रामीण खेल थे बिना पैसे वाले। जुगनुओं को देख बच्चे माचिस के खाली खोखे या छोटी-छोटी शीशियां लिए इधर-उधर भागने लगते थे। जुगनू पकड़-पकड़ कर शीशियों में भरते और चमकाते, लोगों को दिखाते और मजा लूटते थे। हालांकि बचपन था। पता नहीं था कि जुगनू भी एक जीव होता है। उसे भी कष्ट होता है। अब यह सब सोच पाता हूं। मगर अब तो जुगनू कहीं दिखते ही नहीं।

इसी तरह एक कीट और होता था, जिसे 'वीर बहूटी' कहते थे। पता नहीं कहां से अचानक प्रकट होते हैं ये जीव? चूंकि इसके बारे में वैज्ञानिक जानकारी नहीं है, इसलिए फिलहाल इसे प्रकृति का चमत्कार ही कह कर काम चलाना पड़ेगा कि बारिश में ही नजर आते हैं ये कीट-पतंगे। वीर-बहूटी हरे-हरे मैदान में आहिस्ता से चलती दिखती थी। मखमली लाल रंग होता है उसका। स्पर्श करते ही उसकी सारी गतिविधियां रुक जाती थीं। काफी देर तक उसी अवस्था में पड़ी रहती वह। उसे भी शीशी में कैद कर हम एक-दूसरे को दिखाते थे, बिना यह सोचे कि उसकी जिंदगी पर हमारे मनोरंजन का क्या असर पड़ रहा होगा। दरअसल, बड़ा मोहक होता था उसका रूप और रंग। पता नहीं, इन सबको क्या हुआ? अचानक कहां चले गए सब? एक और जीव होता है, जिसे अंग्रेजी में मेंटिस (टिड्डा) कहा जाता है। उसे बच्चे 'रामजी का घोड़ा' कहते थे। बिल्कुल घोड़ेनुमा उसके हावभाव होते थे। गर्दन ऊंची उठाए घोड़े की तरह शान से दो पांवों पर दौड़ लगाने को तैयार दिखता था। उसके आकार के हिसाब से बड़ी-बड़ी आंखों वाला वह जीव हरी-हरी घास में ऐसे दुबक जाता था कि पता ही नहीं चलता था। आहट पाते ही लंबी कूद लगाते हुए कहीं दूर चला जाता था।

जुगनुओं की याद आते ही इतने सारे जीव आंखों के सामने सजीव होने लगे। पर कहां गए ये सब? क्या दूसरे कई जीव-जंतुओं की तरह इनका अस्तित्व भी खत्म होने को है? ये सब इतने छोटे हैं कि इनका खयाल तक हमें नहीं आता। पर बरसात के मौसम में ये सब चार चांद लगा देते थे। इन सबका होना बारिश के मौसम को सुहाना बना देता था। इन सबके अलावा और भी नभचारी जीव हैं जो हर मौसम में दिखते हैं। जैसे कि कौए अभी भी गांव देहात में कांव-कांव करते नजर आते हैं, पर शहरों में ऐसा लगता है कि ये वहां से पलायन कर गए हैं।

आदमी सिमट रहा है एक दायरे में। उसे केवल अपने बारे में सोचने के अलावा कुछ नहीं सूझ रहा। लेकिन अन्य जीवों की उपस्थिति हमें कितना ऊर्जावान बनाती है! इन्हें देख कर आनंद की अनुभूति होती है। प्रकृति ने हमें इन नायाब तोहफों से नवाजा है। अब स्थिति यह है कि हमारे जीवन में बनावटीपन हावी हो रहा है। बनावटी खुशी हमारे चेहरों पर होती है। अंदर कहीं एकाकीपन भरा पड़ा है। अपनी खुशी जाहिर करने के लिए हम कागज के फूलों का सहारा लेते हैं।

हम अक्सर कहते हैं, समय नहीं है। इतना कुछ हम करते हैं खुद को खुश रखने के लिए। लेकिन वास्तविक खुशी और आनंद धीरे-धीरे हमसे दूर होते जा रहे हैं। प्रकृति हमसे दूर होती जा रही है, जिसके आगोश में हम अपने सारे दुख भूल जाते रहे हैं। क्या होगा, जब सब कुछ सूख जाएगा? एक अनंत मरुस्थल होगा। आने वाली पीढ़ियों को हम क्या देकर जाएंगे? कागज के फूल और रेत का असीमित भंडार! आने वाली पीढ़ी अपने बुजुर्ग हुए माता-पिता से पूछेगी- 'ये जुगनू, वीर बहूटी, मेंटिस, मेंढ़क, तितली, भौंरे, कौवे और कोयल कहां हैं!'

कश्मीर के साथ

जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन और धारा 370 हटाने की ऐतिहासिक पहल से घरेलू परिप्रेक्ष्य ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भी भारत लाभ वाली स्थिति में आ गया है। इससे वे ताकतें सन्निपातग्रस्त दिख रही हैं जो सोचती रहीं कि विवश और विभाजित भारतीय राजनीतिक व्यवस्था जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को छू नहीं सकती। जितना सन्न पाकिस्तान-अमेरिका हैं उससे अधिक हमारे वे लोग हैं जो धमकी देते थे कि इस धारा को छुआ तो केवल हाथ नहीं बल्कि पूरा शरीर जल जाएगा। दरअसल, वर्तमान हालात में पड़ोसी देश के साथ-साथ पूरी दुनिया को यह संदेश देना आवश्यक हो गया था कि जम्मू-कश्मीर को भारत अपना अभिन्न अंग कहता ही नहीं बल्कि मानता भी है। पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल के अनुसार पाकिस्तान का सुन्न हो जाना इसलिए भी स्वाभाविक है कि यह कदम कश्मीर पर भारत-पाक वार्ता की रूपरेखा को पूरी तरह से बदलेगा।

गौरतलब है कि द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखने के लिए भारत ने लंबे अरसे से कश्मीर पर रक्षात्मक रुख अपनाया है। नई दिल्ली ने इसके लिए जम्मू-कश्मीर से जुड़े सभी लंबित मुद्दों पर बातचीत करने की हामी भरी और आतंकवाद को भी बर्दाश्त किया लेकिन अब, जब देश में कश्मीर की घरेलू स्थिति पूरी तरह से बदल गई, यह केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, लद्दाख को भी इससे अलग कर दिया गया है, तब कश्मीर मसले पर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय बातचीत का आधार ही खत्म हो गया है। अब पाक अधिकृत कश्मीर पर दावे को छोड़ कर कोई लंबित मामला नहीं बचा। इसी पाक-अधिकृत कश्मीर में गिलगित और बल्तिस्तान भी शामिल हैं। अब कश्मीर मसले के हल के लिए किसी पिछले दरवाजे की जरूरत भी खत्म हो गई है।

विदेश मामलों के विशेषज्ञ मानते हैं कि कुछ मोर्चों पर भारत को अभी सावधान रहने की आवश्यकता है। राजनीतिक हताशा और घरेलू दबाव में पाकिस्तान भारत के इस फैसले का अंतरराष्ट्रीयकरण जरूर करेगा। लेकिन उसके विकल्पों पर यदि गौर करें तो वह हमारे खिलाफ सिर्फ दुष्प्रचार कर सकता है। भारत के फैसले के विरोध की आग को भड़काने और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ाने का काम वह कर सकता है। हालांकि यह उसके लिए जोखिम भरा कदम होगा क्योंकि जम्मू-कश्मीर में यदि वह जेहाद भड़काने की कोशिश करेगा तो भारत न सिर्फ जवाबी कार्रवाई करेगा, बल्कि आतंकी वित्तपोषण रोकने के लिए बनी अंतरराष्ट्रीय एजेंसी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स में भी उस पर दबाव बना सकता है, जिससे पाकिस्तान की आर्थिक सेहत और खराब हो सकती है।

पाकिस्तान के हालात बताते हैं कि वह और लक्षित हमले व बालाकोट जैसी कार्रवाई सहन नहीं कर पाएगा। वह इस मसले को संयुक्त राष्ट्र ले जा सकता है, मगर हमारे यहां संवैधानिक स्थिति को बदलने संबंधी भारतीय कानून में किसी तरह का बदलाव अंतरराष्ट्रीय मामला नहीं रह गया है। इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र के किसी प्रस्ताव में अनुच्छेद-370 का जिक्र नहीं है। इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के महीनों बाद भारतीय संविधान में जोड़ा गया था, इसीलिए अपनी पहल से इसे हटाने या बदलाव करने का अधिकार भी भारत को ही है।

पिछले सत्तर सालों से भारतीय नेता कश्मीर को अपना अभिन्न अंग कहते आ रहे हैं पर उपरोक्त विवादित धाराओं को संविधान से हटा कर मौजूदा केंद्र सरकार ने कश्मीरियों को भी यह कहने का गौरव प्रदान कर दिया है कि भारत उनका अभिन्न अंग है। अभी तक यह रिश्ता एकतरफा-सा था और इस राज्य के भारत में पूर्ण विलय के मार्ग में ये धाराएं अघोषित बाधा सरीखी थीं जिन्हें केंद्र सरकार ने रुग्ण अंग की तरह संविधान से काट फेंका है। निश्चित ही जम्मू-कश्मीर का शेष भारत के साथ सेतुबंध कल्याणकारी व देश को सुदृढ़ करने वाला होगा।

● *राकेश सैन, खंडाला फार्मिंग कॉलोनी, लिदड़ां, जालंधर*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

गीदड़ भभकी

संसद में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक पारित होने के बाद पाकिस्तान की ओर से गीदड़ भभकियों का सिलसिला शुरू हो गया है। उसके प्रधानमंत्री इमरान खान का कहना है कि धारा 370 हटाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ सकता है, साथ ही भारत को पुलवामा जैसे हमलों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी ओर उसके थल सेना प्रमुख जनरल बाजवा का कहना है कि वे कश्मीर के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। दरअसल, पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि इस तरह की बचकानी और उकसाऊ टिप्पणियों, हरकतों और करतूतों से उसी को नुकसान होगा। पाकिस्तान की समझदारी इसी में है कि इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने उछालने की बजाय भारत का अंदरूनी मामला मान कर चुप बैठ जाए।

● *संजू कुमार, चौबारा, हनुमानगढ़, राजस्थान*

बचने की जरूरत

केंद्र सरकार ने धारा 370 और 35-ए को खत्म कर इतिहास रच दिया है पर कुछ भारतीय इस खुशी के माहौल में जहर उगल रहे हैं। वे ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर भड़काऊ टिप्पणियां डाल कर जाने-अनजाने पाकिस्तान की मदद कर रहे हैं। वे कहीं कश्मीर में जमीन खरीदने की बात कर रहे हैं तो कहीं कश्मीरी लड़कियों से शादी की। ऐसी प्रतिक्रियाएं कश्मीरियों को आहत करने वाली हैं और इसका फायदा पाकिस्तान आसानी से उठा सकता है। लिहाजा, हमें सोशल मीडिया के मंचों पर ऐसी टिप्पणियां डालने से हर हाल में बचना चाहिए।

● *आस मोहम्मद, आंबेडकर कॉलेज, दिल्ली*

अपूरणीय क्षति

भारतीय राजनीति में जब भी किसी ऐसी महिला की बात की जाएगी जिसने सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों को जोड़ने का काम किया तो वे निस्संदेह सुषमा स्वराज ही होंगी। विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज ने विश्व पटल पर भारत का ऐसा प्रतिनिधित्व किया जो अब तक कुछ ही लोग कर पाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष जिस बेहतर ढंग से हमेशा रखा उससे वे अटलजी की परंपरा को आगे ले जाती प्रतीत होती थीं। वे प्रखर वक्ता थीं। मर्यादित व गरिमामय भाषाशैली उनके आभूषण थे। विदेश मंत्री रहते हुए उनके द्वारा जिस तरह विदेश में फंसे भारतीयों को सहायता दी गई वह अतुलनीय थी। संसदीय परंपरा की ध्वजवाहक रहीं सुषमाजी का जाना भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है।

● *अर्पित शुक्ला, नई दिल्ली*

खेल कार्यक्रम

भारत बनाम वेस्ट इंडीज	8 अगस्त
आस्ट्रियन मोटरसाइकिल ग्रांप्री	11 अगस्त
विश्व हैंडबॉल चैंपियनशिप	8-18 अगस्त
कनाडा ओपन (टेनिस)	11 अगस्त

जन्मदिन

राजपाल सिंह	8 अगस्त	हॉकी
दीपा कर्मकार	9 अगस्त	जिमनास्ट
सौरभ घोषाल	10 अगस्त	स्क्वास
प्रभोजोत सिंह	14 अगस्त	हॉकी
लक्ष्य सेन	16 अगस्त	बैडमिंटन

ताकत नहीं तकनीक दिलाएगी ओलंपिक में स्वर्ण

संदीप भूषण

आज तकनीक ने सभी कामों को आसान बना दिया है। दुनिया के किसी भी क्षेत्र का आगे बढ़ना वहां इस्तेमाल में लाई जा रही उच्च तकनीक और मशीनों पर ही निर्भर है। इसी तरह खेल जगत भी इससे अछूता नहीं है। रोजाना कोई न कोई ऐसी मशीन खेल का हिस्सा बन रही है जिसके सहारे खिलाड़ी अपनी क्षमता का सही आकलन कर उसका उपयोग कर पा रहे हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा दर्शक पाने वाला फुटबॉल हो या भारत में धर्म माना जाने वाला क्रिकेट, इनमें तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है। एथलेटिक्स को सिर्फ पावर गेम के तौर पर देखा जाता रहा है लेकिन इसमें भी कई उच्च तकनीक के गैजेट खेल और खिलाड़ियों की मदद कर रहे हैं। 2020 ओलंपिक की तैयारियों के मद्देनजर भारतीय एथलीटों के लिए भी इस तरह के गैजेट उनकी क्षमता और प्रदर्शन को निखारने में लाभप्रद साबित हो सकते हैं।

दरअसल, भारतीय खेल जगत में आमतौर पर यह कहते सुना जा सकता है कि हमारे एथलीट अफ्रीकी मूल के एथलीटों या दक्षिणी अमेरीकी एथलीटों का मुकाबला कर सकने में सक्षम नहीं हैं। इसके पीछे उनके यहां की भगौलिक स्थिति को जिम्मेदार बताया जाता है। यह काफी हद तक सही भी है। अफ्रीकी या अमेरिकी एथलीट काफी मजबूत होते हैं। लेकिन, दूसरी तरफ आस्ट्रेलियाई और यूरोपीय देशों के एथलीट भी हैं जो अफ्रीकी एथलीटों जितने मजबूत नहीं होते लेकिन, वे विश्व पटल पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अब सवाल है कि ऐसा क्यों हो रहा है। तो इसका सीधा जवाब है उच्च तकनीक का बेहतर इस्तेमाल।

नई खोज

इंटल कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले जहां मैराथन धावक या फर्राटा धावकों के प्रदर्शन को मापने के लिए स्टॉप वाच का उपयोग किया जाता था, वहीं अब इसकी जगह कई उम्दा गैजटों ने ले ली है। पहले उनके प्रदर्शन को सिर्फ समय और शारीरिक क्षमता के आधार पर आंका जाता था लेकिन अब कई पहलुओं पर इसकी समीक्षा होती है। इसमें एक्सेलेरोमीटर, मैग्नेटोमीटर और जाइरोस्कोप जैसी मशीनें एक सेकंड के भीतर एथलीट के शरीर का हर डाटा पेश कर देती हैं। इसके साथ ही वेयरेबल सेंसर जैसी तकनीक के सहारे एथलीट के रफ्तार, ताकत, उसके शरीर के तापमान, उसके आसपास के तापमान, उसके पैर का जमीन से संपर्क और दौड़ते वक्त उसके शरीर के कंपन को मापा जा सकता है। इस तरह की छोटी-छोटी और गहरी जानकारी से धावक और उसके प्रशिक्षक दोनों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी।

इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्ट्रेड नाम की एक कंपनी ने ऐसा गैजेट तैयार किया है जिसे एथलीट के जूतों में फिट किया जा सकेगा। इसे एप्पल वाच जैसे स्मार्ट यंत्रों से जोड़ा जाएगा। इस गैजेट की मदद से बगैर मोबाइल फोन का इस्तेमाल किए सभी डाटा को देखा जा सकेगा। मसलन, मैराथन के बीच में ही किसी एथलीट को कोच के परामर्श की जरूरत पड़ती है, तब इस यंत्र की मदद से वह कुछ जरूरी डाटा के मुताबिक एक्सपर्ट निर्णय ले सकता है और तत्काल जीत की कोशिश कर सकता है।

इसके सहारे वह देख सकता है कि उसे फिनिश लाइन तक पहुंचने में कितनी देर लगेगी। अपने गति को वह कितना बढ़ा सकता है जिससे उसे जीत हासिल हो। गति के बढ़ाने या घटाने से उसके शरीर पर तत्काल क्या प्रभाव हो रहा है। उसकी गति और हवा की गति में कितने का अंतर है। वह हवा के विपरीत भी किस गति से दौड़कर मंजिल को पा सकता है। इस तरह की कई छोटी-छोटी जानकारियां एथलीट मैराथन के बीच में ही देख सकता है।

इससे पहले इतनी जानकारी जुटाने के लिए वीओ2 का इस्तेमाल किया जाता रहा है। इससे प्राप्त जानकारी के आधार पर ही कोच अपने खिलाड़ियों के लिए रणनीति तैयार करते हैं। लेकिन इसके उपयोग को लेकर एक अड़चन भी है। इसे लैब में ही इस्तेमाल किया जा सकता है। स्ट्रेड के आने से इस सीमा को तोड़ते हुए एथलीट वीओ2 जितनी जानकारी कहीं भी और किसी समय प्राप्त कर सकता है।

एलीट एचआरवी

इस गैजेट को 2014 में लाया गया था। इसमें एचआरवी का मतलब है, हार्ट रेट वैरिएबलिटी। मतलब, इस गैजेट के सहारे एक एथलीट के धड़कन को मापा जाता है। साथ ही उसके नर्वस सिस्टम का भी आकलन किया जाता है। इसमें दर्ज डाटा से मैच के दौरान खिलाड़ी के तनाव और उससे उबरने की पूरी प्रक्रिया को देखा जा सकता है। हाथ के अंगुलियों या फिर छाती के पास इसके सेंसर को लगाया जाता है और एक एप्लिकेशन के सहारे परिणाम को हासिल किया जाता है। इस गैजेट को बनाने वाली कंपनी के मुख्य वाणिज्य अधिकारी, विवेक मेनन ने कहा कि एथलीटों के फिटनेस और उनकी क्षमता को परखने के लिए पहले से इस्तेमाल हो रहे तरीके को और उच्च स्तर का बना रहे हैं। इससे आसानी और तेजी से बड़ी संख्या में डाटा हमारे सामने होगा।

एलीट एचआरवी की मदद से कुछ इस तरह एथलीट के शरीर का डाटा लिया जा सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पहले जहां मैराथन धावक या फर्राटा धावकों के प्रदर्शन को मापने के लिए स्टॉप वाच का उपयोग किया जाता था, वहीं अब इसकी जगह कई उम्दा गैजटों ने ले ली है। पहले उनके प्रदर्शन को सिर्फ समय और शारीरिक क्षमता के आधार पर आंका जाता था। अब कई पहलुओं पर इसकी समीक्षा होती है। इसमें एक्सेलेरोमीटर, मैग्नेटोमीटर और जाइरोस्कोप जैसी मशीनें एक सेकंड के भीतर एथलीट के शरीर का हर डाटा पेश कर देती हैं।

दिग्गजों को हराने के लिए डिफेंस पर ध्यान लगाना होगा : सविता

जनसत्ता संवाददाता

भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान सविता का मानना है कि तोक्यो में 17 से 21 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक टैस्ट टूर्नामेंट में दिग्गज टीमों के खिलाफ डिफेंस ही उनका और टीम का बड़ा हथियार होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की नंबर दो टीम आस्ट्रेलिया, चीन और जापान को हराने के लिए उन्हें डिफेंस में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

एफआइएच रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज भारतीय महिला टीम को आस्ट्रेलिया, 11वीं रैंकिंग वाली चीन और 14वीं रैंकिंग वाली मेजबान जापान की टीम से खेलना है। सविता ने कहा कि हम पिछले साल गोल्डकोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। हालांकि हम एक गोल से हार गए थे लेकिन हमारा प्रदर्शन शानदार रहा था। टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में दुनिया की दूसरी नंबर की टीम को हर विभाग में टक्कर देना हमारे लिए बेहतरीन रहा। 29 साल की इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि इस बार हम पिछली गलतियों को नहीं दोहराएंगे। हम सभी एक इकाई के रूप में खेलेंगे और डिफेंस पर खास ध्यान होगा। हमें डिफेंस में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मुझे लगता है कि यही जीत की कुंजी साबित होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। हम लोग लंबे समय से साथ खेल रहे हैं। हम एकदूसरे के कमजोर और मजबूत पक्ष से वाकिफ हैं। हम एक दूसरे को समझते हैं और इससे एक इकाई के रूप में अच्छे प्रदर्शन में हमें मदद मिलेगी। भारतीय टीम रविवार को तोक्यो के लिए रवाना होगी। उसे 17 अगस्त को मेजबान जापान के खिलाफ पहला मैच खेलना है। हालांकि आंकड़ों की माने तो जापान का पक्ष मजबूत है। अब तक इन दो देशों के बीच खेले गए 65 मुकाबलों में से 34 में जीत जापान के पाले में गई है। भारत को 15 मैचों में जीत मिली है। पिछले दस मैचों की बात करें तो भारत ने तीन में जीत दर्ज की वहीं जापान के खाते में चार जीत गई। तीन मुकाबले ड्रॉ रहे।

साक्षात्कार

सविता ने कहा कि एफआइएच सीरीज फाइनल्स 2019 में जीत से उनका हौसला बढ़ेगा और इससे तोक्यो ओलंपिक 2020 में उन्हें मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में हम कई दिग्गज टीमों से खेले। लेकिन, छोटी-छोटी गलतियों के कारण मैच गंवानी पड़ा। खिलाड़ियों ने इस बार जमकर तैयारी की है और उनके खेल में काफी बदलाव भी आया है। इससे हमें काफी मदद मिलेगी।

कलाबाजी

पेरू के लीमा में आयोजित पैन अमेरिकी खेलों के दौरान कलात्मक जिमनास्टिक में कांस्य पदक जीतने वाली अमेरिका की इविटा ग्रिसकेनास

सौ साल में कई दिग्गज दिए ईस्ट बंगाल ने

सुरेश कौशिक

फुटबॉल का गढ़ है कोलकाता। 'मैदान' पर ढेरों क्लबों ने प्रतिभाओं को उभारा है। मगर इसकी शान और जान रहे हैं तीन फुटबॉल क्लब। खेल की दीवानगी जितनी इस शहर में है उतनी देश के किसी और हिस्से में नहीं। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल की प्रतिद्वंद्विता तो जगजाहिर है। तीसरी तोप टीम मोहम्मडन स्पोर्टिंग बुरे दौर से गुजर रही है। आजकल चर्चा में है ईस्ट बंगाल जिसका यह शताब्दी वर्ष है। पहली अगस्त से जश्न शुरू हो गया है और साल भर कार्यक्रम होते रहेंगे।

किसी भी फुटबॉल क्लब के लिए सौ साल पूरे करना उपलब्धि है। जब सफर और रेकॉर्ड शानदार रहा हो तो उससे जुड़ा हर शख्स अपने को गौरवान्वित महसूस करता है। टीम के इतिहास और इससे जुड़े रहे सितारा खिलाड़ियों को लेकर बहस छिड़ जाती है। कौन से खिलाड़ी महान रहे और किस दौर की टीम सर्वश्रेष्ठ थी, इसे लेकर आलोचक भी बंट जाते हैं।

जिन लोगों ने क्लब को सींचा, जिन हस्तियों ने उसे लोकप्रियता और पहचान दिलाई, उनके योगदान को याद किया जाता है। एक अगस्त को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुए शताब्दी वर्ष के पहले समारोह में उन लोगों को सम्मानित किया गया जो संस्थापक सदस्यों की अगली पीढ़ी से थे। खिलाड़ी और कोच के रूप में नाम कमाने वाले पीके बनर्जी व्हील चेयर पर आए। मोहम्मद हबीब, श्याम थापा, सुभाष भौमिक और सुरजीत सेनगुप्ता उनके साथ थे। इनके साथ-साथ मनोरंजन भराचार्य को भी सम्मानित किया गया। मशहूर पत्रकार और प्रख्यात कमेंटेटर नोवी कपाड़िया भी सम्मानित हुए। इस समारोह में कपिल देव और सौरव गांगुली भी आए। कपिल देव को भारत गौरव का सम्मान दिया गया। बाईचुंग भूटिया ने समारोह की शुरुआत की। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 13 अगस्त को इस कड़ी में दूसरा समारोह होगा जिसमें ईस्ट बंगाल अपने पूर्व कप्तानों को सम्मानित करेगी।

जहां तक कोलकाता फुटबॉल का सवाल है, मोहन बागान ने तो 1911 में ही कमाल कर दिया था जब नंगे पांव खेलते हुए उसके खिलाड़ियों ने इंगलिश टीम ईस्ट यार्क्स को हराकर आइएफए शील्ड जीती थी। मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने 1940 में देश के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप को जीतकर इतिहास रचा था। मोहम्मडन कोलकाता का ही नहीं, देश का पहला क्लब था जिसे खिताबी सफलता का श्रेय मिला।

ईस्ट बंगाल क्लब 1920 में अस्तित्व में आया। गठन की कहानी भी दिलचस्प रही। एक खिलाड़ी को टीम में शामिल करने के मुद्दे को लेकर विवाद हो गया और जोर बागान नामक टीम में टूट हो गई। टीम के उपाध्यक्ष और चेयरमैन सुरेश चंद्रा चौधरी ने स्टार हाफ बैक शैलेश बोस को टीम में शामिल करने का अनुरोध ठुकराए जाने पर सुरेश ने रमेश चंद्रा सेन, और अरबिंदो घोष के साथ मिलकर अक अगस्त 1920 को ईस्ट बंगाल क्लब की नींव रख दी।

इसके बाद रेड एंड गोल्ड जर्सी में खेलने वाली ईस्ट बंगाल ने अपनी पहचान को बनाया। आठ फेडरेशन कप खिताब, तीन आइ लीग खिताब, तीन अंतरराष्ट्रीय खिताबों सहित छोटे-बड़े 161 टूर्नामेंट जीतकर अपना जलवा दिखाया। 1924 में द्वितीय डिविजन चैंपियन बनकर ईस्ट बंगाल ने कोलकाता फर्स्ट डिविजन लीग में कदम रखा। 1942 में कोलकाता फर्स्ट डिविजन लीग चैंपियन बनकर अपना धाक जमाई। अगले साल आइएफए शील्ड जीतकर उसने अपनी पहचान को बढ़ाया। फिर 1945 में प्रतिष्ठित कोलकाता लीग और आइएफए शील्ड की दोहरी सफलता का जश्न मनाया। 1949, 50 और 51 में आइएफए शील्ड जीतकर हैट्रिक करने वाली ईस्ट बंगाल पहली टीम बनी। 1972 में एक ही सीजन में आइएफए शील्ड, कोलकाता लीग, डूरंड कप और रोवर्स कप जीतने का कमाल किया। कोलकाता लीग की सफलता में तो टीम ने एक भी गोल नहीं खाया। यह कहानी 1991 में फिर दोहराई गई। 1975 में ईस्ट बंगाल ने लगातार छठी बार कोलकाता लीग खिताब जीतने का रेकॉर्ड बनाया। इसी वर्ष ईस्ट बंगाल ने आइएफए शील्ड ने फाइनल में मोहन बागान को 5-0 से धोया। यह आज भी रेकॉर्ड है। देश के दूसरे हिस्सों से आए फुटबॉलरों ने भी ईस्ट बंगाल की कामयाबी में अहम भूमिका निभाई। 1980 से विदेशी खिलाड़ियों के आने का दौर शुरू हुआ। ईरानी खिलाड़ी माजिद बकसर, जमशेद नसीरी और खोंडासई ने इस टीम के खेल में विदेशी रंग दिया। इसके बाद तो चीमा ओकेरी, चिबुजोर और दूसरे विदेशी खिलाड़ियों ने ईस्ट बंगाल को ताकत दी।

जश्न

मोहम्मद हबीब, अकबर, हरजिंदर, गुरदेव, श्याम थापा, बाईचुंग भूटिया जैसे खिलाड़ी भी टीम की सफलता में नायक बने। 1973 की टीम जिसमें सुधीर करमरकर, गौतम सरकार, हबीब, सुभाष भौमिक और अकबर से युक्त टीम को सर्वकालीन श्रेष्ठ टीम में रखा जा सकता है। 1975 की टीम भी गजब की थी जिसमें श्याम थापा और सुरजीत सेनगुप्ता जैसे धुरंधर थे। सन 50 के दशक में वेंकटेश, धनराज, अप्पा राव और अहमद खान वाली टीम को भी कई आलोचक सर्वश्रेष्ठ मानते हैं। क्लब की सबसे बड़ी उपलब्धि 2003 में सुभाष भौमिक की कोचिंग में एशियन क्लब चैंपियनशिप जीतना है। 2010 से 2017 तक ईस्ट बंगाल ने लगातार आठ बार कलकत्ता लीग जीतकर अपना ही कीर्तिमान बेहतर बनाया था। 1953 में देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की सिफारिश पर ईस्ट बंगाल रोमानिया में यूथ फेस्टिवल में खेली थी। कई विदेशी टीम को भी ईस्ट बंगाल ने विभिन्न टूर्नामेंट में फतह किया है।

ईस्ट बंगाल के शताब्दी वर्ष पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करते बाएं से कपिल देव, सुनील छेत्री और सौरव गांगुली।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी दी संसद ने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

संसद ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 30 से बढ़ा कर 33 किए जाने के प्रावधान वाले महत्त्वपूर्ण विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सत्र के आखिरी दिन सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक 2019 बिना चर्चा के लोकसभा को लौटा दिया। लोकसभा इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

राज्यसभा में सभापति एम वेंकैया नायडू ने इस विधेयक पर चर्चा का प्रस्ताव रखते समय सदन का ध्यान इस बात की ओर दिलाया कि यह विधेयक धन विधेयक है इसलिए यदि उच्च सदन इस पर चर्चा नहीं भी करेगा तो भी यह स्वतः पारित हो जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने इस विधेयक को धन विधेयक घोषित किया था। सभापति नायडू ने पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि दिवंगत नेता के सम्मान में हमें इस विधेयक को बिना किसी वाद-विवाद के पारित करना चाहिए।

विधि एवं कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने भी सदन का ध्यान इस ओर दिलाया कि यह एक छोटा सा विधेयक है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या को 30 बढ़ा कर 33 करने का प्रावधान किया गया है। नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कांग्रेस इस विधेयक के प्रावधानों का समर्थन करती है। सदन में बनी सहमति के आधार पर सभापति ने इस विधेयक को बिना चर्चा के वापस लौटाने का प्रस्ताव किया । जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।

इससे पहले बसपा के सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि वह वे चाहते हैं कि शीर्ष न्यायपालिका में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का भी प्रतिनिधित्व हो। उल्लेखनीय है कि अभी शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) समेत 31 न्यायाधीश हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) कानून, 1956 आखिरी बार 2009 में संशोधित किया गया था। तब सीजेआइ के अलावा जजों की संख्या 25 से बढ़ाकर 30 की गई थी।

भारत के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा था कि जजों की कमी के कारण कानून के सवालों से जुड़े महत्त्वपूर्ण मामलों में फैसला लेने के लिए आवश्यक संवैधानिक पीठों का गठन नहीं किया जा रहा है। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि भारत के सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। एक जून 2019 तक सुप्रीम कोर्ट में 58,669 मामले लंबित थे।

नई दिल्ली में बुधवार को पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के अंतिम संस्कार के समय भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा।

बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ राजनयिक संबंध घटाए

पेज 1 का बाकी

सरकार ने ट्वीट पर जारी बयान में बताया कि कुल पांच फैसले लिए गए हैं। पहला फैसला यह है कि भारत के साथ राजनयिक संबंधों का दर्जा घटाया (डाउनग्रेड) जाएगा। दूसरा फैसला भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित करने का है। तीसरा फैसला भारत के साथ द्विपक्षीय रिश्तों और व्यवस्थाओं (समझौतों) की समीक्षा करने का है। चौथा फैसला मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने और संरा सुरक्षा परिषद में उठाने का है। पांचवां फैसला 14 अगस्त को कश्मीरियों के साथ एकजुटता जाहिर करने और 15 अगस्त को भारत के स्वतंत्रता दिवस को काला दिवस के रूप में मनाने का लिया गया है।पाक प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की एक अहम बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में शीर्ष सैन्य और असैन्य नेतृत्व भी शरीक हुए। एनएससी सैन्य और असैन्य शीर्ष नेतृत्व का सर्वोच्च फोरम है, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्त्वपूर्ण मसलों पर चर्चा की जाती है

दक्षिण एशिया में संभावित सैन्य वृद्धि को टालने के लिए तत्काल वार्ता की जरूरत : अमेरिका

वाशिंगटन, 7 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका ने बुधवार को कहा कि दक्षिण एशिया में तनाव को कम करने और संभावित सैन्य वृद्धि को टालने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत की 'तत्काल आवश्यकता' है। अमेरिका का यह बयान पाकिस्तान द्वारा भारतीय उच्चायुक्त को निष्कासित करने और राजनयिक संबंधों को कमतर करने के कुछ घंटों बाद आया।

> अमेरिका ने बुधवार को उन खबरों का जोरदार खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि भारत ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने से पहले इसकी सूचना दी थी।

ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दक्षिण एशिया के घटनाक्रम को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि तनाव को घटाने और संभावित सैन्य बढ़ोतरी को टालने के लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत की तत्काल जरूरत है। नाम उजागर न करने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंधों का स्वागत करेगा और हम ऐसे प्रयासों का समर्थन जारी रखेंगे जो तनाव घटाते हैं और भारत व पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हैं। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने सभी पक्षों से शांत रहने और संयम बरतने का आह्वान किया है।

उधर, अमेरिका ने बुधवार को उन खबरों का जोरदार खंडन किया, जिनमें कहा गया था कि भारत ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को रद्द करने से पहले इसकी सूचना दी थी। अमेरिका और भारत में कई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले सप्ताह बैंकॉक में मुलाकात के दौरान जम्मू कश्मीर पर भारत के फैसले के संबंध में अपने अमेरिकी समकक्ष माइक पोम्पिओ को सूचित किया था। दक्षिण और मध्य एशिया के विदेश राज्य मंत्री ऐलिस जी वेल्स ने ट्वीट किया, प्रेस रिपोर्टिंग के विपरीत, भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विशेष संवैधानिक दर्जे को रद्द करने की पहल से पूर्व अमेरिकी सरकार से परामर्श या सूचना नहीं दी।

प्रधानमंत्री मोदी देश को आज कर सकते हैं संबोधित

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देश को संबोधित कर सकते हैं। ऐसी संभावना है कि वह अपने संबोधन में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने और इसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में तब्दील करने के फैसले पर बात करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अंतिम बार देश को लोकसभा चुनाव से पहले 27 मार्च को सैटेलाइट रोधी मिसाइल द्वारा एक जीवित सैटेलाइट को मार गिराने की क्षमता की घोषणा करते हुए राष्ट्र को संबोधित किया था। संसद ने मंगलवार को संविधान के अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म करते हुए जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म कर दिया। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो अलग-अलग केंद्र शासित क्षेत्र बनाने वाला विधेयक भी पारित हो गया। प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम यह संबोधन ऐसे समय में हो रहा है जब स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के उनके औपचारिक संबोधन में कुछ ही दिन बचे हैं।

श्रद्धालुओं की अटूट आस्था राम जन्मभूमि होने का सबूत

पेज 1 का बाकी

तरह का सवाल उठा था। पीठ ने पूछा-क्या बेथलेहम में ईसा मसीह के जन्म जैसा विषय दुनिया की किसी अदालत में उठा और उस पर विचार किया गया। इस पर परासरन ने कहा कि वे इसका अध्ययन करके अदालत को सूचित करेंगे। इससे पहले अदालत ने इस विवाद में सुनवाई के दौरान निर्मोही अखाड़े से जानना चाहा कि विवादित स्थल पर अपना कब्जा साबित करने के लिए क्या उसके पास कोई राजस्व रिकार्ड और मौखिक साक्ष्य है। पीठ ने निर्मोही अखाड़े की ओर से वरिष्ठ वकील सुशील जैन से कहा कि चूंकि वे इस समय कब्जे के बिंदु पर हैं, इसलिए हिंदू संस्था को अपना दावा साबित करना होगा। संविधान पीठ ने कहा-अभी, हम कब्जे के मुद्दे पर हैं। आपको अपना कब्जा साबित करना है। यदि आपके पास अपने पक्ष में कोई राजस्व रिकार्ड है तो यह आपके पक्ष में बहुत अच्छा साक्ष्य है। निर्मोही अखाड़ा विभिन्न आधारों पर विवादित स्थल पर देखभाल करने और मालिकाना हक का दावा कर रहा है। अखाड़े का कहना है कि यह स्थल प्राचीन काल से ही उसके कब्जे में है और उसकी हैसियत मूर्ति के संरक्षक की है। पीठ ने जैन से सवाल किया- राजस्व रिकार्ड के अलावा आपके पास और क्या साक्ष्य है और कैसे आपने अभिभावक के अधिकार का इस्तेमाल किया। जैन ने इस तथ्य को साबित करने का प्रयास किया कि इस स्थल का कब्जा वापस हासिल करने के लिए हिंदू संस्था का वाद परिसीमा कानून के तहत वर्जित नहीं है। यह वाद परिसीमा कानून, 1908 के अनुच्छेद 47 के अंतर्गत आता है। यह संपत्ति दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 के तहत मजिस्ट्रेट के कब्जे में थी। परिसीमा की अवधि मजिस्ट्रेट के अंतिम आदेश के बाद शुरू होती है। चूंकि मजिस्ट्रेट ने कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है, इसलिए कार्रवाई की वजह जारी है, अतः परिसीमा द्वारा वर्जित होने का कोई सवाल नहीं उठता है।

उन्होंने कहा कि हमारा वाद तो मंदिर की देखभाल के लिए संरक्षक के अधिकार की बहाली का है और इसमें प्रबंधन और मालिकाना अधिकार भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 1950 में जब कब्जा लिया गया तो अभिभावक का अधिकार प्रभावित हुआ और इस अधिकार को बहाल करने का अनुरोध कब्जा वापस दिलाने के दायरे में आएगा।

सुषमा के निधन पर भाकपा ने शोक व्यक्त किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 अगस्त।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देश ने उनके निधन से एक सम्मानित नेता खो दिया है। पार्टी की ओर से बुधवार को जारी शोक संदेश में कहा गया है कि स्वराज, उन राजनेताओं में शामिल थीं जिनका सम्मान सभी राजनीतिक दलों में था। पार्टी ने स्वराज के सेवा भाव और सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। भाकपा के महासचिव डी राजा और राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने स्वराज को पुष्पांजलि अर्पित की।

दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों पर ट्रेन की रफ्तार 160 किमी करने का प्रस्ताव मंजूर

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

सरकार ने दिल्ली-मुंबई और दिल्ली हावड़ा मार्गों पर ट्रेन की रफ्तार बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रति घंटा करने के रेलवे के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे यात्रा में क्रमशः साढ़े तीन और पांच घंटे कम लगेंगे और रातभर में गंतव्यों तक पहुंचा जा सकेगा।

दिल्ली मुंबई मार्ग पर इस परियोजना पर लागत 6,806 करोड़ आएगी जबकि दूसरे मार्ग पर 6,685 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यह परियोजना 2022-23 तक पूरी होगी। यह मंत्रालय के 100 दिनों के एजेंडे का हिस्सा है। सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिए गए हैं लेकिन उन्हें बुधवार को सार्वजनिक किया गया। इसी बैठक में कश्मीर पर निर्णयों पर मंत्रियों के साथ चर्चा की गई थी। सरकार ने बयान में कहा कि इन मार्गों पर रफ्तार में वृद्धि से सेवा और सुरक्षा में सुधार आएगा व क्षमता बढ़ेगी।

पाकिस्तान ने माना, आतंक के वित्तपोषण का दोषी सईद

पेज 1 का बाकी

ने 10 लाख अमेरिकी डालर का इनाम रखा है। सईद को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लाहौर से 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला में आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) में पेश किया गया, जहां पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग ने उसके खिलाफ आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है।

विभाग के अधिकारी ने बताया कि उसने एटीसी में चालान पेश कर सईद को आतंकवाद के वित्तपोषण का दोषी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि चूंकि मामला पंजाब के मंडी बहाउद्दीन जिले से जुड़ा है, लिहाजा अभियोजन पक्ष ने अदालत से इस मामले को गुजरात एटीसी अदालत (लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर) स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। अभियोजन पक्ष के अनुरोध पर एटीसी गुजरांवाला ने मामले को गुजरात एटीसी स्थानांतरित कर दिया है। मामले की अगली सुनवाई गुजरात एटीसी में होगी। लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को 17 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। सईद को कड़ी सुरक्षा के बीच लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया है।

सुषमा को नम आंखों से दी गई विदाई

पेज 1 का बाकी

आवास पर लगा हुआ था। वहां उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत अन्य नेता पहुंचे थे। इसके बाद सुषमा स्वराज के पार्थिव शव को पार्टी मुख्यालय लाया गया।

पार्टी मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं के लिए करीब 3 घंटे पार्थिव शरीर को एक कांच के बॉक्स में रखा गया था। हजारों लोग उनकी अंतिम झलक पाने के लिए पार्टी कार्यालय पहुंचे थे। करीब तीन बजे उनके शव को विशेष गाड़ी के माध्यम से लोदी रोड शवदाह पर ले जाया गया। उन्हें अंतिम यात्रा पर रवाना करने से पूर्व राष्ट्रीय झंडे में लपेट कर रखा गया था। श्रद्धांजलि देने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी. नड्डा, सोनिया गांधी, भूटान के पूर्व प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे, शरद यादव, अशोक गहलोत, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल व राज्यपाल जगदीश मुखी शामिल थे। उनके पार्थिव शरीर को लेकर वाहन जैसे ही सड़क पर आगे बढ़ा लोग उनके अंतिम क्षणों को अपने मोबाइल में कैद करते नजर आए।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म

पेज 1 का बाकी

समय-समय पर संशोधित सभी उपबंध बिना किसी संशोधन और अपवाद के जम्मू कश्मीर राज्य पर लागू होंगे। यह तब भी लागू होंगे, चाहे अनुच्छेद 152 अथवा अनुच्छेद 308 में निहित किसी अपवाद अथवा इस संविधान के किसी अन्य अनुच्छेद अथवा जम्मू कश्मीर संविधान के किसी अन्य उपबंध अथवा कोई कानून, दस्तावेज, निर्णय, अध्यादेश, आदेश, उप नियम, नियम, विनियम, अधिसूचना, रीति रिवाज अथवा भारत के भूभाग में कानून प्रवर्तन अथवा कोई अन्य लिखित संधि या समझौता जैसे अनुच्छेद 363 के अंतर्गत परिकल्पित हो अन्यथा न हो। अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांटने का प्रस्ताव पेश किया था।

नीतिगत दर 0.35 फीसद घटाई, मकान, वाहन कर्ज होगा सस्ता

पेज 1 का बाकी

0.35 फीसद की कटौती की है। रेपो दर में चार बार में अब तक कुल 1.10 फीसद की कटौती की जा चुकी है।

केंद्रीय बैंक ने 2019-20 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के जून के अनुमान को भी 7.0 फीसद से घटाकर 6.9 फीसद कर दिया। आरबीआइ गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति का नरम रुख बरकरार रखने का निर्णय किया। इससे यह संकेत मिलता है कि मौद्रिक नीति में आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर और कटौती हो सकती है। हालांकि, यह मुद्रास्फीति जैसे कारकों पर निर्भर करेगी।

केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति दो फीसद घट-बढ़ के साथ चार फीसद के दायरे में रहने का लक्ष्य मिला हुआ है। समिति ने कहा कि पिछली बार की रेपो दर में कटौती का लाभ धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था में पहुंच रहा है, नरम मुद्रास्फीति परिदृश्य नीतिगत कदम उठाने की गुंजाइश देता है ताकि उत्पादन में नकारात्मक अंतर की भरपाई की जा सके। आरबीआइ ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा- मुद्रास्फीति लक्ष्य की मिली जिम्मेदारी को निभाते हुए सकल मांग, खासकर निजी निवेश को गति देकर वृद्धि संबंधी चिंता को दूर करना इस समय उच्च प्राथमिकता में है। यह लगातार चौथी बार है जब रेपो दर में कटौती की गयी है। इससे पहले सात फरवरी 2019 को पेश मौद्रिक समीक्षा में 0.25 फीसद कटौती की गई। उसके बाद चार अप्रैल, फिर तीन जून को हुई समीक्षा में भी इतनी ही कटौती की गई। कुल मिलाकर अब रेपो दर में 1.10 फीसद की कटौती की जा चुकी है।

डोभाल ने कश्मीर का दौरा किया

पेज 1 का बाकी

से मिल रहे हैं। डोभाल ने शोपियां जिले में लोगों से कहा, 'सबकुछ ठीक हो जाएगा। आपकी /इ /इरक्षा और सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।' कश्मीर में अभूतपूर्व सुरक्षा कदम उठाए गए हैं तथा कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए कई प्रतिबंध लगाए हैं तथा सभी संचार सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। डोभाल बंद दुकानों के बाहर एक पगडंडी पर खाना खाते तथा स्थानीय लोगों से बात करते दिखे। उन्होंने सुरक्षा मुद्दे और अनुच्छेद 370 हटाने तथा राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने के सरकार के फैसले पर लोगों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने लोगों से कहा, 'आपके और उनके बच्चे यहीं रहेंगे। वे विश्व में अपना नाम करेंगे।' उन्होंने क्षेत्र में मौजूद पुलिसकर्मियों से भी मुलाकात की। उनके साथ राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह भी थे।

राज्य में 500 से ज्यादा हिरासत में

पेज 1 का बाकी

आरबीआइ गवर्नर दास ने कहा कि बैंकों ने उनके ऋण ग्राहकों को मात्र 0.29 फीसद ब्याज दर कटौती का लाभ पहुंचाया है जबकि जून तक रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दरों में 0.75 फीसद की कटौती की थी। उन्होंने कहा कि बैंकों ने ऐसा तब अपना रखा है जबकि वे जिस वित्तीय बाजार पर निर्भर करते हैं वह रिजर्व बैंक की नीतियों के हिसाब से चल रहा है।

दास ने यहां संवाददाताओं से कहा- हम उम्मीद करते हैं कि नीतिगत निर्णय को आगे बढ़ाने के लिए आने वाले हफ्तों और महीनों में बैंक काम करेंगे। अगस्त की मौद्रिक समीक्षा नीति में ब्याज दरों में 0.35 फीसद की कटौती का निर्णय 4:2 की सहमति से किया गया।

बैंक नीतिगत दर में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को दें : उद्योग जगत

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

भारतीय उद्योग जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक की नीतिगत दर में बुधवार को 0.35 फीसद की कटौती का स्वागत किया है और अपील की है कि वाणिज्यिक बैंक नीतिगत ब्याज दर में कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें ताकि निवेश और उपभोग को बढ़ावा मिल सके।

उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष संदीप सोमानी ने कहा कि बुधवार की दर कटौती और बैंकिंग प्रणाली में तरलता (नकद धन) की जरूरत से ज्यादा उपलब्धता के बाद यह महत्त्वपूर्ण है कि व्यावसायिक बैंक अपनी ऋण ब्याज दरों में कटौती कर नीतिगत दर में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें उपभोग और निवेश में कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष राजीव तलवार ने कहा कि रेपो दरों में कटौती से उपभोग को फिर से बढ़ाने में मदद मिलेगी। पूंजी की लागत कम होने से उत्पादकों की प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। तलवार ने कहा कि दरों में कटौती का लाभ जमीन तक पहुंचाने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को अपनी ऋण ब्याज दरों में कटौती करनी होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाली तिमाहियों में रेपो दर पांच फीसद से नीचे आएगी। इससे तरलता बढ़ेगी और उद्योग को कर्ज उपलब्ध होगा विशेषकर लघु उद्योग क्षेत्र को क्योंकि उनकी पूंजी की लागत में कमी आएगी। रेपो दर पर रिजर्व बैंक बैंकों को कर्ज उपलब्ध कराता है।

इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार रेपो दरों में कमी का प्रभाव ऋण ब्याज दरों में सस्ते होने से होगा। इससे बड़े स्तर पर अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। रिजर्व बैंक ने वर्ष 2019 में लगातार चौथी बार नीतिगत ब्याज दर घटाई है। इस समय रेपो दर 5.40 फीसद पर नौ साल के सबसे निचले स्तर पर है। इस समय अर्थव्यवस्था में निवेश और उपभोक्ता मांग में नरमी के चलते केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.9 फीसद रहने का ताजा अनुमान लगाया है। यह उसके जून के सात फीसद के अनुमान से कम है।

सोना रेकार्ड 38,000 रुपए के करीब पहुंचा

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत बुधवार को 1,113 रुपए की तेजी के साथ 37,920 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर को छू गया। अमेरिका और चीन के बीच ताजा व्यापार तनाव के बढ़ने से निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के विकल्प के बतौर सर्राफा की ओर रुख किया जिससे विदेशी बाजारों में तेजी का रुख रहा। इसके अलावा निवेशकों की सतत लिवाली से सोने में यह तेजी देखने को मिली। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं का उठाव बढ़ने के कारण चांदी भी 650 रुपए बढ़कर 43,670 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

बाजार विश्लेषकों ने कहा कि मजबूत वैश्विक रुख के साथ स्थानीय मांग बढ़ने से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयार्क में सोने का भाव 1,487.20 डॉलर प्रति औंस था, जबकि चांदी में 16.81 डॉलर प्रति औंस पर बोली लग रही थी।

अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने कहा- घरेलू बाजार में आज तक 37,920 रुपए प्रति 10 ग्राम का सोने का मूल्य, सर्वाधिक मूल्य है। पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमतें बढ़ रही हैं और सोमवार को यह 36,970 रुपए के स्तर पर जा पहुंची थी।

राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को 99.9 फीसद शुद्धता वाला सोना 1,113 रुपए बढ़कर 37,920 रुपए हो गया, जबकि 99.5 फीसद वाला सोना 1,115 रुपए बढ़कर 37,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। गिन्नी का भाव भी 200 रुपए बढ़कर 27,800 रुपए प्रति आठ ग्राम हो गया। चांदी तैयार की कीमत 650 रुपए बढ़कर 43,670 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि चांदी साप्ताहिक डिलीवरी की कीमत 694 रुपए बढ़कर 42,985 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी के सिक्कों की अच्छी मांग रही और इनकी कीमतें 1,000 रुपए की तेजी के साथ लिवाल 86,000 रुपए और बिकवाल 87,000 रुपए प्रति सैकड़ा पर बंद हुई।

एसबीआइ ने कर्ज पर ब्याज दर 0.15 फीसद घटाई

मुंबई, 7 अगस्त (भाषा)। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को कर्ज पर ब्याज दर में 0.15 फीसद कटौती की घोषणा की। यह कटौती 10 अगस्त से प्रभाव में आएगी।

रिजर्व बैंक के वृद्धि दर अनुमान कम किए जाने से सूचकांक 286 अंक टूटा

मुंबई, 7 अगस्त (भाषा)।

रिजर्व बैंक के द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को कम किए जाने से शेयर बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा और बंबई शेयर बाजार का सूचकांक बुधवार को 286 अंक टूटकर 36,690.50 अंक पर बंद हुआ। नीतिगत दर में 0.35 फीसद की बड़ी कटौती के बावजूद बाजार नीचे आया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला सूचकांक 286.35 अंक यानी 0.77 फीसद की गिरावट के साथ 36,690.50 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.75 अंक यानी 0.85 फीसद टूटकर 10,855.50 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, दिन में भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए नीतिगत दर में 0.35 फीसद की कटौती की। इस कटौती के बाद रेपो दर नौ साल के न्यूनतम स्तर 5.40 फीसद पर आ गई।

यह लगातार चौथा मौका है जब नीतिगत दर में कटौती की गई है। इसके साथ आरबीआइ ने मांग और निवेश में नरमी के कारण चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को कम कर 6.9 फीसद कर दिया है। इससे पहले, जून में द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा वृद्धि दर 7 फीसद रहने का अनुमान जताया गया था।

ब्याज दर से जुड़े ज्यादातर शेयर नुकसान में रहे। बीएसई वाहन, बैंक सूचकांक, वित्त और रीयल्टी सूचकांकों में 2.10 फीसद की गिरावट आई। सूचकांक के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 52.56 फीसद घटकर 894.11 करोड़ रुपए रहने से शेयर 5.62 फीसद नीचे आ गया। वाहनों की बिक्री कम होने से लाभ प्रभावित हुआ।

नुकसान में रहने वाले अन्य शेयरों में टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एसबीआई, वेदांता, एक्सिस बैंक, आइटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति, एल एंड टी, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और कोटक बैंक शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ एचयूएल, येस बैंक, हीरो मोटो कार्प, इंडसइंड बैंक, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इन्फोसिस में 1.95 फीसद तक की तेजी आई।

ड्रिप कैपिटल के सहसंस्थापक और सह मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुष्कर मुकेवार ने कहा कि वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात फीसद से घटाकर 6.9 फीसद करने से संभवतया अल्पकाल में बाजार धारणा प्रभावित हुई है। इसके अलावा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को पूंजी प्रवाह बढ़ने से कर्ज उपलब्धता भी बढ़ेगी।

निर्यातकों ने रिजर्व बैंक से किया आसान कर्ज का आग्रह

कोयंबटूर, 7 अगस्त (भाषा)।

निर्यातकों ने रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.35 फीसद की कटौती का स्वागत करते हुए रिजर्व बैंक से निर्यातकों को कर्ज वितरण में तेजी लाने और दर कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया है।

निर्यातकों ने कहा है कि रिजर्व बैंक को खासतौर से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग क्षेत्र में आसानी से कर्ज उपलब्ध कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन रवि सहगल ने कहा कि निर्यातक इस समय वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कई बाजारों में मंदी चल रही है ऐसे में निर्यातकों को आसानी से कर्ज उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसमें प्रक्रियात्मक अड़चनें नहीं आनी चाहिए जिसमें थका देने वाली दस्तावेजी प्रक्रिया होती है।

ब्रिज एंड रूफ कं० (इंडिया) लि०

बी एण्ड आर B AND R

(भारत सरकार का उपक्रम)

CIN No. U27310WB1920GOI003601

"कांकरिया सेंटर", (4था व 5वां तल), 2/1, रसेल स्ट्रीट, कोलकाता-71

ई-निविदा आमंत्रण सूचना : ई-(निआसू) सं० : मैट (पी)/ ईआरई/ डंब बार्ज/ 702, दिनांक : 08.08.2019

मेसर्स कएमसा, कोलकाता के "सदा पुरान आइजाडब्ल्यूटापा का बचाव के लिए बड़ पमान पर कटाव से तट सुरक्षा" हेतु 4 प्वाइंट मूरिंग विंचेज के साथ न्यूनतम 75 एमटी क्षमता के क्रेन को ढोने के लिए सक्षम 01 नग डंब बार्ज, न्यूनतम 180 एमटी शीट पाइल्स को ढोने के लिए सक्षम 01 नग डंब बार्ज, बार्ज मूवमेंट हेतु 01 नग एंकर हैंडलिंग टग, 01 नग पैसेंजर वोट व उपयस्करों को भाड़े पर लेने के लिए ब्रिज एंड रूफ कं० (इंडिया) लि० द्वारा दो भाग प्रणाली में ऑनलाइन बोली आमंत्रित है।

इच्छुक बोलीदाताओं को http://eprocure.gov.in/eprocure/app में लॉगिंग के जरिए सरकारी ई-प्रापण प्रणाली में सूचीबद्ध व पंजीकृत होना होगा।

प्रस्ताव दाखिले की अंतिम तिथि : 22.08.2019 को 16.00 बजे तक

इस संदर्भ में कोई भी शुद्धिपत्र/ संयोजन सिर्फ कंपनी की वेबसाइट : www.bridgeroof.co.in तथा सीपीपी पोर्टल : http://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जारी की जाएगी।

Kanoria PG Mahila Mahavidyalaya
J.L.N. Marg, Jaipur-302015 (Rajasthan)

NOTICE INVITING TENDER

Sealed Tenders are invited for 'Expansion of Building' work from 'A' Class contractors registered with Central / State Government Departments or any other Statutory Authority, obtain Tender Forms from the college office between 10 am to 3 pm:

Estimated Cost	5.60 Crores
Earnest Money	Rs. 11,20,000/-
Tender Cost	Rs. 2000/-
Date of Sale of Tender	10.08.2019 to 09.09.2019

Secretary

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
कार्यकारी अभियंता का कार्यालय,
सी-10 इन्द्रलोक, दिल्ली-110035

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड की ओर से कार्यपालक अभियंता, सी-10, डी.यू.एस.आई.बी., इन्द्रलोक, दिल्ली-110035 निम्नलिखित कार्यों के लिए दो निविदा प्रणाली में प्रतिशत दर निविदा (ऑनलाइन) आमंत्रित करते हैं:

(1) एनआईटी संख्या: 33/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_176557_1
कार्य का नाम: अनुसूचित जाति/जन जाति बस्तियों में सुधारीकरण कार्य: दिल्ली सरकार, दिल्ली.
उप शीर्ष: जे जे कालोनी इन्द्रपुरी (विधान सभा क्षेत्र-39: राजेन्द्र नगर के ब्लाकः ए में (निकट ए-322 व झुग्गी नं. बी. 46) चौपाल का निर्माण
अनुमानित लागत: Rs. 82,74,555.00 — धरोहर राशि: Rs. 1,65,500.00
निविदा मूल्य: Rs. 1000.00 — कार्य अवधि: 240 Days

(2) एनआईटी संख्या: 34/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177700_1
कार्य का नाम: अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत आधारभूत संरचनाओं का विकास
उप शीर्ष: विधान सभा क्षेत्र संख्या 23 करोल बाग के एम.एम. रोड, टी-हट्सः रानी झांसी रोड की विभिन्न गलियों में सीमेंट कंक्रीट के फर्श व बरसाती पानी की निकास व्यवस्था
अनुमानित लागत: Rs. 1,90,80,065.00 — धरोहर राशि: Rs. 3,81,700.00
निविदा मूल्य: Rs. 1000.00 — कार्य अवधि: 180 Days

(2) एनआईटी संख्या: 35/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177702_1
कार्य का नाम: ई.आई.यू.एस.
उप शीर्ष: फरिस्ता सोप फैक्ट्री ओल्ड रोहतक रोड शहजादा बाग (एसी-19 सदर बाजार) के निकट जे जे बस्ती में सीमेन्ट कंक्रीट की गलियां एवं नालियों की मरम्मत व जीर्णोद्धार
अनुमानित लागत: Rs. 38,10,819.00 — धरोहर राशि: Rs. 76,300.00
निविदा मूल्य: Rs. 500.00 — कार्य अवधि: 120 Days

(4) एनआईटी संख्या: 36/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177703_1
कार्य का नाम: सामुदायिक भवन निर्माण
उप शीर्ष: रंजीत नगर, गली नं. 10 पटेल नगर (विधान सभा क्षेत्र-24) में सामुदायिक भवन का सुधारीकरण व नवीकरण
अनुमानित लागत: Rs. 33,40,033.00 — धरोहर राशि: Rs. 66,850.00
निविदा मूल्य: Rs. 500.00 — कार्य अवधि: 180 Days

(5) एनआईटी संख्या: 37/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177704_1
कार्य का नाम: सामुदायिक भवन निर्माण
उप शीर्ष: पटेल नगर (विधान सभा क्षेत्र-24) के प्रेम नगर, में सामुदायिक भवन का सुधारीकरण व नवीकरण
अनुमानित लागत: Rs. 51,97,633.00 — धरोहर राशि: Rs. 1,04,000.00
निविदा मूल्य: Rs. 1000.00 — कार्य अवधि: 180 Days

(6) एनआईटी संख्या: 38/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177706_1
कार्य का नाम: निर्मित सुविधाएं (समुदाय भवन/ बस्ती विकास केंद्र).
उप शीर्ष: 1105-09 गली समोसान, फराशखाना- बल्लीमारान (विधान सभा क्षेत्रः 22) के समुदाय भवन का उन्नतिकरण, सुधारीकरण व चबूतरा/ छज्जा पर अस्थाई औसारे का निर्माण
अनुमानित लागत: Rs. 87,08,282.00 — धरोहर राशि: Rs. 1,74,200.00
निविदा मूल्य: Rs. 1000.00 — कार्य अवधि: 180 Days

(7) एनआईटी संख्या: 39/EEC-10/DUSIB/2019-20 — निविदा संख्या: 2019_DUSIB_177707_1
कार्य का नाम: अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत आधारभूत संरचनाओं का विकास
उप शीर्ष: विधान सभा क्षेत्र संख्या 23 करोल बाग के टैंक रोड बापा नगर (वार्ड नं. 92 ई.बी. 10) में सामुदायिक भवन का सुधारीकरण व उन्नतिकरण
अनुमानित लागत: Rs. 1,97,67,229.00 — धरोहर राशि: Rs. 3,95,500.00
निविदा मूल्य: Rs. 1000.00 — कार्य अवधि: 180 Days

* निविदा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि व समय: 19 अगस्त, 2019 के 15.00 बजे तक
* निविदा खोलने की तिथि: 19 अगस्त 2019 के 15.30 बजे के बाद
निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण वेबसाइट https://eprocurement.delhi.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।
** सभी इच्छुक निविदादाताओं से अनुरोध है कि वह उक्त निविदा से संबंधित किसी भी अद्यतन/ सुधार के लिए नियमित रूप से उपरोक्त साइट का अवलोकन करते रहें, अद्यतन/ सुधार प्रेस में विज्ञापित नहीं किया जाएगा।

हस्ता./-
कार्यकारी अभियन्ता
सी-10, डी.यू.एस.आई.बी.

DIP/Shabdarth/0495/19-20

केन्द्रीय भण्डारण निगम

(भारत सरकार का उपक्रम)
निगमित कार्यालय: 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रान्तिमार्ग, हौजखास, नई दिल्ली-110016, टेलीफैक्स: 011-4885/884,
ई-मेल: engg.cwhc@cewacor.nic.in, वेबसाइट: www.cewacor.nic.in

स.कैमनि/नि.का.-इंजी./प्रैस नोट/2019-20/2415 — दिनांक: 07.08.2019

ई-टैंडर आमंत्रण प्रैस सूचना

केन्द्रीय भंडारण निगम निम्नलिखित कार्यों के लिए ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु.में)	निविदा ऑनलाइन भेजने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	सैन्ट्रल वेअरहाउस, गोला गोकरन नाथ (यू.पी.) में गोदामों, आंतरिक सड़कों का नवीनीकरण तथा एसी शीट रूफिंग को बदलना।	367.03	06.09.2019

अनुबंध की शर्तें और ई-टैंडर आमंत्रण सूचना सहित विस्तृत निविदा सूचना निगम की वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टैंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app से देखी और डाउनलोड की जा सकती है। इस निविदा संबंधी यदि कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट होगा तो वह केवल वेबसाइट www.cewacor.nic.in या ई-टैंडर वेबसाइट www.tenderwizard.com/CWC अथवा सीपीपी पोर्टल http://eprocure.gov.in/epublish/app.(CPP) पर प्रकाशित होगा। इसके लिए समाचार पत्र में कोई विज्ञापन जारी नहीं किया जाएगा।

मुख्य अभियंता

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

CONCOR
(A Govt. of India Navratna Undertaking)
Regd. Office : CONCOR Bhawan, C-3, Mathura Road, Opp. Apollo Hospital, New Delhi-110076.

खुली निविदा सूचना (केवल ई-टेंडरिंग प्रक्रिया)
निविदा सं. कॉन/टी/बीसीएस/सीबीसी-5520/2019

कॉनकॉर द्वारा नवीनतम संशोधन या नवीनतम ड्राइंग के साथ आरडीएसओ विनिर्देशन सं डब्ल्यूडी-70-बीडी-10 के अनुसार 25टी एक्सल लोड वैगनों के लिए 5520 नग अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सेंटर बफर कपलर एवं इसके कम्पोनेंट्स की आपूर्ति के लिए आरडीएसओ अनुमोदित स्रोतों से दो पैकेट खुली निविदा प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा संदर्भ	निविदा सं. कॉन/टी/बीसीएस/सीबीसी-5520/019
निविदाकृत मात्रा	5520 नग
निविदा सुरक्षा (धरोहर जमा राशि)	₹ 10,00,000/-
दस्तावेज की कीमत	₹1,000 कॉनकॉर के ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से
निविदा प्रक्रिया शुल्क (अ-प्रतिदेय)	₹ 5310.00 (जीएसटी @18% सहित) कॉनकॉर के ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से
निविदा पूर्व बैठक	14.08.2019 (12:00 बजे)
निविदा बिक्री अवधि (ऑनलाइन)	08.08.2019 (11:00 बजे) से 28.08.2019 (18:00 बजे)
निविदा जमा करने की तिथि एवं समय	29.08.2019 (17:00 बजे तक - भारतीय मानक समय)
निविदा खुलने की तिथि एवं समय	30.08.2019 को 11:00 बजे
खुलने का स्थान	भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड, कॉनकॉर भवन, सी-3, मथुरा रोड (अपोलो अस्पताल के सामने), नई दिल्ली-110076
पत्राचार का पता	समूह महाप्रबंधक (तकनीकी) भारतीय कंटेनर निगम लि. कॉनकॉर भवन, सी-3, मथुरा रोड, अपोलो अस्पताल के सामने, नई दिल्ली-110076 (भारत) फोन: 91-11-41673084/41673085 फैक्स: 91-11-41673071 ई-मेल: ggmtofficeco@concorindia.com

समूह महाप्रबंधक (तकनीकी)

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra

प्रधान कार्यालय: 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005

शुद्धिपत्र-2

हमारे दिनांक 26 जुलै, 2019 के कॅलेंडर 2020 संदर्भित आरएफपी का शुद्धिपत्र हमारी वेबसाइट www.bankofmaharashtra.in पर अपलोड किया गया है।

07/08/2019 पुणे — सहा. महाप्रबंधक, विपणन व प्रचार

दिल्ली जल बोर्डः रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार

कार्यालयः कार्यपालक अभियंता (एसडब्ल्यू)-I
ओवरहेड टैंक, भारती कॉलेज के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली
प्रैस एनआईटी सं. 12 (2019-20)/एसडब्ल्यू-I

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई-प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	ईई (एसडब्ल्यू-I) के अंतर्गत द्वारका विधानसभा क्षेत्र (एसी-33) में गीतांजलि पार्क, हरिजन बस्ती (आरजेड-एच-70 से आरजेड-एच-56 तक तथा आरजेड-एच-44 से आरजेड-एच-65 तक तथा आरजेड-एच-42 से आरजेड-एच-28 तथा आरजेड-एच-15 से आरजेड-एच 1 तक तथा आरजेड-एच-64 से आरजेड-एच-7 तक) 100 एमएम डाया वाटर लाइन के पी/एल तथा आरईपीएल द्वारा जलापूर्ति का सुधार।	रु. 3266479/-	निविदा आईडी 2019_DJB_177679_1 3.8.2019 3.17 अप. से	19.8.2019 3.05 अप. तक

इस संदर्भ में सभी नियमों एवं शर्तों सहित एनआईटी के अधिक विवरण वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।

पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी — हस्ता./-
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019-20/249 — कार्यपालक अभियंता (एसडब्ल्यू)-I

सहयोग मल्टीबेज लिमिटेड

(पूर्व में सहयोग क्रेडिट्स लिमिटेड विदित)
CIN: L74110DL1992PLC116773
पंजी. कार्यालयः मकान सं. 9, रोड नं. 13, ईस्ट पंजाबी बाग, नई दिल्ली-110026
वेबसाईटः www.sahyogmultibaselimited.com, ईमेल आईडीः sahyogcredit@yahoo.com

30 जनू, 2019 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

रु. लाखों में

विवरण	30 जून, 2019 को समाप्त तीन महीने (अनंकेक्षित)	30 जून, 2018 को समाप्त तीन महीने (अनंकेक्षित)	31 मार्च, 2019 को समाप्त तीन महीने (अंकेक्षित)	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित)
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	2178.43	2817.23	6282.06	12776.64
विशिष्ट मदों एवं कर से पूर्व शुद्ध लाभ	33.20	3.80	5.09	20.57
कर से पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)	33.20	3.80	5.09	20.57
कर से बाद शुद्ध लाभ	41.17	2.64	1.42	9.67
अवधि के लिये कुल व्यापक आय	823.80	2.64	165.34	(53.91)
इक्विटी शेयर पूंजी (रु.)	797.60	797.60	797.60	797.60
आय प्रति शेयर (रु. 1/- प्रति का) (जारी तथा अवरुद्ध प्रचालनों के लिये)				
1. मूल	10.33	0.03	0.02	0.12
2. तरल	10.33	0.09	0.02	0.12

टिप्पणी:

1. उपरोक्त सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचैंजों में दाखिल की गई तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही तथा वर्ष के वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 6 अगस्त, 2019 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किये गये। यह ऑडिट कम्पनी के सांविधिक ऑडिटरों द्वारा की गई है तथा उन्होंने अ-संशोधित अभिमत के साथ अपनी सीमित समीक्षा रिपोर्ट जारी किये हैं।

निदेशक मंडल के आदेश से
सहयोग मल्टीबेज लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
हिमांशि नेगी
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 06.08.2019

केनरा बैंक Canara Bank — कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

(A Government of India Undertaking)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002, (2002 का संख्यांक 54) की धारा 13(12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये एक मांग पत्र निम्न प्रत्येक खाते के आगे वर्णित दिनांकों को (विवरण निम्न वर्णित है) सम्बन्धित ऋणियों तथा सम्पत्ति के मालिकों से भुगतान की मांग करते हुये संबन्धित सूचना के अन्तर्गत राशि इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों में भुगतान करने के लिये निर्गमित किया। सम्बन्धित ऋणियों द्वारा राशि के भुगतान में असफल होने पर ऋणियों को तथा जन सामान्य को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(4) तथा सपठित नियमों के नियम 8 व 9 के अन्तर्गत निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। सम्बन्धित ऋणियों/मालिकों को विशेषतः तथा जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों में कोई व्यवहार न करें तथा उक्त सम्पत्तियों में किया गया कोई भी व्यवहार केनरा बैंक से संबन्धित राशि एवं ब्याज व अन्य खर्चों के अधीन होगा।

क्र0 सं0	शाखा का नाम	ऋणकर्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि	सांकेतिक कब्जे की तिथि एवं स्थान
1.	एसएमई शाखा भोपा रोड, मुजफ्फरनगर	श्री सलीम पुत्र बसीर अहमद	संपत्ति के सभी भाग व पार्सल निर्मित मकान नंबर 763 क्षेत्रफल 100.777 वर्ग गज, जिसका मतलब 90.338 वर्ग मीटर है। मौहल्ला खालापार दक्षिण नई आबादी, मुजफ्फरनगर। श्री सलीम पुत्र बसीर अहमद के नाम। सीमायें:- उत्तर: रस्ता, दक्षिण: हाजी दिलशाद का प्लॉट, पूर्वः नसीम का मकान, पश्चिम: श्री इदरीश का मकान।	24.08.2018 Rs. 638642.56 + ब्याज व अन्य खर्चे	05.08.2019 मुजफ्फरनगर
2.	मुजफ्फरनगर मैन शाखा	श्री नरेश कुमार पुंडीर	ईएमटी एक मकान क्षेत्रफल 51.66 वर्ग गज, मकान नंबर 1549, जनकपुरी, मुजफ्फरनगर। सीमायें:- पूर्व: गड़रियों की सम्पत्ति, पश्चिम: वेद सिंह की सम्पत्ति, उत्तर: रास्ता, दक्षिण: त्यागी जी की सम्पत्ति	04.04.2019 Rs. 474203.36 + ब्याज व अन्य खर्चे	05.08.2019 मुजफ्फरनगर
3.	मुजफ्फरनगर मैन शाखा	मैसर्स महादेव इन्डस्ट्रीयल ट्रेनिंग इन्स्टीटयूट; गारंटर: संजय शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा, गारंटर: अंजलि शर्मा पत्नि विक्रांत शर्मा, को-ऑब्लिगेंट: विक्रांत शर्मा, सभी 141/1, साउथ सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर; को-ऑब्लिगेंट: रविंदर कुमार, न्यू इंद्रा कॉलोनी, सौराज लेन के पास, मुजफ्फरनगर	ईएमटी भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 1122, ग्राम सिसौना परगना जिला मुजफ्फरनगर। सीमायें:- पूर्व: 11' चौड़ी रोड, पश्चिम: श्री बलदेवा और हरदेवा की भूमि, उत्तर: 15' चौड़ी रोड, दक्षिण: श्री बलदेवा और हरदेवा की भूमि.	18.04.2019 Rs. 1177977.39 + ब्याज व अन्य खर्चे	05.08.2019 मुजफ्फरनगर
4.	देवबंद शाखा	श्री मौहम्मद अकरम प्रोपराइटर मैसर्स चौधरी ट्रेडर्स	एक दुकान साउथ फेसिंग, क्षेत्रफल पूर्व की ओर 27 फीट, उत्तर की ओर 7 फीट और दक्षिण की ओर 7 फीट, कुल क्षेत्रफल 17.57 वर्ग मीटर, स्थित मौहल्ला पठानपुरा, मिला रोड, देवबंद परगना और तहसील देवबंद, जिला सहारनपुर। मौहम्मद अकरम पुत्र श्री मौहम्मद हनीफ के नाम। सीमायें:- पूर्व: श्री यामीन की दुकान और मकान, पश्चिम: इस्तेखार की दुकान, उत्तर: श्री मशरूमा की सम्पत्ति, दक्षिण: मिला रोड, देवबंद	23.08.2018 Rs. 5,01,898.70 + ब्याज व अन्य खर्चे	07.08.2019 देवबंद

दिनांक:- 07.08.2019 — प्राधिकृत अधिकारी

ICICI Bank

आईसीआईसीआई बैंक लि. एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, नई दिल्ली-110003
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पाद्रा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट ऑफिस : आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई - 400 051

सार्वजनिक सूचना - प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री के लिए निविदा सह नीलामी

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत चल एवं अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये सूचना

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित उक्त सरफेसी अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने 23 नवम्बर, 2015 को मांग सूचना जारी कर मै. एनसीएमएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ("ऋणी"), मै. एन एम इंडस्ट्रीज प्रा लिमिटेड ("कार्पोरेट गारंटर" एवं प्रतिभूति प्रदाता"), मनीष जैन (एचयूएफ) ("गारंटर"), सुश्री श्रेया जैन (रजनीश जैन एचयूएफ के कोपरसेनर / रजनीश जैन के कानूनी उत्तराधिकारी"), श्री मनीष जैन ("प्रबंध निदेशक तथा गारंटर"), श्री मोहन लाल जैन ("गारंटर"), श्रीमती सुमन जैन ("गारंटर"), श्रीमती कमला जैन ("गारंटर") तथा श्रीमती संगीता जैन ("गारंटर तथा रजनीश जैन/एचयूएफ के कोपरसेनर ("रजनीश जैन के कानूनी उत्तराधिकारी") यहाँ के बाद सामूहिक रूप से "नोटिसी" के रूप में विदित हैं, और बाद में 15 मई, 2019 को नीचे दी गई सम्पत्ति ("सुरक्षित सम्पत्ति") पर भौतिक कब्जा ले लिया है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दी गई सुरक्षित सम्पत्ति की ई-नीलामी सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत "जैसा है जहाँ है, जो कुछ भी वहाँ है तथा बिना किसी दायित्व" पर आयोजित किया जायेगा।

प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण	नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार ग्राम छिजारसी कुलीचगनर, परगना, डासना, तहसील हापुड़, जिला गाजियाबाद में स्थित भूमि (एन एम इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के स्वामित्व में) • सम्पत्ति खाता नं. 251, खसरा नं. 514 माप 1.7690 हेक्टेयर्स • खाता नं. 354, खाता नं. 513, माप 0.158 हेक्टेयर्स की सम्पत्ति के 1/2 भाग की सम्पत्ति • खाता नं. 354, खाता नं. 513, माप 0.158 हेक्टेयर्स की सम्पत्ति के 1/2 भाग की सम्पत्ति • खाता नं. 225, खाता नं. 512, माप 0.21466 हेक्टेयर्स की सम्पत्ति के 2/3 भाग की सम्पत्ति • खाता नं. 225, खाता नं. 512, माप 0.10733 हेक्टेयर्स की सम्पत्ति के 1/3 भाग की सम्पत्ति के साथ उस पर सभी बिल्डिंग्स तथा सुपर स्ट्रक्चर, फिक्सचर्स, फिटिंग्स तथा सभी प्लांट एवं मशीनरी (एनसीएमएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के स्वामित्व में) वहाँ की भूमि से जुड़ी अथवा वहाँ की भूमि से जुड़ी कोई भी स्थाई वस्तु।
आरक्षित मूल्य	रू. 23,53,00,000.00
धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी)	रू. 2,35,30,000.00
ईएमडी प्रेषण	"आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में नई दिल्ली में भुगतान योग्य डिमांड ड्राफ्ट द्वारा
परिसम्पत्ति का निरीक्षण	अगस्त 21, 2019 (1:00 बजे अप. से 3:00 बजे अप.)
ऑनलाइन आवेदन/ईएमडी/केवाईसी दस्तावेज आदि जमा करने की अंतिम तिथि	अगस्त 27, 2019 को 5:00 बजे अप. से पूर्व
बोली/ईएमडी व अन्य केवाईसी दस्तावेज जमा करने के लिये पता	श्री सुभाशीष गुप्ता (प्राधिकृत अधिकारी) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनबीसीसी प्लेस, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
ई-नीलामी की तिथि एवं समय	अगस्त 28, 2019 (11:00 बजे पूर्वा. से 12:00 बजे दोपहर) यदि बोली नीलामी बिक्री के पूर्णता तक अंतिम 5 मिनट में रखी जाती है तो प्रति 5 मिनट के स्वतः विस्तार के साथ
बोली गुणक	₹ 1,00,000/-

नियम एवं शर्तें:

1) ऑनलाइन नीलामी, नीलामी एजेन्सी की वेबसाइट अर्थात https://icicibank.auctiontiger.net पर होगी, यह ऑनलाइन नीलामी मै. ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लि. (Auctiontiger) के माध्यम से आयोजित होगी तथा वेबसाइट https://icicibank.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी।
2) निरीक्षण, नीलामी एवं शर्तों, निविदा जमा करने से संबंधित किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिये कृपया सम्पर्क करें: श्री सुभाशीष गुप्ता अथवा श्री राजेन्द्र शर्मा, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत प्रतिनिधि, +91-95609-07462/+91-98990-28400 अथवा subhashish.gupta@icicibank.com/rajendra.sharma@icicibank.com को लिखें।
3) नोटिसी को 31 अक्तूबर 2015 से रू. 97,09,70,473.45 (रुपये सत्तानवे करोड़ नौ लाख सत्तर हजार चार सौ तेहत्तर व पैंतालीस पैसे) उसपर आगे ब्याज और अन्य शुल्कों के साथ संविदात्मक दरों पर कुल बकाया चुकाने का अंतिम मौका दिया जाता है। उक्त बकाया मॉर्टगेजर / नोटिसी द्वारा अगस्त 27, 2019 या उससे पहले भुगतान करना आवश्यक है, जिसके विफल रहने पर सुरक्षित परिसम्पत्तियों को अनुसूची के अनुसार बेचा जायेगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिनों की सांविधिक बिक्री सूचना

एतद्द्वारा एक बार फिर से नोटिसी(ज) को सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी की तिथि से पूर्व सहायक खर्च सहित उस पर अद्यतन ब्याज, लिक्विडेटेड क्षतियों तथा अन्य चार्जेज के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करें अन्यथा प्रतिभूति परिसम्पत्ति की नीलामी / बिक्री कर दी जायेगी तथा शेष राशि यदि कोई हो ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जायेगी। यदि किसी भी कारण से नीलामी विफल होती है बैंक नियमावली के नियम 8 के उप-नियम 5 के दिये गये प्रावधान के अनुसार अथवा सरफेसी अधिनियम तथा नियमावली के वर्णित प्रावधानों के अनुसार नोटिसी को आगे कोई सूचना दिये बिना निजी संधि अथवा किसी अन्य माध्यमों से उक्त प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री करने के लिये स्वतंत्र होगा।

हस्ता/-
दिनांक: अगस्त 08, 2019 — स्थान : दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिये

खबर कोना

पीसीबी ने कहा, आर्थर का करार नहीं बढ़ाया जाएगा

लाहौर, 7 अगस्त (भाषा)।

विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को कहा कि मुख्य कोच मिकी आर्थर और उनके सहयोगी स्टाफ का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा। पीसीबी ने आर्थर, बल्लेबाजी कोच ग्रांट फ्लावर, गेंदबाजी कोच अजहर महमूद और ट्रेनर ग्रांट लुडेन के अनुबंध नहीं बढ़ाने का फैसला लेते हुए कहा कि बेहतर प्रक्रिया से नियुक्तियां की जाएगी। पीसीबी की क्रिकेट समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में ये फैसले लिए गए। पाकिस्तान विश्व कप में नॉकआउट चरण में भी नहीं पहुंच सका था। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि पीसीबी अब चारों पदों के लिए विज्ञापन देगा और उच्च स्तर पर आवेदन मंगवाएगा। सुझाव पीसीबी अध्यक्ष एहसान मनी को दे दिए गए हैं। मनी ने कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है और उसका मानना है कि अब नए सिरे से आगाज करना होगा। पीसीबी की ओर से मैं मिकी आर्थर, ग्रांट फ्लावर, ग्रांट लुडेन और अजहर महमूद को धन्यवाद देता हूं। हम उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना भी देते हैं।

रैंकिंग सुधारना है महिला टीम का लक्ष्य : डालिमा

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम की पूर्व कप्तान डालिमा छिब्बर का मानना है कि इस समय एशिया में रैंकिंग सुधारना और ज्यादा से ज्यादा प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलना अहम है। डालिमा को फुटबॉल के प्रदर्शन के बूते कनाडा में पढ़ाई की स्कालरशिप मिली है। इससे उन्हें पेशेवर फुटबॉल खेलने का मौका मिलेगा। वह इस हफ्ते के अंत में रवाना हो जाएंगी। भारतीय टीम में खेलने के बारे में उन्होंने कहा कि ब्रेक में मैं वापस आऊंगी। जब भी मौका मिलेगा राष्ट्रीय टीम के लिए खेलूंगी। इंडियन विमेन लीग में गोकुलम केरला के लिए खेलने वाली इस फुटबॉलर ने कहा कि मुझे पढ़ाई के साथ कनाडा में पूरी दुनिया के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिला है। इससे मैं वापस आकर टीम के लिए योगदान करना चाहूंगी। विदेशी क्लबों से पेशकश के बारे में पूछने पर डालिमा ने कहा कि मुझे पेशकश मिल रही है लेकिन अभी मैं खुलासा नहीं करना चाहती।

धवन की वापसी से चौथे नंबर पर उतर सकते हैं राहुल

भारत-विंडीज की भिड़ंत आज

प्रोविडेंस (गयाना), 7 अगस्त (भाषा)।

अभ्यास सत्र में भाग लेते भारतीय टीम के खिलाड़ी। (फाइल)

टी-20 शृंखला में वेस्ट इंडीज का सूपड़ा साफ करने के बाद भारत गुरुवार को मेजबान टीम के खिलाफ तीन मैचों की एक दिवसीय शृंखला के पहले मैच में उतरेगा। विश्व कप सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के बाद यह भारत का इस प्रारूप में पहला मैच होगा। विश्व कप के दौरान चोटिल हुए सलामी बल्लेबाज शिखर धवन इस मैच के साथ एक दिवसीय प्रारूप में वापसी करेंगे।

भारत की ओर से 130 मैचों में 17 शतक जड़ने वाले धवन एक बार फिर रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करते हुए दिखेंगे। ऐसे में लोकेश राहुल को चौथे नंबर पर उतरना पड़ सकता है। कप्तान विराट कोहली अपने पसंदीदा तीसरे नंबर पर उतरेंगे। केदार जाधव के पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने की उम्मीद है और यह इस पर निर्भर करेगा कि ऋषभ पंत को 'फ्लोटर' के रूप में किस क्रम पर उतारा जाता है। मध्यक्रम के एक अन्य स्थान के लिए दावेदारी मनीष पांडे और श्रेयस अय्यर के बीच होगी। पांडे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए और समय आ गया है कि टीम प्रबंधन अय्यर को मौके देने पर विचार करे। एक हफ्ते के अंदर दो देशों में तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम दिया जा सकता है। ऐसे में मोहम्मद शमी तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जबकि नवदीप सैनी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे।

विश्व कप सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के बाद हालांकि विराट कोहली की टीम एकजुट होकर वापसी करने में सफल रही और हाल में संपन्न टी-20 शृंखला में वेस्ट इंडीज को 3-0 से हराया। ब्रिटेन में हुए विश्व कप में रेकार्ड पांच शतक जड़ने वाले रोहित 50 ओवर के प्रारूप में अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने के इरादे से उतरेंगे।

ट्रॉयल के बिना मैरी कॉम और लवलीना के चयन से नाराज हैं निकहत

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम और लवलीना बोरगोहेन को हालिया प्रदर्शन के आधार पर आगामी महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। इस फैसले से पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन निकहत जरीन काफी खफा हैं। छत्तीस वर्ष की मैरी कॉम इस साल इंडिया ओपन और हाल में इंडोनेशिया में हुए टूर्नामेंट में दो स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उन्हें 51 किग्रा वर्ग में चुना गया है। विश्व और एशियाई कांस्य पदकधारी लवलीना 69 किग्रा वर्ग में भाग लेंगी।

निकहत (23 वर्ष) ने हाल में थाईलैंड टूर्नामेंट में रजत पदक जीता था और वह 51 किग्रा के ट्रायल में मैरी कॉम को चुनौती देने की उम्मीद लगाए हुए थीं। इस हैदराबादी मुक्केबाज ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि उन्हें मंगलवार को वनलाल दुआती के खिलाफ ट्रायल बाउट में 'भाग लेने से रोका' गया और ऐसा मुख्य चयनकर्ता राजेश भंडारी ने किया।

भंडारी ने हालांकि स्वीकार किया कि मैरी कॉम को चुनने का फैसला बीएफआइ के शीर्ष अधिकारियों के साथ सलाह मशविरा करने के कुछ दिन पहले लिया गया था। विश्व चैंपियनशिप रूस में तीन से 13 अक्तूबर तक खेली जाएगी। भंडारी ने कहा कि हमें मैरी कॉम के कोच (छोटेलाल यादव) का प्रस्तुतिकरण मिला और इस पर विचार करने के बाद हमें महसूस हुआ कि मैरी कॉम ने ट्रायल के बिना चुने जाने के लिए काफी कुछ किया है। बीएफआइ से इस मुद्दे पर सलाह ली गई थी।

उन्होंने कहा कि मैरी कॉम ने इंडिया ओपन के सेमी फाइनल में निकहत को हराया था और राष्ट्रीय शिविर में भी वह लगातार अन्य मुक्केबाजों से बेहतर रही हैं। निकहत भी एक शानदार मुक्केबाज हैं और आने वाले समय में उन्हें भी मौका मिलेगा। लेकिन इस समय यह फैसला पूरी तरह से प्रदर्शन और अनुभव के आधार पर लिया गया है। निकहत ने अपने पत्र में लिखा कि ये सब काफी निराशाजनक है और इससे वह हैरान हैं।

विश्व युवा चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता और एशियाई कांस्य पदकधारी निकहत ने लिखा, 'बहुत हैरानी और निराशा की बात है कि चयन समिति के चेयरमैन राजेश भंडारी ने मुकाबला शुरू होने से पहले ही मुझे सूचित किया कि बाउट आज नहीं होगी और यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ अंदरूनी बातचीत चल रही है कि मुझे भविष्य के लिए रखा जा रहा है और मुझे इतनी कम उम्र में नहीं उतारा जाएगा।'

उन्होंने कहा कि मैं इससे बहुत हैरान हूं, मैं 2016 में विश्व चैंपियनशिप में भाग ले चुकी हूं और अगर मैं तब ठीक थी तो 2019 में मैं निश्चित रूप से इतनी युवा नहीं हो सकती इसलिए यह कोई कारण नहीं हो सकता। निकहत ने बीएफआइ से ट्रायल कराने की मांग की जो अन्य वर्गों में गुरुवार तक कराए जाएंगे।

पुणेरी पलटन को हराकर गोवा सेमी फाइनल में

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

गोवा चैलेंजर्स ने बुधवार को यहां पुणेरी पलटन को 11-4 से हराकर अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग (यूटीटी) के तीसरे सत्र के सेमी फाइनल में जगह बनाई। गोवा चैलेंजर्स की चेंग आई चिंग ने पुणेरी पलटन की आहिया मुखर्जी को 3-0 (11-8, 11-1, 11-5) से हराकर अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद पुरुष एकल में पुणे के चुआंग चीह युगांग ने गोवा के अल्वारो राबल्स को 2-1 (11-9, 10-11, 11-5) पराजित करके अपनी टीम को दो अंक दिलाए। गोवा के एंथनी अमलराज और चेंग ने मिश्रित युगल में चुआंग और आहिया की जोड़ी को 2-1 (11-7, 9-11, 11-7) से हराया। अमलराज ने पुरुष एकल में भी अच्छा प्रदर्शन किया तथा हरमीत देसाई को 3-0 (11-7, 11-7, 11-10) से हराया जबकि महिला एकल में अर्चना कामथ ने सैबाइन विंटर को 2-1 (8-11), 11-6, 11-9) से शिकस्त दी।

मांट्रियल में पहले दौर में हारे किर्गियोस

मांट्रियल, 7 अगस्त (एएफपी)।

निक किर्गियोस एटीपी मांट्रियल मास्टर्स के पहले दौर में ब्रिटेन के काइल एडमंड से 3-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। दो दिन पहले वाशिंगटन में एटीपी 500 सीरीज खिताब जीतने वाले किर्गियोस उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सके।

सीनियर के समर्थन से आत्मविश्वास बढ़ा : पंत

प्रोविडेंस (गयाना), 7 अगस्त (भाषा)।

ऋषभ पंत कभी-कभी रन नहीं बना पाने के कारण 'निराश' हो जाते हैं लेकिन भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों के समर्थन से उनका आत्मविश्वास बढ़ जाता है। पहले दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में नाकाम रहे पंत ने मंगलवार को तीसरे मैच में कप्तान कोहली के साथ मिलकर टीम की सात विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत ने वेस्ट इंडीज का 3-0 से सूपड़ा साफ किया।

पंत ने 'बीसीसीआइ टीवी' के लिए उप कप्तान रोहित शर्मा से कहा कि मैंने अपनी पारी के बारे में अच्छी चीजें सुनी। मैं रन नहीं बना पा रहा था और हताश हो रहा था। लेकिन, मैं अपनी प्रक्रिया पर कायम रहा और इससे आज वांछित नतीजे मिले। धीमी पिच पर 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कप्तान कोहली की 45 गेंद में 59 और पंत की 42 गेंद में नाबाद 65 रन की पारी की बदौलत आसान जीत दर्ज की।

पंत ने कहा कि कई बार ऐसा समय आया जब रन नहीं बना पाने के कारण मैं हताश हो गया। इसके बाद मैंने सोचा कि प्रदर्शन करने के लिए मैं क्या अलग कर सकता हूं। ऐसा समय भी आया जब मैंने सही फैसले किए और तब भी प्रदर्शन नहीं कर पाया। क्रिकेट में ऐसा होता है और यह खेल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं हमेशा अपने बेसिक्स पर ध्यान लगाने की कोशिश करता हूं। अपने अंदर की आवाज सुनता हूं और प्रक्रिया का पालन करता हूं।

कोहली के साथ 106 रन की साझेदारी के बारे में पूछने पर पंत ने कहा कि जब मैं और विराट खेल रहे थे तो हम बड़ी साझेदारी के बारे में सोच रहे थे और फिर अंतिम सात-आठ ओवर में तेजी से रन बनाते। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि वह अपेक्षाओं के दबाव में नहीं आते।

सुब्रतो कप का डायमंड जुबली चरण 20 से

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

'सुब्रतो कप' के डायमंड जुबली चरण में इस साल 16 अंतरराष्ट्रीय टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 20 अगस्त से सब जूनियर लड़कों (अंडर-14) व जूनियर (अंडर-17) लड़कों और बालिका वर्ग में खेला जाएगा। अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग के विजेता स्कूल को चार-चार लाख जबकि उप विजेता को ढाई-ढाई लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

निविदा आमंत्रण सूचना

कमिश्नर, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियंता (विद्युत)/नजफगढ़, द.दि.न.नि. द्वारा द.दि.न.नि./उ.दि.न.नि./पू.दि.न.नि. के अंतर्गत पंजीकृत विद्युत संविदाकारों से **दिनांक** 07.08.2019 की **निविदा आमंत्रण सूचना सं. 02/टीसी/ईईई/एनजीजेड/एसडीएमसी/2019-20** द्वारा स्ट्रीट लाइट पोल कार्य हेतु ऑनलाइन मद दर एकल बोली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा राशि:** 2,90,77,107/-, **निविदा लागत:** 1500/-, **धरोहर राशि:** 5,99,000/-, **निविदा दस्तावेजों की बिक्री के लिए आरंभ तिथि:** 07.08.2019, **अंतिम तिथि:** 22.08.2019 है। उपरोक्त निविदाओं से संबंधित किसी प्रकार के शुद्धिपत्र को केवल ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इसके लिए अलग से कोई प्रेस प्रचार नहीं किया जाएगा। सभी विवरण वेबसाइट http://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER पर उपलब्ध हैं। संपर्क न. 011-28013254 है।

-हस्ता./-

R.O. No. 33/DPI/S/2019-20 अधिशासी अभियंता विद्युत/एनजीजेड

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है

(₹ लाखों में)

30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए समीक्षित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

विवरण	समाप्त तिमाही 30.06.2019 (समीक्षित)	समाप्त वर्ष 31.03.2019 (लेखा परीक्षित)	समाप्त तिमाही 30.06.2018 (समीक्षित)
परिचालनों से कुल आय	223791	938695	233604
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असामान्य तथा/या असाधारण मदों से पहले)	-6499	-85877	-61721
अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के बाद)	-6499	-85877	-61721
अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) (असामान्य तथा/या असाधारण मदों के बाद)	-3028	-54348	-39802
अवधि के लिए कुल व्यापक आय [(अवधि के लिए सम्मलित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	-3028	-54348	-39802
भुगतान किया इक्विटी शेयर पूंजी	60206	56491	56491
आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियां को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के तुलन पत्र में दर्शाई गई	420668	420668	477073
प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक 10/- रुपये के) (जारी तथा बंद किये गये परिचालनों के लिए) -			
1. मूलभूत :	-0.53	-9.62	-7.05
2. डाइल्यूटेड :	-0.53	-9.62	-7.05

टिप्पणी: स्टॉक एक्सचेंजों के पास सेबी के अधिनियम 33 (सूचीबद्ध तथा अन्य प्रकटन अनिवार्यताओं), अधिनियमों, 2015 के अंतर्गत दायर तिमाही/इयर टू डेट के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारुप का उक्त सार है। स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट www.nseindia.com, www.bseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.psbindia.com पर तिमाही/इयर टू डेट के वित्तीय परिणामों का विस्तृत प्रारुप उपलब्ध है।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 07.08.2019

गोविन्द एन. डोंग्रे, कार्यकारी निदेशक | फरीद अहमद, कार्यकारी निदेशक | एस. हरिशंकर, एमडी एवं सीईओ | चरन सिंह, गैर कार्यकारी अध्यक्ष

फोन या ईमेल के माध्यम से अपने इंटरनेट बैंकिंग ब्यौरे, जैसे यूजर आईडी/पासवर्ड या अपने क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के नंबर/सीवीवी/ओटीपी किसी को ना बताएं।

टॉल फ्री नं: 1800 419 8300

गांगुली ने कहा, भारतीय क्रिकेट को भगवान बचाए

नई दिल्ली, 7 अगस्त (भाषा)।

बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी द्वारा हितों के टकराव के आरोपों में राहुल द्रविड़ को नोटिस भेजे जाने पर नाराजगी जताते हुए पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को भगवान ही बचाए। गांगुली की बात का ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भी समर्थन किया है। बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी जस्टिस (सेवानिवृत) डीके जैन ने मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के सदस्य संजय गुप्ता द्वारा लगाए गए आरोपों पर द्रविड़ को नोटिस दिया।

> "भारतीय क्रिकेट में नया फैशन। हितों का टकराव। खबरों में बने रहने का सर्वश्रेष्ठ तरीका। भगवान भारतीय क्रिकेट को बचाए। द्रविड़ को बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी से हितों के टकराव का नोटिस मिला। – सौरव गांगुली

> "समझ नहीं आता कि यह सब किस दिशा में जा रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है। इन खिलाड़ियों को नोटिस भेजना उनका अपमान करना है। क्रिकेट की भलाई के लिए उनकी सेवाओं की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट को वाकई भगवान बचाए। -हरभजन सिंह

गांगुली ने ट्वीट किया,'भारतीय क्रिकेट में नया फैशन। हितों का टकराव। खबरों में बने रहने का सर्वश्रेष्ठ तरीका। भगवान भारतीय क्रिकेट को बचाए। द्रविड़ को बीसीसीआइ के आचरण अधिकारी से हितों के टकराव का नोटिस मिला।' हरभजन ने कहा कि सच में। समझ नहीं आता कि यह सब किस दिशा में जा रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए उनसे बेहतर कौन हो सकता है। इन महान खिलाड़ियों को नोटिस भेजना उनका अपमान करना है। क्रिकेट की भलाई के लिए उनकी सेवाओं की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट को वाकई भगवान बचाए।'

द्रविड़ को नोटिस का जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। गुप्ता ने कहा कि द्रविड़ राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक और इंडिया सीमेंट्स समूह के उपाध्यक्ष भी हैं जो आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की मालिक कंपनी है। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण, गांगुली और सचिन तेंदुलकर को भी हितों के टकराव के नोटिस जा चुके हैं।

हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 34, कम्युनिटी सेंटर, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057
CIN: L35911DL1984PLC017354, फोन: 011-46044100, फैक्स: 011-26143321
ईमेल: secretarialho@heromotocorp.com, वेबसाइट: www.heromotocorp.com

डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सार्वजनिक सूचना

आम जनता के सदस्यों और हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड ('कंपनी') के मौजूदा शेयर धारकों को सूचित किया जाता है कि मूल शेयर प्रमाण पत्र (जिसका विवरण नीचे दिया गया है) चोरी हो गए हैं / नहीं मिले हैं / गुम हो गए हैं, ऐसी सूचना अनुसारी चिंतित शेयरधारकों दावेदारों से प्राप्त हुई हैं। कंपनी उनके पक्ष में मूल शेयर प्रमाण पत्र के एवज में डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का इरादा रखती है:

क्र. सं.	फोलियो नं.	शेयरधारकों का नाम	डिस्टिन्क्टिव नं. से	डिस्टिन्क्टिव नं. तक	प्रमाणपत्र संख्या	शेयरों की संख्या
		शेयरों के अंकित मूल्य रु 10/- प्रत्येक				
1	HML0141749	पी एल क्लारा	1610966	1611015	32229	50
			19540335	19540344	296978	10
			19540345	19540346	296979	02
			33706025	33706074	378608	50
			33706075	33706086	378609	12
2	HML0017420	राशीद यूसुफ शेख	16041029	16041038	204066	10
			16041039	16041040	204067	02
			2022092	20222103	321995	12
3	HML0087019	भगवानदास निरूसवाल	4370966	4371015	87429	50
			16268019	16268028	244528	10
			16268029	16268030	244529	2
			21091297	21091346	347111	50
			21091347	21091358	347112	12
4	HML0137358	रीता एच शाह, पारूल एच शाह	11934314	11934363	113900	50
			11934364	11934413	113901	50
			19943238	19943257	308069	20
			19943258	19943262	308070	5
			35206522	35206571	413300	50
			35206572	35206621	413301	50
			35206622	35206646	413302	25
		शेयरों के अंकित मूल्य रु 2/- प्रत्येक				
5	HML0141749	पी एल क्लारा	161127036	161127655	519645	620
6	HML0037824	मीनाक्षी कपाडिया, चंद्रबाला कपाडिया	45058466	45059085	508833	620
7	HML0036457	रसीक चंदूलाल कोठारी	44967031	44967900	508637	870
8	HML0094699	रीता सरकार, कनाईलाल दे सरकार	158404466	158404715	515056	250
9	HML0017420	राशीद यूसुफ शेख	43940356	43940475	506556	120
10	HML0089449	आर शिवा कुमार, के रामास्वामी	47761491	47763990	514232	2500
11	HML0087019	भगवानदास निरूसवाल	47527306	47527555	513872	250
			165996846	165997215	525692	370
12	HML0137358	रीता एच शाह, पारूल एच शाह	165622426	165623675	524720	1250
13	HML0072778	निरंजन के ठक्कर, ज्योति एन ठक्कर	46799561	46800440	512376	880

किसी भी व्यक्ति को अगर कंपनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने से आपत्ति है तो इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर लिखित में कंपनी 'सचिवीय डिपार्टमेंट' को प्रस्तुत करते हुए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर भेजें। इस बीच, जनता के सदस्यों को ऊपर उल्लेख शेयर प्रमाण पत्रों में निवेश करने के खिलाफ आगाह किया जाता है।

कृते हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड
हस्ता./-
नीरजा शर्मा
कंपनी सचिव एवं मुख्य अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 07.08.2019

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 263, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।